भा० दि० जैन संघ ग्रन्थमालाः ग्रथमपुष्पस्य चतुर्दशोदलः

श्रीयतिवृषभाचार्यरचितचूर्णिसूत्रसमन्वितम्
श्रीभगवद्गुणभद्राचार्यप्रणीतम्

क सा य पा हु डं

तयोश्च
श्रीवीरसेनार्यविरचिता जयधवला टीका

[चतुर्दशमाधिकारे चारित्रमोहोपशमनानुयोगद्वारं पञ्चमदशमाधिरे
चारित्रमोहक्षपणानुयोगद्वारम्]

सम्पादकौ

पं० फूलचन्द्र
सिद्धान्तशास्त्री, सिद्धान्ताचार्य
सम्पादक महाबन्ध, सह सम्पादक
धवला आदि

पं० कैलाशचन्द्र
सिद्धान्तरत्न, सिद्धान्ताचार्य
सिद्धान्तशास्त्री न्यायतीर्थ
अधिष्ठाता स्याद्वाद महाविद्यालय
काशी

प्रकाशक
मन्त्री, साहित्य विभाग
भा० दि० जैन संघ, चौरासी, मथुरा
वीरनिर्वाणाब्द २५०८

वि० सं० २०३९] मूल्य रूप्यकपञ्चविंशतिकम् [ई० सं० १९८३

प्रकाशकीय

बड़े खेदके साथ यह लिखना पड़ रहा है कि दस वर्षोंके पश्चात् श्री कषायप्राभृत ग्रन्थका जयधवला टीकाके साथ यह चौदहवाँ भाग प्रकाशित हो रहा है। इस विलम्बके अनेक कारण हैं। फिर भी हमें इसे प्रकाशित करते हुए हर्ष हो रहा है। पन्द्रहवाँ भाग प्रेस में छप रहा है। पहले ऐसी आशा थी कि पन्द्रह भागों में यह महान् ग्रन्थ पूर्ण हो जायेगा। किन्तु अब ऐसा लगता है कि १६ वाँ भाग भी छापना होगा। विशेष प्रसन्नताकी बात यही है कि इसके प्रधान सम्पादक और अनुवादक पं० फूलचन्दजी सिद्धान्तशास्त्री विशेष रुग्ण रहते हुए भी कार्यक्षम बने हुए हैं। और उनके ही द्वारा यह महान् कार्य सम्पूर्ण होनेकी पूर्ण आशा है। देशमें दिनपर दिन मँहगाईके बढ़ते जानेसे कागज, छपाई, जिल्द बँधाई का व्ययभार बराबर बढ़ता जाता है। और यह महान् ग्रन्थ सर्वसाधारणके लिए सुगम न होनेसे इसका विक्रय कम होता है। यदि जिन मन्दिरोंका द्रव्य जिनवाणीकी अभ्युन्नति में व्यय करने लगें तो जिनवाणीके उद्धारमें अभ्युन्नति हो सकती है। किन्तु खेद है कि जिनमन्दिरों और जिनमूर्तियोंके निर्माण तथा प्रतिष्ठाओंमें जितना धन व्यय किया जाता है उसका शतांश भी जिनवाणीके समुद्धारमें नहीं किया जाता है। यदि ऐसे सिद्धान्त ग्रन्थ खरीदकर मन्दिरोंमें पधराये जायें तो द्रव्य का सदुपयोग होनेके साथ साथ जिनवाणीके प्रचारमें भी सफलता मिल सकती है। हम जिनमन्दिरोंके प्रबन्धकोंसे अनुरोध करेंगे कि वे अपने अपने मन्दिरोंमें सिद्धान्त ग्रन्थोंको विराजमान करके जिनवाणीके प्रति भी अपनी शुभभक्तिका परिचय दें।

जयधवला कार्यालय
भदैनी, वाराणसी
वी० नि० सं० २५०८

कैलाशचन्द्र शास्त्री
मंत्री, साहित्य विभाग
भा० दि० जैन संघ

प्रस्तावना

कषायप्राभृत जयधवलाका यह चौदहवाँ भाग है। चारित्रमोह उपशमनाका प्रकरण है। उपशम श्रेणिपर आरोहणका कथन भाग १३में कर आये हैं। प्रकृतमें उपशम श्रेणिसे अवरोहणका विवेचन क्रम प्राप्त है। उसमें भी सर्वप्रथम उपशमश्रेणिकी अपेक्षा कषायप्राभृतमें जो आठ सूत्रगाथाएँ निबद्ध हैं उनको लक्ष्यमें रखकर 'एत्तो सुत्तविहासा' यह चूर्णिसूत्र निबद्ध किया गया है। उन सूत्रगाथाओंको तो चारित्रमोहनीय उपशामना अनुयोग द्वारके प्रारम्भमें ही निबद्ध कर आये हैं। अतः हम यहाँ उनके पदोंका निर्देश न करके उनमें जिस विषयका प्रतिपादन किया गया है उसीका स्पष्टीकरण प्रकृतमें प्रस्तुत करेंगे।

उपशामनाकरण और उसके भेद

कर्मोंके उदयादिपरिणामोंके बिना उपशान्तभावसे अवस्थित रहना इसका नाम उपशामना है। इसके दो भेद हैं—करणोपशामना और अकरणोपशामना।

करणोपशामना

प्रशस्त और अप्रशस्त परिणामोंसे कर्मप्रदेशोंका उपशान्त रहना करणोपशामना है। अथवा करणोंकी उपशामनाको करणोपशामना कहते हैं। उपशामनाकरण, निधत्तीकरण और निकाचना करण आदि आठ करणोंकी प्रशस्त उपशामनाद्वारा उपशामना होना करणोपशामना है। अथवा अपकर्षण आदि करणोंकी अप्रशस्त उपशामनाद्वारा उपशामना होना करणोपशामना है यह उक्त कथन का तात्पर्य है।

अकरणोपशामना और उसके भेद

यहाँ करणोपशामनाका जो लक्षण निर्दिष्ट किया है। इससे अतिरिक्त लक्षणवाली अकरणोपशामना होती है। प्रशस्त और अप्रशस्तकरण परिणामोंके बिना जिनका उदयकाल अभी प्राप्त नहीं हुआ है ऐसे कर्मपरमाणुओंका उदय परिणामके बिना अवस्थित रहना अकरणोपशामना है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। मलयगिरिने श्वे० कर्मप्रकृतिमें इसके लक्षणका निर्देश करते हुए लिखा है कि संसारी जीवोंके जैसे पत्थर और नदीके पत्थर चतुष्कोण और त्रिकोण परिणाम कर अवस्थित रहते हैं वैसे ही अधःप्रवृत्तकरण आदि करण परिणामोंके बिना वेदनाके अनुभवन आदि कारणों से कर्मप्रदेशोंका उपशान्त होना अकरणोपशामना है।

प्रकृतमें वीरसेन स्वामीने अकरणोपशामनाका जो लक्षण प्रतिपादित किया है उसमें बाह्य किसी कारणका निर्देश नहीं किया गया है। जब कि श्वे० कर्मप्रकृतिमें मलयगिरि अकरणोपशामनामें वेदनादिके अनुभवको कारणरूपसे प्रस्तुत करते हैं। मलयगिरिके अनुसार यह एक करणकृत और दूसरी अकरणकृत दोनों प्रकारकी देशोपशामनामें ही देखनी चाहिये, सर्वोपशामनामें नहीं, क्योंकि करणोंसे ही उसकी उत्पत्ति होती है। किन्तु यह कथन कषायप्राभृतकी चूर्णि और उसकी टीका दोनोंके विरुद्ध है।

अकरणोपशामनाके दो भेद हैं—अकरणोपशामना और अनुदीर्णोपशामना। द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावका आलम्बन लेकर कर्मोंका जो विपाक परिणाम होता है उसे उदय कहते हैं

तथा उस उदयसे परिणत कर्मको उदीर्ण कहते हैं। उसके बिना जिसने विपाक परिणाम प्राप्त नहीं किया है उसे अनुदीर्ण कहते हैं। इन अनुदीर्ण कर्मोंकी उपशामनाका नाम अनुदीर्णोपशामना है। यह करण परिणामोंके बिना होती है, इसलिए इसका दूसरा नाम अकरणोपशामना भी है। इसका विवेचन कर्मप्रवाद नामक आठवें पूर्वमें द्रष्टव्य है।

श्वे० कर्मप्रकृति मूलमें तो इस सम्बन्धमें इतना ही कहा गया है कि इसके जानकार अनुयोगधरोंको हम प्रणाम करते हैं। किन्तु इसकी चूर्णिमें यह अवश्य ही स्वीकार किया गया है कि अकरणोपशामनाका विवेचन करनेवाला आगम विच्छिन्न हो जानेसे ही ग्रन्थकारने इसके जानकार अनुयोगधरोंको प्रणाम किया है।

करणोपशामना और उसके भेद

करणोपशामनाके दो भेद हैं—देशकरणोपशामना और सर्वकरणोपशामना। अप्रशस्त उपशामना आदि करणोंके द्वारा एकदेश कर्मप्रदेशोंका उदयादिपरिणामके बिना उपशान्तरूपसे रहना देशकरणोपशामना है। इसमें किन्हीं करणोंका परिमित कर्मप्रदेशोंमें ही उपशान्तपना होता है, इसीलिये इसे देशकरणोपशामना कहते हैं।

किन्तु इस विषयमें अन्य व्याख्यानाचार्योंका यह अभिप्राय है कि यहाँ इस प्रकारकी देशकरणोपशामना विवक्षित नहीं है, क्योंकि इसका अकरणोपशामनामें समावेश हो जाता है। इसलिये यहाँ देशकरणोपशामनाका दूसरा अभिप्राय है। यथा—दर्शनमोहनीयकी उपशामना होने पर कितने ही करण उपशान्त रहते हैं और कितने ही करण अनुपशान्त रहते हैं, यह देशकरणोपशामना है। तात्पर्य यह है कि दर्शनमोहनीयकी उपशामना होने पर अपकर्षणकरण और परप्रकृतिसंक्रमकरण अनुपशान्त रहते हैं तथा शेष करण उपशान्त हो जाते हैं यह देशकरणोपशामना है। अथवा उपशमश्रेणिपर चढ़े हुए जीवके अनिवृत्ति करणके प्रथम समयमें अप्रशस्त उपशामनाकरण, निधत्तीकरण और निकाचनाकरण ये तीन करण अपने-अपने स्वरूपसे विनष्ट हो जाते हैं। अर्थात् संसार अवस्थामें उदय, संक्रम, उत्कर्षण और अपकर्षणरूपसे जो उपशान्त थे उनका इस समय पुनः उत्कर्षण आदि क्रियाका होना इसका नाम देशकरणोपशामना है। अथवा नपुंसकवेदके प्रदेशोंका उपशमन करते हुए जब तक सर्वोपशम नहीं होता तब तक उसका नाम देशकरणोपशामना है। इसी प्रकार आगे भी स्त्रीवेद आदिके विषयमें समझना चाहिये। किन्तु कषा० चूर्णिके अनुसार वीरसेन स्वामीने इसे स्वीकार नहीं किया है।

तथा सब करणोंकी उपशामनाको सर्वोपशामना कहते हैं। तात्पर्य यह है कि अप्रशस्त उपशामना आदि आठ करणोंका अपनी-अपनी क्रिया को छोड़कर उनका प्रशस्त उपशामना द्वारा उपशान्त होना सर्वकरणोपशामना है।

श्वे० कर्मप्रकृतिमें करणोपशामनाके सर्वकरणोपशामना और देशकरणोपशामना ये दो भेद किये गये हैं। उनमेंसे सर्वकरणोपशामनाके स्वरूप और उसकी प्रवृत्तिको स्पष्ट करनेके लिये इसमें विशेष कथन प्रस्तुत किया गया है। देशोपशामनाका कथन करते हुए उसकी चूर्णिमें इतना ही कहा गया है कि वह आठों कर्मोंकी होती है। मलयगिरिने इस सम्बन्धमें जो कुछ लिखा है उसका आधार श्वे० पँचसंग्रह है। उसमें यह उल्लेख आया है—

देशोपशामनाकरणकृता करणरहिता च। सर्वोपशामना तु करणकृतैवेति।

आशय यह है कि देशोपशामना दो प्रकारकी होती है—करणकृत और करणरहित। सर्वोपशामना मात्र करणकृत ही होती है। जब कि जयधवलामें देशोपशामनाको अप्रशस्त उपशा-

मनाकरण आदि करणोंसे मात्र एकदेश कर्मप्रदेशोंके उपशम होनेको देशकरणोपशामना कहा गया है। आश्चर्य इस बातका है कि पचसंग्रह और कर्मप्रकृतिकी मलयगिरि टीकामें इसका नाम देशकरणोपशामना होते हुए भी इसमें अकरणोपशामनाको कैसे परिगणित कर लिया गया है जो जयधवलामें प्रतिपादित देशकरणोपशामनाके लक्षणके विरुद्ध हैं।

देशकरणोपशामनाके भेद

कषायप्राभृत चूर्णिमें देशकरणोपशामनाके ये दो नाम आये है—देशकरणोपशामना और अप्रशस्त उपशामना। इसका स्पष्टीकरण करते हुए जयधवलामें लिखा है कि यह संसारी जीवोंके अप्रशस्त परिणामोंके निमित्तसे होती है, इसलिए इसका पर्यायवाची नाम अप्रशस्त उपशामना भी है और यह असिद्ध भी नहीं है, क्योंकि अति तीव्र संक्लेश परिणामोंके कारण अप्रशस्त उपशामनाकरण, निधत्तीकरण और निकाचनाकरणकी प्रवृत्ति होती है। क्षपकश्रेणि और उपशमश्रेणीमें विशुद्धतर परिणामोंके कारण इसका विनाश भी देखा जाता है, इसलिए भी यह अप्रशस्त है यह सिद्ध हो जाता है। इसका विशेष विवेचन कषायप्राभृतचूर्णिके अनुसार दूसरे अग्रायणीय नामक पूर्वकी पाँचवीं वस्तु अधिकारके चौथे महाकर्म प्रकृति नामक अनुयोगद्वारमें देखना चाहिए।

यह कषायप्राभृतचूर्णि और उसकी जयधवला टीकामें कहा गया है। किन्तु श्वे० कर्मप्रकृति और उसकी चूर्णिमें इसके देशोपशामनाके अतिरिक्त अगुणोपशामना और अप्रशस्तोपशामना ये दो नाम और दृष्टिगोचर होते हैं। जब कि इनमेंसे अगुणोपशामना यह नाम कषायप्राभृत चूर्णिमें आगे-पीछे कहीं भी उपलब्ध नहीं होता। यहाँ देशोपशामनाका अप्रशस्तोपशामनाके समान अगुणोपशामना यह नाम होना चाहिए या नहीं, विचारका यह मुख्य मुद्दा नहीं है। यहाँ विचार तो इस बातका करना है कि यदि कषायप्राभृत चूर्णि लिखते समय यतिवृषभ आचार्यके सामने श्वे० कर्मप्रकृति उपस्थित थी तो वे देशोपशामनाके पर्यायवाची नामोंका उल्लेख करते समय अगुणोपशामनाका उल्लेख करना क्यों भूल गये? इससे स्पष्ट है कि देशोपशामनाका विवेचन देखनेके लिए जो आचार्य यतिवृषभने अपनी चूर्णिमें 'एसा कम्मपयडीसु' पदका उल्लेख किया है उससे उनका आशय दूसरे पूर्वकी पाचवी वस्तुके चौथे प्राभृतसे ही रहा है, श्वे० कर्मप्रकृतिसे नहीं।

कसायपाहुड सुत्तकी प्रस्तावनामें एक मुद्दा यह भी उपस्थित किया गया है कि श्वे० कर्मप्रकृतिमें गाथा ६६ से ७१वीं गाथा तककी इन छह गाथाओं द्वारा देशोपशामनाका विस्तृत विवेचन किया गया है, इसलिए उसमें यह स्वीकार किया गया है कि आ० यतिवृषभके सामने श्वे० कर्मप्रकृति रही है। उन्होंने देशोपशामनाके स्वरूप आदिको समझनेके लिए 'एसा कम्मपयडीसु' लिखकर जिस कर्मप्रकृतिकी ओर संकेत किया है वह श्वे० कर्मप्रकृति ही है।

किन्तु श्वे० कर्मप्रकृतिकी जिन ६ गाथाओंमें सब कर्मोंके उत्तर भेदोंकी प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशभेदसे जिस देशोपशामनाका निर्देश किया गया है उसका आशय इतना ही है कि देशोपशामना अपूर्वकरणके अन्तिम समय तक ही होती है, अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयमें देशोपशामनाकी व्युच्छित्ति ही रहती है सो यह अभिप्राय तो कषायप्राभृत और उसकी चूर्णिमें प्रतिपादित दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीयकी उपशमना और क्षपणाके कथनसे ही फलित हो जाता है। यतिवृषभ आचार्यने अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयमें अप्रशस्त उपशामनाकरण, निधत्तीकरण और निकाचनाकरणका स्वयं निषेध किया ही है। अतः मात्र इतने अभिप्रायको

स्पष्ट करनेके लिए आचार्य यतिवृषभने देशोपशामनाके स्वरूपपर प्रकाश डालनेके लिए 'एसा कम्मपयडीसु' लिख कर श्वे० कर्मप्रकृतिकी ओर इशारा किया होगा इसे कोई भी परीक्षक स्वीकार नहीं करेगा।

कसायपाहुडसुत्तकी प्रस्तावनामें एक बात यह भी स्वीकार की गई है कि श्वेताम्बर आम्नायमें प्रसिद्ध शतक, सप्ततिका और कर्मप्रकृतिचूर्णिके कर्ता भी आचार्य यतिवृषभ ही हैं सो ऐसा प्रतिपादन करना भी युक्तियुक्त प्रतीत नहीं होता। यद्यपि इस समय शतक और सप्ततिका[1]की चूर्णियाँ तो हमारे सामने नहीं हैं, कर्मप्रकृतिकी चूर्णि अवश्य ही हमारे सामने है। अतः उसके आधारसे ही यहाँ इस बातका विचार किया जाता है कि श्वे० कर्मप्रकृतिचूर्णिके लेखक स्वयं यतिवृषभ आचार्य हैं या नहीं। यथा—

(१) दिगम्बर परम्परामें संक्रमको बन्धका एक प्रकार मानकर उद्वेलना प्रकृतियाँ १३ स्वीकार की गई हैं—आहारकद्विक, सम्यक्त्व, मिश्र, देवगतिद्विक, नरकगतिद्विक, वैक्रियिकद्विक, उच्चगोत्र और मनुष्यगतिद्विक। गो० क० गाथा ४१५।

किन्तु श्वे० कर्मप्रकृति चूर्णिमें २७ उद्वेलना प्रकृतियाँ स्वीकार की गई हैं। यथा—अनन्तानुबन्धीचतुष्क, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, देवद्विक, नरकद्विक, वैक्रियिक सप्तक, आहारक सप्तक मनुष्यद्विक और उच्चगोत्र। कर्मप्र० चू० प्रदेशसंक्रम पत्र ९५ आदि।

(२) अपूर्वकरणमें स्थितिकाण्डकघात आदि कार्य प्रारम्भ हो जाते हैं। इसी तथ्यको ध्यानमें रखकर कषायप्राभृत चूर्णिमें स्थितिकाण्डकघातकी प्रक्रियापर प्रकाश डालते हुए दर्शनमोहनीयका जो स्थितिकाण्डकघात होता है उसमें उद्वेलना संक्रम नहीं स्वीकार करके मात्र यह उल्लेख दृष्टिगोचर होता है—

> पढमट्ठिदिखंडयं बहुअं, बिदियट्ठिदिखंडयं विसेसहीणं, तदियं ट्ठिदिखंडयं विसेसहीणं। एदेण कमेण ट्ठिदिखंडयसहस्सेहि बहुएहि गदेहि अपुव्वकरणद्धाए चरिमसमयं पत्तो। भा० १३, पृ० ३६-३७।

किन्तु इसके स्थानमें इसी स्थिति काण्डकघात को श्वे० कर्मप्रकृतिचूर्णिमें उद्वेलना संक्रमपूर्वक स्वीकार किया गया है। यथा—

> अन्नं च उव्वलणालक्खणेण पढमट्ठिदिखंडयं सव्वमहन्तं। बितियं विसेसहीणं, ततिय विसेसहीणं जाव अपुव्वकरणस्स अंतिमट्ठितिखंडगं विसेसहीणं। उपशमनाकरण अधिकार पृ० २५।

यह दोनों चूर्णियोंका एक-एक उल्लेख है। इनमें से जहाँ कर्मप्रकृति चूर्णि में दर्शनमोहनीयके स्थितिकाण्डक घातको उद्वेलनासंक्रम पूर्वक स्वीकार किया है वहाँ कषायप्राभृतचूर्णि इस तथ्यको स्वीकार नहीं करती। इस प्रकार दोनों चूर्णियोंका यह अन्तर उपेक्षा करने योग्य नहीं है। प्रथम कारण तो यह है कि एक तो दोनों परम्पराओंके अनुसार मिथ्यात्व कर्म उद्वेलनाप्रकृति नहीं है। दूसरे इस तथ्यको कर्मप्रकृति स्वीकार करती है कि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व ये दो कर्म उद्वेलना प्रकृतियाँ होकर भी २८ प्रकृतियोंकी सत्तावाला ही मिथ्यात्वदशामें इन दोनों प्रकृतियोंकी उद्वेलना करता है। श्वे० कर्मप्रकृतिने इसे स्वीकार करते हुए लिखा है—

---

१. कसायपाहुडसुत्त प्रस्तावना पृ० ३६।

एवं मिच्छदिट्ठिस्स वयगं मिस्सगं तओ पच्छा ॥६६॥ संक्रमक०

इसी तथ्यकी उसकी चूर्णिसे भी पुष्टि होती है। यथा—

मिच्छादिट्ठि अट्ठावीससंतकम्मितो पुव्वं सम्मत्तं एतेण विहिणा उव्वलेति। ततो सम्मामिच्छत्तं ते चेव विहिणा।

इसी तथ्यको दिगम्बर परम्परा भी स्वीकारती है। यथा—

मिच्छे सम्मिस्साणं अधापवत्तो मुहुत्तअंतो त्ति।
उव्वेलणं तु तत्तो दुचरिमकंडो त्ति णियमेण ॥४१२॥ गो० क०

(२) यह दोनों चूर्णियोंका एक-एक उदाहरण है जो इस तथ्य की पुष्टि करने के लिये पर्याप्त हैं कि इन दोनों चूर्णियोंका कर्ता एक व्यक्ति नहीं हो सकता। आगे भी हम इन दोनों चूर्णियोंमें मतभेदके कतिपय उदाहरण उपस्थित कर रहे हैं जिनसे इस तथ्यकी पुष्टिमें और भी सहायता मिलेगी। श्वे० कर्मप्रकृति चूर्णिके इस उल्लेखपर दृष्टिपात कीजिये—

इदाणीं सम्मदिट्ठिस्स उव्वलमाणितो भण्णंति—'अहाणियट्टिमि छत्तीसाए' अहसद्दो अण्णाहियारे। किमण्णं? भण्णइ—कालओ अंतोमुहुत्तेण उव्वलति त्ति। तं दरसेति—अणियट्टिखवगो छत्तीसं कम्मपगतीतो एएणेव विहिणा उव्वलेति। कर्मचूर्णि।

आशय यह है कि अनिवृत्तिकरण नौवें गुणस्थानमें जिन ३६ प्रकृतियोंकी क्षपणा होती है वह उद्वेलना संक्रमपूर्वक ही होती है। इसी प्रकार इस चूर्णिमें अनन्तानुबन्धी चतुष्ककी विसंयोजना तथा मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी क्षपणा भी उद्वेलनापूर्वक स्वीकार की गई है। जब कि कषाय प्राभृतचूर्णिमें इस बातका अणुमात्र भी उल्लेख दृष्टिगोचर नहीं होता।

(३) कषायप्राभृत चूर्णिके अनुसार जो जीव कषायोंकी उपशमना करता है वह अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें लोभसंज्वलनके मात्र पूर्वस्पर्धकोंसे ही सूक्ष्म कृष्टियोंकी रचना करता है। उल्लेख इस प्रकार है—

से काले विदियतिभागस्स पढमसमए लोभसंजलणाणुभागसंतकम्मस्स जं जहण्णफद्दयं तस्स हेट्ठदो अणुभागकिट्टीओ करेदि।

किन्तु श्वे० कर्मप्रकृतिचूर्णिमें पूर्वस्पर्धकोंसे अपूर्व स्पर्धकोंकी रचनाका विधान कर पुनः उनसे कृष्टियोंके करनेका विधान किया गया है। यथा—

अस्सकंनकरणद्धाते वट्टमाणो लोभसंजलणस्स पुव्वफद्दयेहिंतो समते समते अपुव्वाणि फड्डगाणि करेति।.....जाव एयं ठाणं न पावति ताव पुव्वफड्डगं अपुव्वफड्डगस्स रूवेणेव अणुभागसंतकम्मं आसि, तीए पढमसमते किट्टीओ पकरेइ।

(४) दोनों परम्पराओंके कर्मविषयक शास्त्रोंमें कुछ ऐसे भी शब्द प्रयोग पाये जाते हैं जो अपनी-अपनी परम्परामें ही प्रचलित हैं। जैसे (१) श्वे० कर्मप्रकृति और उसकी चूर्णिमें प्रदेश पुंजके स्थानमें 'दलिय' दलक शब्दका प्रयोग हुआ है[1]। किन्तु कषायप्राभृत मूल और उसकी चूर्णिमें इस शब्दके स्थानमें मात्र 'अग्ग' अग्रशब्दका प्रयोग दृष्टिगोचर होता है[2]। दलिय शब्दका प्रयोग भूलसे दोनोंमें कहीं भी दृष्टिगोचर नहीं होता। (२) श्वे० कर्मप्रकृति और उसकी चूर्णिमें नपुंसकवेदके अर्थमें नपुंसकवेद शब्दका प्रयोग तो हुआ ही है। साथमें इस अर्थमें 'वरिसवर' शब्दका भी प्रयोग किया गया है। जब कि कषायप्राभृत मूल और उसकी चूर्णिमें इस अर्थमें

१. गा० २२ और उसकी चूर्णि। २. गा० ६२ और उसकी चूर्णि।

एकमात्र नपुंसकवेद शब्दका ही प्रयोग हुआ है[1]। (३) श्वे० कर्मप्रकृतिमें अविरत सम्यग्दृष्टिके लिये 'अजऊ' शब्दका प्रयोग हुआ है। इसकी चूर्णिमें इसके स्थानमें 'अजत' शब्द दृष्टिगोचर होता है[2]। जब कि कषायप्राभृत और उसकी चूर्णिमें अविरत सम्यग्दृष्टिके अर्थमें इस शब्दका प्रयोग नहीं ही हुआ है। शब्द प्रयोगभेदके ये कतिपय उदाहरण हैं, जिनको लक्ष्यमें लेनेसे भी यही निश्चित होता है कि इन दोनों चूर्णियोंके कर्ता आचार्य यतिवृषभ नहीं हो सकते यह स्पष्ट ही है। और न ही आ० यतिवृषभने अपनी चूर्णि लिखते समय श्वे० कर्मप्रकृति और उसकी चूर्णिका पदानुसरण ही किया है। कषायप्राभृत और उसकी चूर्णिमें क्षीनाक्षीन अधिकार और स्थितिक या स्थित्यन्तिक आदि ऐसे अनेक अनुयोगद्वार हैं जो श्वे० कर्मप्रकृति और उसकी चूर्णिमें नाममात्रको भी उपलब्ध नहीं होते। अतः यह स्पष्ट है कि उन विषयोंपर चूर्णिसूत्र लिखते समय जिन गुरुओं और मूलपूर्व आगमको आधार बनाकर उन्होंने उन विषयोंपर चूर्णिसूत्र लिखे हैं उन्हीं गुरुओं और पूर्व आगमको आधार बनाकर ही उन्होंने शेष चूर्णिसूत्रोंकी भी रचना की है, अतः कसायपाहुडसुत्तकी उक्त प्रस्तावनामें यह स्वीकार करना भी हास्यास्पद प्रतीत होता है कि—

'यतिवृषभके सम्मुख षट्खण्डागमके अतिरिक्त जो दूसरा आगम उपस्थित था वह है कर्म साहित्यका महान् ग्रन्थ कम्मपयडी। इसके संग्रहकर्ता या रचयिता शिवशर्म नामके आचार्य हैं और उस ग्रन्थ पर श्वेताम्बराचार्योंकी टीकाके उपलब्ध होनेसे अभी तक यह श्वेताम्बर सम्प्रदायका ग्रन्थ समझा जाता रहा है। किन्तु हालमें ही उसकी चूर्णिके प्रकाशमें आनेसे तथा प्रस्तुत कसाय-पाहुडकी चूर्णिका उसके साथ तुलनात्मक अध्ययन करनेसे इस बातमें कोई सन्देह नहीं रह जाता है कि कम्मपयडी एक दिगम्बर परम्पराका ग्रन्थ है और अज्ञात आचार्यके नामसे मुद्रित और प्रकाशित उसकी चूर्णि भी एक दिगम्बराचार्य इन्हीं यतिवृषभकी ही कृति है' पृ० ३१।

(५) हाँ उपशमना प्रकरणकी इन दोनों चूर्णियोंके अध्ययनसे इतना अवश्य ही स्वीकार किया जा सकता है कि जिस श्वेताम्बर आचार्यने कर्मप्रकृति चूर्णिकी रचना की है उनके सामने कषायप्राभृत चूर्णि अवश्य रही है। प्रमाणस्वरूप कषायप्राभृत गाथा १२२ की चूर्णि और श्वे० कर्मप्रकृति गाथा ५७ की चूर्णि द्रष्टव्य है—

> कदिविहो पडिवादो—भवक्खएण च उवसामणक्खएण च। भवक्खएण पदिदस्स सव्वाणि करणाणि एगसमएण उग्घाडिदाणि। पढमसमए चेव जाणि उदीरज्जंति कम्माणि ताणि उदयावलियं पवेसदाणि, जाणि ण उदीरंजति ताणि वि ओकड्डिदूण आवलियबाहिरे गोवुच्छाए सेढीए णिक्खित्ताणि। क० पा० सुत्त पृ० ७१४।

यह कषायप्राभृत चूर्णिका उल्लेख है। इसके प्रकाशमें श्वे० कर्मप्रकृति उपशमनाप्रकरणकी इस चूर्णिपर दृष्टिपात कीजिए—

> इयाणिं पडिपातो सो दुविहो—भवक्खएण उवसमद्धक्खएण य। जो भवक्खएण पडिवज्जइ तस्स सव्वाणि करणाणि एतसमतेण उग्घाडिदाणि भवंति। पढमसमते जाणि उदीरंज्जति कम्माणि ताणि उदयावलियं पवेसियाणि, जाणि ण उदीरिज्जंति ताणि उकड्डिऊण उदयावलियबाहिरतो उवरिं गोपुच्छागितीते सेढीते रतेंति। जो उवसमद्धाक्खएणं परिपडति तस्स विहासा। पत्र ६९

---

१. गा० ६५ और उसकी चूर्णि। २. गा० २७ और उसकी चूर्णि।

दोनों चूर्णियोंके उन दो उल्लेखोंमेंसे कषायप्राभृत चूर्णिको सामने रखकर कर्मप्रकृति चूर्णिके पाठपर दृष्टिपात करनेसे यह स्पष्ट हो जाता है कि कर्मप्रकृति चूर्णिकारके सामने कषायप्राभृत चूर्णि नियमसे रही है। प्रथम तो उसका कारण कर्मप्रकृति चूर्णिके उक्त उल्लेखमें पाया जानेवाला 'तस्स विहासा' पाठ है, क्योंकि किसी मूल सूत्र गाथाका विवरण उपस्थित करनेके पहले एत्तो सुत्त विहासा[1] या 'तस्स विहासा[2]' या मात्र 'विहासा[3]' पाठ देनेकी परम्परा कषायप्राभृत चूर्णिमें ही पाई जाती है। किन्तु श्वे० कर्मप्रकृति चूर्णिमें किसी भी गाथाकी चूर्णि लिखते समय 'तस्स विहासा' यह लिखकर उसका विवरण उपस्थित करनेकी परिपाटी इस स्थलको छोड़कर अन्यत्र कहीं भी दृष्टिगोचर नहीं होती।

एक तो यह कारण है कि जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि श्वे० कर्मप्रकृतिचूर्णिकारके सामने कषायप्राभृतचूर्णि नियमसे उपस्थित रही है। दूसरे श्वे० कर्मप्रकृतिकी इस चूर्णिमें 'गोपुच्छागितीते' पाठका पाया जाना भी इस तथ्यका समर्थन करनेके लिये पर्याप्त कारण है। हमने श्वे० कर्मप्रकृति मूल और उसकी चूर्णिका यथा सम्भव अवलोकन किया है, पर हमें उक्त स्थलकी चूर्णिको छोड़कर अन्यत्र कहीं भी इस तरहका पाठ उपलब्ध नहीं हुआ जिसमें निषेक क्रमसे स्थापित प्रदेश रचनाके लिये गोपुच्छाकी उपमा दी गई हो।

तीसरे उक्त दोनों चूर्णियोंमें रचनाके जिस क्रमको स्वीकार किया गया है उससे भी इसी तथ्यका समर्थन होता है कि श्वे० कर्मप्रकृतिचूर्णिके लेखकके सामने कसायपाहुडसुत्तकी चूर्णि नियमसे रही है।

इस प्रकार दोनों चूर्णियोंके उपशामना अधिकार पर दृष्टिपात करनेसे यह स्पष्ट हो जाता है कि यतिवृषभ आचार्य न तो कर्मप्रकृति चूर्णिके कर्ता ही हैं और न ही कषायप्राभृत चूर्णिको निबद्ध करते समय उनके सामने श्वे० कर्मप्रकृति मूल ही उपस्थित रही है। उन्होंने अपनी चूर्णिमें जिस कर्मप्रकृतिका उल्लेख किया है वह प्रस्तुत श्वे० कर्मप्रकृति न होकर अग्रायणीय पूर्वकी पाँचवीं वस्तुका चौथा अनुयोगद्वार महाकम्मपयडिपाहुड ही है। उसके २४ अवान्तर अनुयोगद्वारोंको ध्यान में रख कर ही आ० यतिवृषभने 'कम्मपयडीसु' में बहुवचनका निर्देश किया है।

सर्वकरणोपशामना और उसका दूसरा नाम

करण आठ हैं—बन्धनकरण, उदीरणाकरण, संक्रमकरण, उत्कर्षणकरण, अपकर्षणकरण, अप्रशस्त उपशामनाकरण, निधत्तीकरण और निकाचनाकरण। कर्मोंके बन्ध आदि होनेमें आत्माके परिणाम मुख्य निमित्त हैं, इसलिये इनकी करण संज्ञा है। स्वभावभूत सहज आत्माके अवलम्बनसे इन बन्धादि समस्त करणोंकी क्रमसे उपशामना होती है, इसलिये इस उपशामनाको सर्वकरणोपशामना कहा गया है। सर्वोपशामना आत्माके मोक्षमार्गमें साधक आत्माके विशुद्ध परिणामोंके निमित्त होती है, इसलिये इसका दूसरा नाम प्रशस्त करणोपशामना भी है। श्वे० कर्मप्रकृति और उसकी चूर्णिमें इसे इन दो नामोंके अतिरिक्त गुणोपशामना भी कहा गया है। यह भी एक ऐसा प्रमाण है जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि श्वे० कर्मप्रकृति चूर्णिकी बात तो छोड़िये, कषायप्राभृत चूर्णिकी रचना करते समय आ० यतिवृषभके सामने श्वे० कर्मप्रकृति भी उपस्थित नहीं थी।

यह प्रशस्त करणोपशामना मात्र मोहनीय कर्मकी ही होती है। उसमें भी चारित्रमोहनीयकी प्रशस्त उपशामना करते समय आठों करणोंकी होती है। मात्र दर्शन मोहनीयकी प्रशस्त

१. कषायपाहुड सुत्त पृ० ६०८, ७००। २. पृ० ७१५। ३. वही ७०९।

उपशामना हो जाने पर भी उपशमसम्यग्दृष्टिके अपकर्षणकरण और संक्रमकरण इन दो कारणोंकी प्रवृत्ति चालू रहती है। यहां चारित्रमोहनीयकी उपशामना प्रकृत है, क्योंकि उपशम श्रेणीमें दर्शनमोहनीयकी उपशामना तो होती ही नहीं है, क्योंकि जो उपशमश्रेणि पर आरोहण करनेके पूर्व ही दर्शन मोहनीयकी उपशामना या क्षपणा कर चुका है वही उपशम श्रेणि पर आरोहण करनेका अधिकारी होता है। तथा अनन्तानुबन्धीकी उपशामना होती नहीं। यहां मात्र उसकी विसंयोजना ही होती है। इसलिये प्रकृतमें अप्रत्याख्यानावरण आदि १२ कषाय और हास्यादि नौ नोकषाय इन २१ प्रकृतियोंकी सर्वोपशामना ही विवक्षित है ऐसा यहां समझना चाहिये।

२१ प्रकृतियोंकी उपशामनाका क्रमनिर्देश

जो जीव पुरुषवेदके उदयके साथ श्रेणिपर आरोहण करता है वह नपुंसकवेद, स्त्रीवेद, सात नोकषाय, तीन क्रोध, तीन मान, तीन माया और सूक्ष्म कृष्टि लोभको छोड़कर तीन लोभ इन २१ प्रकृतियोंको उक्त परिपाटीक्रमसे सर्वोपशामना करता है। तथा इसके बाद सूक्ष्मकृष्टिगत लोभकी उपशामना करता है। और इस प्रकार पूरा मोहनीय कर्म उपशान्त हो जाता है। यहां इनमेंसे प्रत्येक प्रकृतिके उपशम करनेमें अन्तर्मुहूर्त काल लगता है और समस्त २१ प्रकृतियोंके उपशम करनेमें भी अन्तर्मुहूर्त काल लगता है। आशय यह है कि जिस कर्मके उपशम करनेका प्रारम्भ करता है प्रथम समयमें उसके सबसे कम प्रदेश पुंजका उपशम करता है, दूसरे समयमें उससे असंख्यातगुणे प्रदेशपुंजकी उपशमाता है। तीसरे समयमें उससे भी असंख्यातगुणे प्रदेशपुंजको उपशमाता है। यह क्रम विवक्षित प्रकृतिके पूरी तरहसे उपशम होनेके अन्तिम समय तक चालू रहता है। इसी प्रकार समस्त २१ प्रकृतियोंके विषयमें समझना चाहिये। यहां इतना विशेष जानना चाहिये कि उदयावलिप्रमाण स्थितियोंका और बन्धावलिप्रमाण स्थितियोंका उपशम नहीं होता, क्योंकि वे अनन्तर पर प्रकृतिरूप परिणम जाते हैं। इसी प्रकार अनुभागसम्बन्धी सभी स्पर्धकों और सभी वर्गणाओंकी उपशामना करता है। यहां बन्धावलि और उदयावलिको छोड़कर ऐसा नहीं कहना चाहिये, क्योंकि जितने भी स्थितियोंके भेद हैं उन सबमें स्पर्धक और सब वर्गणाएँ पाई जाती हैं। यहां संक्रम, उदीरणा, बन्ध, उदय और सत्त्वके प्रसंगसे भी ऊहापोह करते हुए अल्पबहुत्व द्वारा उसे स्पष्ट किया गया है सो उसे मूलसे समझ लेना चाहिये। यहां तकका जितना विवेचन है वह नपुंसकवेद और स्त्रीवेद पर अविकल घटित हो जाता है। मात्र उदय और उदीरणा उस-उस वेदसे श्रेणिपर चढ़े हुए जीवके ही कहनी चाहिए। तथा आठ कषाय और छह नोकषायकी अपेक्षा उक्त प्ररूपणा उदय और उदीरणाको छोड़कर ही करनी चाहिये। अब रहे पुरुषवेद और चार संज्वलन सो इनकी अपेक्षा भी उदय और उदीरणाको ध्यानमें रखकर विचार करनेपर कदाचित् अनियम बन जाता है।

यहां इतना विशेष समझना चाहिये कि पहले जो आठ करण कहे हैं उनमें अप्रशस्त उपशामनाकरण, निधत्तीकरण और निकाचनाकरणकी प्रवृत्ति आठवें गुणस्थानके अन्तिम समय तक ही होती है। नौवें गुणस्थानके प्रथम समयमें इनकी व्युच्छित्ति हो जाती है। इसका अर्थ है कि आठवें गुणस्थान तक जो कर्म अभी तक उदयमें दिये जानेके अयोग्य थे और जिन कर्मोंका यथासम्भव संक्रम, उत्कर्षण और अपकर्षण नहीं हो सकता था उनका नौवें गुणस्थानके प्रथम समयसे ये सब कार्य प्रारम्भ हो जाते हैं। यद्यपि वस्तुस्थिति यह अवश्य है पर आगे प्रशस्त उपशामना द्वारा चारित्र मोहनीयसम्बन्धी उन कर्मोंका भी प्रशस्त परिणामोंके द्वारा उपशम कर दिया जाता है और इसीलिये प्रकृतमें आठ करणोंकी उपशामनाको सर्वोपशामना कहा गया है।

करणसम्बन्धी विशेष विचार

आयुकर्ममेंसे नरकायुके बन्धनकरण और उत्कर्षणकरण मिथ्यात्वगुणस्थानमें ही होते हैं। संक्रम करणको छोड़कर शेष पाँच करण, उदय और सत्त्व चौथे गुणस्थान तक होते हैं। तिर्यञ्चायुके बन्धनकरण और उत्कर्षणकरण दूसरे गुणस्थान तक ही होते हैं। संक्रमकरणको छोड़कर शेष पाँच करण, उदय और सत्त्व पाँचवें गुणस्थान तक होते है। मनुष्यायुके बन्धनकरण और उत्कर्षणकरण चौथे गुणस्थान तक होते हैं। उदीरणाकरण प्रमत्तसंयतगुणस्थान तक होता है। अपकर्षणकरण १३वें गुणस्थान तक होता है। संक्रमकरणके बिना अप्रशस्त उपशामनाकरण, निकाचनाकरण और निधत्तीकरण अपूर्वकरणके अन्तिम समय तक होते हैं। तथा उदय और सत्त्व अयोगिकेवली गुणस्थान तक होते हैं। तथा देवायुके बन्धनकरण और उत्कर्षणकरण अप्रमत्तगुणस्थान तक होते है। अपकर्षणकरण और सत्त्व उपशान्तकषाय गुणस्थान होते हैं। उदय और उदीरणा असंयत सम्यग्दृष्टि गुणस्थान तक होते हैं तथा अप्रशस्त उपशामनाकरण, निधत्तीकरण और निकाचनाकरण ८वें गुणस्थानके अन्तिम समय तक होते हैं। इसका भी संक्रमकरण नहीं होता।

साता वेदनीयके बन्धनकरण और अपकर्षणकरण सयोगिकेवली गुणस्थान तक होते हैं। उत्कर्षणकरण सूक्ष्मसाम्परायगुणस्थान तक होता है। उदीरणाकरण और संक्रमकरण प्रमत्त संयत गुणस्थान तक होते हैं। उपशामनाकरण, निधत्तीकरण और निकाचनाकरण अपूर्वकरणके अन्तिम समय तक होते हैं। उदय और सत्त्व अयोगिकेवली गुणस्थान तक होते हैं। असातावेदनीयके बन्धनकरण, उत्कर्षणकरण और उदीरणाकरण प्रमत्तसंयत गुणस्थान तक होते हैं। संक्रमकरण सूक्ष्मसाम्परायगुणस्थान तक होता है। अपकर्षणकरण सयोगिकेवली गुणस्थान तक होता है। उपशामनाकरण, निधत्तीकरण और निकाचनाकरण अपूर्वकरणके अन्तिम समय तक होते हैं। उदय और सत्त्व अयोगिकेवली गुणस्थानके अन्तिम समय तक होते हैं।

मोहनीय कर्मके अपवर्तनाकरण और उदीरणाकरण सूक्ष्मसाम्परायमें एक समय अधिक एक आवलि काल शेष रहने तक होते हैं। उदय इसके अन्तिम समय तक होता है। बन्धनकरण उत्कर्षणकरण और संक्रमकरण अनिवृत्तिकरणके विवक्षित स्थान तक होते हैं। अप्रशस्त उपशामनाकरण, निधत्तीकरण और निकाचनाकरण अपूर्वकरण गुणस्थानके अन्तिम समय तक होते हैं। तथा सत्त्व उपशान्त मोहके अन्तिम समय तक होता है।

शेष ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय कर्मोंके अपवर्तनाकरण और उदीरणाकरण क्षीणमोह गुणस्थानमें एक समय अधिक एक आवलि काल शेष रहने तक होते हैं। उदय और सत्त्व अन्तिम समय तक होते हैं। बन्धनकरण, उत्कर्षणकरण और संक्रमकरण सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान तक होते हैं। उपशमनाकरण, निधत्तीकरण और निकाचनाकरण अपूर्वकरण गुणस्थानके अन्तिम समय तक होते हैं।

नाम और गोत्र कर्मके बन्धनकरण, उत्कर्षणकरण और संक्रमकरण सूक्ष्मसाम्परायगुणस्थान तक होते हैं। उदीरणा और अकर्षणकरण सयोगकेवली गुणस्थानके अन्तिम समय तक होते हैं। उपशामनाकरण, निधत्तीकरण और निकाचनाकरण अपूर्वकरण गुणस्थानके अन्तिम समय तक होते हैं। उदय और सत्त्व अयोगकेवलीगणस्थानके अन्तिम समय तक होते हैं।

उपशामनाके भेद

उपशामना दो प्रकारकी होती है—सव्याघात उपशामना और निर्व्याघात उपशामना। यदि नपुंसक वेद आदिका उपशम करते समय बीचमें ही मरण हो जाता है तो वह सव्याघात

उपशामना कही जाती है। इसका जघन्य काल एक समय है, क्योंकि नपुंसकवेदकी प्रशस्त उपशामना करनेके बाद दूसरे समयमें मरणको प्राप्त हो जानेपर व्याघात उपशामनाका जघन्य काल एक समय प्राप्त होता है। उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त होता है यह स्पष्ट ही है। तथा निर्व्याघात उपशामनाका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

दूसरे प्रकारसे भी उपशामना दो प्रकारकी है—अप्रशस्त उपशामना और प्रशस्त उपशामना। इनमेंसे अप्रशस्त उपशामनाकी अनुपशान्त अवस्थाका जघन्य काल एक समय है, क्योंकि अप्रशस्त उपशामनाके अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयमें अनुपशान्त होनेके बाद द्वितीय समयमें मरकर उसके देव हो जानेपर इसका जघन्य काल एक समय प्राप्त होता है। तथा उपशम श्रेणीपर आरोहण करते समय अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयसे लेकर ऊपर चढ़नेके बाद लौटनेपर अनिवृत्तिकरणके अन्तिम समय तकके कुल कालका योग अन्तर्मुहूर्त है। इस प्रकार अप्रशस्त उपशामनाके अनुपशान्त रहनेका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त प्राप्त हो जाता है। प्रशस्त उपशामनाके भेदों सहित जघन्य और उत्कृष्टकाल का निर्देश अनन्तर पूर्व किया ही है।

प्रतिपात के दो भेद

उपशमश्रेणिपर आरोहण करके जो उपशान्त कषायगुणस्थानको प्राप्त हुआ है उसका वहांसे दो प्रकारसे पतन होता है—भवक्षयनिमित्तक और उपशामनाक्षयनिमित्तक। जिसका भवक्षयके निमित्तसे पतन होता है वह मरकर नियमसे अविरत सम्यग्दृष्टि देव होता है, इसलिये उसके प्रथम समयमें ही बन्धन आदि सभी करण एक साथ उद्घाटित हो जाते हैं। उसके प्रथम समयमें जिन कर्मोंकी उदीरणा होती है उनका निक्षेप उदयावलिके प्रथम समयसे करता है और जिन कर्मोंकी उदीरणा नहीं होती उनका निक्षेप उदयावलिके बाहर प्रथम समयसे करता है।

इस प्रकार भवक्षयनिमित्तक प्रतिपातका कथन करके आगे उपशामनाक्षयनिमित्तक प्रतिपातका कथन करते हैं। मोहनीयकी विवक्षित प्रकृतिकी उपशामनाका अपना काल है उसके समाप्त होनेपर इस जीवका उपशमश्रेणिसे नियमसे पतन होता है। और इस प्रकार पतन होनेपर सर्वप्रथम यह लोभ संज्वलनकी उदीरणा करके उसकी उदयादि गुणश्रेणि रचना करता है। यद्यपि उसी समय अन्य दो लोभोंका भी अपकर्षण करता है, परन्तु वे उदय प्रकृतियां न होनेसे उनका गुणश्रेणिरूपसे उदयावलिके बाहर निक्षेप करता है। साथ ही ये तीनों प्रकारके लोभ उसी समयसे प्रशस्त उपशामनासे अनुपशान्त हो जाते हैं। संज्वलन लोभका वेदन करते हुए इस जीवके ये आवश्यक होते हैं—(१) लोभ वेदक कालके प्रथम त्रिभागमें कृष्टियोंके असंख्यात बहुभागकी उदीरणा होती है। (२) प्रथम समयमें जिन कृष्टियोंकी उदीरणा होती है वे थोड़ी होती हैं। दूसरे समयमें जिन कृष्टियोंकी उदीरणा होती है वे विशेष अधिक होती हैं। इसी प्रकार सूक्ष्मसाम्परायके अन्तिम समय तक जानना चाहिये।

इस प्रकार कृष्टिवेदककालके समाप्त होनेपर जिस समय यह जीव प्रथम समयवर्ती बादर साम्परायिक होता है उसी समयसे समस्त मोहनीय कर्मका अनानुपूर्वी संक्रम प्रारम्भ हो जाता है। उसी समयसे दोनों लोभोंका लोभ संज्वलनमें संक्रमण करता है और उसी समयसे स्पर्धकगत लोभका वेदन करता है। इस समय उसकी सब कृष्टियां नष्ट हो जाती हैं। मात्र उदयावलिगत वे स्पर्धकगत लोभरूप परिणमती जाती हैं। पुनः वह तीन प्रकारकी मायाका अपकर्षण कर मायासंज्वलनकी उदयादि गुणश्रेणिरचना करता है। तथा दो मायाओंकी उदयावलिबाह्य गुणश्रेणि रचना करता है। मायावेदकके तीन प्रकारका लोभ और दो प्रकारकी मायाका मायासंज्वलनमें

संक्रमण होता है। तथा तीन प्रकारकी माया और दो प्रकारके लोभका लोभसंज्वलनमें संक्रम होता है।

तदनन्तर क्रमसे तीन प्रकारके मानका अपकर्षण करके मानसंज्वलनकी उदयादि गुणश्रेणि रचना करता है तथा अन्य दो प्रकारके मानकी उदयावलिबाह्य गुणश्रेणि रचना करता है। इस प्रकार यहाँसे नौ प्रकारके कषायका गुणश्रेणि निक्षेप होने लगता है।

तदनन्तर तीन प्रकारके क्रोधका अपकर्षण करके क्रोधसंज्वलनकी उदयादि गुणश्रेणि रचना करता है। तथा अन्य दो प्रकारके क्रोधकी उदयावलि बाह्य गुणश्रेणि रचना करता है। यहाँसे बारह कषायोंका गुणश्रेणि निक्षेप होने लगता है। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिये कि संज्वलन लोभ आदि कषायोंका गुणश्रेणि निक्षेप प्रारम्भसे ही शेष ज्ञानावरणादि कर्मोंके गुणश्रेणिनिक्षेपके सदृश होकर भी गलित शेष गुणिश्रेणिनिक्षेप होता है। यह विशेषता आगे भी जान लेनी चाहिये।

तदनन्तर यह जीव क्रमसे पुरुषवेद का बन्धक होता है तथा उसी समय पुरुषवेद और छह नोकषाय ये सात कर्म प्रशस्त उपशामनासे अनुपशान्त हो जाते हैं। साथ ही उसी समय सात नोकषायोंका अपकर्षण कर पुरुषवेदकी उदयादि गुणश्रेणि रचना करता है तथा शेष छह कर्मोंकी उदय बाह्य गुणश्रेणि रचना करता है। इसके बाद स्त्रीवेद और नपुंसकवेदको अनुपशान्त करते हुए उनकी उदय बाह्य गुणश्रेणि रचना करता है। फिर क्रमसे अन्तरकरण करनेके कालको प्राप्त करनेके बाद अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें ये कार्य प्रारम्भ हो जाते हैं—(१) अभीतक जो मोहनीयका एक स्थानीय बन्ध-उदय होता रहा वह द्विस्थानीय होने लगता है। (२) उपशमश्रेणिपर चढ़ते समय छह आवलि कालके बाद जो उदीरणाका नियम था वह नहीं रहता। यहाँ चूर्णिसूत्रमें 'सर्व' पद दिया है सो उसपरसे यह अर्थ फलित किया गया है कि उतरते समय सूक्ष्मसाम्परायके प्रथम समयसे ही यह नियम नहीं रहता। (३) अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयसे मोहनीयका अनानुपूर्वी संक्रम होने लगता है। साथ ही क्रोधसंज्वलनका भी इसी प्रकार अनानुपूर्वी संक्रम होने लगता है। (४) चढ़ते समय जिस स्थानपर कर्मोंका देशघातीकरण हुआ था उनका पुनः सर्वघातीकरण हो जाता है। तथा उपशमश्रेणिपर चढ़ते समय जो असंख्यात समयप्रबद्धोंकी प्रति समय उदीरणा होने लगी थी वह नियम अब नहीं रहता। निर्जराका जो सामान्य क्रम है वह यहाँसे प्रारम्भ हो जाता है। इस प्रकार क्रम-क्रमसे प्रारम्भसे ही स्थितिबन्ध और अनुभागबन्धको घटाता हुआ अनिवृत्तिकरणके अन्तिम समयको प्राप्त होता है।

तदनन्तर यह जीव अपूर्वकरणमें प्रवेश करके उसके प्रथम समयमें अप्रशस्त उपशामनाकरण, निधत्तीकरण और निकाचनाकरणको उद्घाटित करनेके साथ हास्य-शोक और रति-अरति इनमेंसे किसी एक युगलका तथा भय या जुगुप्साका या दोनोंका या किसीका भी नहीं अनियमसे उदीरक होता है। पुनः अपूर्वकरण गुणस्थानका संख्यातवाँ भाग जानेपर परभवसम्बन्धी नामकर्मकी प्रकृतियोंका बन्धक होता है। फिर अपूर्वकरण गुणस्थानके संख्यात बहुभागके जानेपर निद्रा और प्रचलाका बन्धक होता है। फिर क्रमसे अपूर्वकरणके अन्तिम समयको प्राप्त करता है।

इस प्रकारसे उपशमश्रेणिसे उतर कर अधःप्रवृत्तसंयत होकर गुणश्रेणि निक्षेप करता हुआ यह पुराने गुणश्रेणि निक्षेपसे संख्यातगुणा गुणश्रेणि निक्षेप करता है। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिये कि जब तक यह जीव अपूर्वकरण गुणस्थानमें स्थित रहा तब तक गलितशेष गुणश्रेणी निक्षेप होता रहा। किन्तु अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयसे अवस्थित गुणश्रेणिनिक्षेप

होने लगता है। जिसका काल अन्तर्मुहूर्त है। इसका अर्थ यह है कि गुणश्रेणिनिक्षेपमेंसे क्रमशः एक-एक निषेकप्रमाण द्रव्यके निर्जरित होनेपर ऊपर गुणश्रेणि शीर्षमें एक-एक समयप्रमाण निषेककी वृद्धि होती जानेसे यहाँसे इस गुणश्रेणिनिक्षेपका काल कुछ कम अन्तर्मुहूर्त सदृश बना रहता है। इस प्रकार अन्तर्मुहूर्त काल तक अवस्थित आयामरूप गुणश्रेणिनिक्षेप करके अनन्तर परिणामोंके अनुसार गुणश्रेणिनिक्षेपमें वृद्धि, हानि और अवस्थानका क्रम चालू हो जाता है। आशय यह है कि स्वस्थान संयत होकर प्रमत्तसंयत और अप्रमत्तसंयत गुणस्थानोंमें रहते हुए यह जीव अवस्थित आयामरूप ही गुणश्रेणीनिक्षेप करता है। इसके बाद परिणामोंके अनुसार यह पुनः क्षपकश्रेणिपर या उपशमश्रेणिपर आरोहण कर सकता है। यहाँ अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें गुणसंक्रमकी व्युच्छित्ति हो जाती है। तथा जिन कर्मोंका बन्ध होता है उनका अधःप्रवृत्त संक्रम होने लगता है। मात्र नपुंसकवेद आदि अप्रशस्त कर्मोंका विध्यातसंक्रम ही होता रहता है।

उपशमश्रेणिसे गिरा हुआ यह जीव द्वितीयोपशम सम्यग्दृष्टि भी हो सकता है और क्षायिक सम्यग्दृष्टि भी हो सकता है। जो द्वितीयोपशम सम्यक्त्वसे उपशमश्रेणि पर चढ़ा और उतरा है उसके अधःप्रवृत्तकरणका यह काल, अपूर्वकरणसे लेकर चढ़ने और उतरकर अपूर्वकरणके अन्तिम समयको प्राप्त करनेमें जितना काल लगता है उससे, संख्यातगुणा होता है। पुनः इस उपशम सम्यक्त्वके कालके भीतर यह असंयम या संयमासंयम या दोनोंको प्राप्त हो सकता है। उस कालमें एक समयसे लेकर अधिकसे अधिक छह आवलि कालके शेष रहने पर कदाचित् सासादन गुणस्थानको भी प्राप्त हो सकता है।

यहाँ यह कहा जा सकता है कि इसके अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना हो जानेसे जब अनन्तानुबन्धीकी सत्ता ही नहीं है तब यह सासादन गुणस्थानको कैसे प्राप्त होता है, क्योंकि सासादन गुणस्थानकी प्राप्ति मात्र अनन्तानुबन्धी चतुष्कमेंसे किसी एक प्रकृत्तिकी उदीरणा होने पर ही होती है यह एक नियम है? समाधान यह है कि परिणामोंके निमित्तसे जिसने अनन्तानुबन्धीकी सत्ता प्राप्त करनेके साथ उसकी उसी समय उदीरणा की है, ऐसे उस जीवके सासादन गुणस्थानके प्राप्त करनेमें कोई बाधा नहीं आती।

पुरुषवेद और क्रोधकषायके उदयसे जो श्रेणिपर चढ़ा है उसकी मुख्यतासे यह विवेचन किया गया है। इसी प्रकार पुरुष वेदके साथ शेष तीनों कषायोंके उदयसे श्रेणिपर आरोहरण करनेकी अपेक्षा भी विचार कर लेना चाहिये। इसे समझनेके लिए हमने मूल पृ० १०८ में एक नकशा दे दिया है। साथही विशेषार्थमें इस विषयको स्पष्ट भी किया गया है उससे इस विषयको हृदयंगम करनेमें सहायता मिलेगी, इसलिये यहाँ इस विषयपर अलगसे प्रकाश नहीं डाला जारहा है। अब रहे शेष दो वेद तो स्त्रीवेदी पहले अवेदी होकर बादमें सात नोकषायोंको यथाविधि उपशमाता है। तथा जो नपुंसक वेदके उदयसे श्रेणिपर आरोहण करता है वह नपुंसकवेद और स्त्रीवेद इन दोनोंका एक साथ उपशम करता है। इस प्रकार संक्षेपमें आरोहरण और अवतरण इन दोनों प्रकारसे उपशमश्रेणिकी विवेचना करनेके बाद अन्तमें पुरुषवेद और क्रोधसंज्वलनके उदयसे उपशमश्रेणिपर आरोहण करने और अवतरण करनेकी अपेक्षा चढ़ते समय अपूर्वकरणसे लेकर उतरते समय अपूर्वकरणके अन्तिम समयके प्राप्त होनेतक वहाँ जितने पद सम्भव हैं उन सबके कालकी अपेक्षा अल्पबहुत्वका कथन करके चारित्रमोहउपशामना प्रकरणको समाप्त किया गया है।

चारित्रमोहक्षपणा

चारित्रमोहकी क्षपणामें भी अधःप्रवृत्तकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण ये ही तीन करण होते हैं। ये तीनों बिना अन्तरालके परस्पर लगे हुए ही होते हैं। क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीव

ही क्षपक श्रेणिपर आरोहरण करता है, इसलिये सर्वप्रथम अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजनापूर्वक दर्शनमोहनीयकी क्षपणा करके क्षणकश्रेणिपर आरोहण करनेवाला श्रमण प्रमत्त और अप्रमत्तस्थानों-में साता-असाताके हजारों बन्ध परावर्तन करके क्षपकश्रेणिके योग्य विशुद्ध होता हुआ इन तीन करणोंको क्रमसे करता है। इनमेंसे प्रत्येकका काल अन्तर्मुहूर्त है। इनके लक्षण पूर्वमें कह ही आये हैं। इनमेंसे पहले अधःप्रवृत्तकरणका प्रारम्भ करता है। उसके बाद उससे लगकर अपूर्वकरणका प्रारम्भ करता है और तदनन्तर अनिवृत्तिकरणको प्रारम्भ करता है।

यहाँ अधःप्रवृत्तकरणमें स्थितिकाण्डकघात आदि कार्य तो नहीं होते। केवल (१) यह प्रथम समयसे ही अनन्तगुणी विशुद्धिके द्वारा विशुद्ध होता जाता है। (२) स्थितिबन्धापसरणके द्वारा उत्तरोत्तर स्थितिबन्धमें हानि होती जाती है। (३) अप्रशस्त कर्मोंके अनुभागबन्धको द्विस्थानीय करता है और (४) प्रशस्त कर्मोंके अनुभागबन्धको चतुःस्थानीय करता है। और ऐसा करते हुए यह अधःप्रवृत्तकरणके कालके अन्तिम समयको प्राप्त होता है।

इसप्रकार जो जीव क्षपकश्रेणिपर आरोहणकर चारित्रमोहनीयकी क्षपणाके लिये उद्यत होता है उसका परिणाम विशुद्ध होता है। ज्ञायकस्वभाव आत्मामें उपयुक्त होनेसे वह परिणाम शुद्ध तो है ही किन्तु संज्वलन कषायका अव्यक्त उदय होनेसे उसमें अबुद्धिपूर्वक धर्मानुरागरूप किञ्चित् रागांश भी पाया जाता है, इसलिये वहाँ शुद्ध-शुभ परिणाम स्वीकार किया गया है। योगकी अपेक्षा वहाँ मनोयोग, वचनयोग और औदारिककाययोगमें से कोई एक योग होता है। कषाय कोई भी होकर वह हीयमान होती है। वहाँ उपयोग कौन सा होता है इस विषयमें दो उपदेश पाये जाते हैं। एक उपदेशकी अपेक्षा वहाँ नियमसे श्रुतज्ञानसे उपयुक्त होता है। दूसरे उपदेशके अनुसार मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, चक्षुदर्शन और अचक्षुदर्शन इनमेंसे कोई एक उपयोग होता है। यहाँ श्रुतोपयोगके कारणरूपसे उसके शेष उपयोगोंका निर्देश किया गया है ऐसा यहाँ समझना चाहिये। छह लेश्याओंमेंसे इसके नियमसे वर्धमान शुक्ललेश्या होती है। इसके द्रव्यवेद तो पुरुषवेद ही होता है। भाववेद अवश्य ही तीनों वेदोंमें कोई एक हो सकता है।

यह इस जीवकी पर्यायगत योग्यता है। कर्मबन्ध, उदय-उदीरणा और सत्त्व आदि इसके क्षपक अपूर्वकरण गुणस्थानकी भूमिकानुसार ही होता है जिसका विशेष विचार मूलमें किया ही है। इस क्षपकके अपूर्वकरण गुणस्थानके प्रथम समयसे ये कार्य विशेष प्रारम्भ हो जाते हैं—(१) स्थितिकाण्डकघात। यह जघन्य भी होता है और उत्कृष्ट भी होता है। यद्यपि दोनोंका आयाम पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण है। फिर भी जघन्यसे उत्कृष्ट संख्यातगुणा आयाम-वाला होता है। कारण कि जो जीव संख्यातगुणे हीन स्थितिसत्त्वके साथ क्षपकश्रेणिपर आरोहण करता है उसका उत्कृष्टकी अपेक्षा स्थितिकाण्डक संख्यातगुणा हीन होता है और जो जीव जघन्यसे संख्यातगुणे अधिक स्थितिसत्त्वके साथ क्षपकश्रेणिपर चढ़ता है उसके जघन्यकी अपेक्षा उत्कृष्ट स्थितिकाण्डक संख्यातगुणा अधिक आयामवाला होता है। यह प्रथम समयकी प्ररूपणा है। इसी प्रकार क्षपक अपूर्वकरणके अन्तिम समय तक जानना चाहिये।

(२) स्थितिबन्धापसरण। एक-एक स्थितिबन्धापसरणका प्रमाण भी पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण होता है। एक स्थितिकाण्डकघातके साथ एक स्थितिबन्धापसरणका काल अन्तर्मुहूर्त होता है। इसका अर्थ यह है कि एक अन्तर्मुहूर्तके जितने समय होते हैं उतने काल तक समान स्थितिबन्ध होता रहता है। फिर अन्तर्मुहूर्त काल समाप्त होकर दूसरा अन्तर्मुहूर्त प्रारम्भ होनेपर इस अन्तर्मुहूर्तमें पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण स्थिति घटकर अन्य स्थितिका बन्ध होने लगता है। इस प्रकार अपूर्वकरणके अन्तिम समयतक जानना चाहिये।

परन्तु स्थितिकाण्डकघात फालिक्रमसे होता है। अर्थात् एक अन्तर्मुहूर्तकालके जितने समय होते हैं उतने समयप्रमाण प्रत्येक काण्डककी फालियाँ होती हैं। यहाँ फालिका अर्थ है—जैसे लकड़ीके एक कुन्देके चीरनेपर जो फालियाँ बनती हैं उसी प्रकार पल्योपमप्रमाण स्थितिकाण्डकके अन्तर्मुहूर्त प्रमाण फालियाँ करके उनमेंसे एक-एक समयमें एक-एक फालिका अपकर्षण करके यथाविधि अतिस्थापनावलिसे नीचेकी स्थितिमें निक्षेप करते हुए अन्तिम समयमें शेषका काण्डकके नीचेकी स्थितिमें निक्षेप करनेपर एक अन्तर्मुहूर्त कालके भीतर उतनी सत्त्वस्थिति घटकर दूसरे मुहूर्तके प्रथम समयमें पल्योपमका संख्यातवें भागप्रमाण कर्मस्थिति सत्त्व रह जाता है।

(३) अनुभागकाण्डकघातका क्रम वही है जैसा स्थितिकाण्डकघातका सूचित किया है। इतनी विशेषता है कि एक स्थितिकाण्डकघातप्रमाण कालके भीतर हजारों अनुभागकाण्डकघात हो लेते हैं। यह अप्रशस्त कर्मोंका ही होता है। प्रशस्त कर्मोंका नहीं होता। अपूर्वकरणके प्रथम समयमें जितना अनुभाग सत्कर्म होता है उसके अनन्त बहुभाग अनुभाग प्रमाण प्रथम अनुभागकाण्डक होता है। दूसरा अनुभागकाण्डक भी शेष रहे अनुभागका अनन्त बहुभागप्रमाण होता है। आगे भी इसी प्रकार समझना चाहिये।

(४) अपूर्वकरणके प्रथम समयसे असंख्यात समयप्रबद्ध प्रमाण द्रव्यका अपकर्षण करके उदयावलि बाह्य गुणश्रेणिकी रचना करता है। इसका आयाम अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणके कालसे विशेष अधिक होता है। यहाँ विशेष अधिकसे सूक्ष्मसाम्परायके कालसे कुछ अधिक लेना चाहिये।

(५) अपूर्वकरणके प्रथम समयसे जो अप्रशस्त कर्म बन्धको नहीं प्राप्त होते हैं उनका गुणसंक्रम भी प्रारम्भ हो जाता है। प्रत्येक समयमें उत्तरोत्तर असंख्यातगुणित श्रेणिरूपसे प्रदेशपुंजका अन्य प्रकृतियोंमें संक्रम होना इसका नाम गुणसंक्रम है। परन्तु वह अबध्यमान अप्रशस्त कर्मोंका ही होता है।

यह अपूर्वकरणके प्रथम समयकी प्ररूपणा है। दूसरे समयमें प्रथम समयमें अपकर्षित किये गये प्रदेशपुंजसे असंख्यातगुणे प्रदेशपुंजका अपकर्षण करके गुणश्रेणि रचना करता है। शेष कथन पूर्व समयके समान है।

इस प्रकार इस विधिसे अपूर्वकरणके संख्यातवें भागके व्यतीत होनेपर वहाँ निद्रा और प्रचलाकी बन्धव्युच्छित्ति होकर उनका गुणसंक्रम प्रारम्भ हो जाता है। इसके बाद इस विधिसे हजारों स्थितिबन्धापसरणोंके व्यतीत होनेपर वहाँ नामकर्मकी परभवसम्बन्धी देवगतिके साथ बँधनेवाली प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति होजाती है। तदनन्तर इस विधिसे अपूर्वकरणके अन्तिम समयके प्राप्त होनेपर वहाँ हास्य, रति, भय और जुगुप्साकी बन्धव्युच्छित्ति और हास्यादि छहनोकषायोंकी उदयव्युच्छित्ति करके तदनन्तर अनिवृत्तिकरण गुणस्थानको प्राप्त होता है। यहाँ नया स्थितिकाण्डक और अनुभागकाण्डकके प्रारम्भ हो जाता है। किन्तु त्रिकालगोचर अनिवृत्तिकरणोंके समान परिणाम रहनेपर भी किसीका प्रथम स्थितिकाण्डक विषम होता है और किसीका समान होता है। कारणका निर्देश मूलमें किया ही है। बादमें प्रथम स्थितिकाण्डकका पतन होनेपर सभी त्रिकाल गोचर अनिवृत्तिकरणोंका स्थिति सत्कर्म भी समान होता है और स्थितिकाण्डक भी समान होता है। अर्थात् एक जीवका जितना दूसरा स्थितिकाण्डक होता है, अन्य जीवोंका भी दूसरा स्थितिकाण्डक उतना ही होता है। आगे भी इसी विधिसे जान लेना चाहिये। अपूर्वकरणमें जिस गलितशेष गुणश्रेणिनिक्षेपका प्रारम्भ हुआ था, यहाँ भी वहीं चालू रहता है।

यहाँ प्रथम समयमें सभी कर्मोंके तीन करण व्युच्छिन्न हो जाते हैं। उनके नाम हैं अप्रशस्त उपशामनाकरण, निधत्तीकरण और निकाचनाकरण। दूसरे समयमें भी यही विधि चालू रहती

है। मात्र प्रथम समयकी अपेक्षा गुणश्रेणिनिक्षेप असंख्यातगुणे प्रदेशपुंजरूप होता है। इस प्रकार उत्तरोत्तर संख्यात हजार स्थितिबन्धोंके जानेपर क्रमसे असंज्ञी, चतुरिन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, द्वीन्द्रिय और एकेन्द्रियके समान मोहनीयका स्थितिबन्ध होने लगता है। इसी अनुपातसे शेष कर्मोंके स्थितिबन्धको समझ लेना चाहिये। आगे भी यथासम्भव किस विधिसे स्थितिबन्ध और स्थिति सत्कर्म उत्तरोत्तर कम कम होता जाता है उसका निर्देश मूलमें किया ही है। अन्तमें जब मोहनीयकर्मका स्थितिसत्कर्म सबसे थोड़ा, उससे तीन घाति कर्मोंका स्थितिसत्कर्म असंख्यातगुणा उससे नाम-गोत्रका स्थितिसत्कर्म असंख्यातगुणा तथा उससे वेदनीयका स्थिति सत्कर्म विशेष अधिक प्राप्त होता है, तब वेदे जानेवाले आयुकर्मके सिवाय शेष सब कर्मोंके असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणा प्रारम्भ हो जाती है।

तदनन्तर संख्यात हजार स्थितिकाण्डकोंका घात होनेपर मध्यकी आठ कषायोंकी क्षपणाका प्रस्थापक होकर स्थिति काण्डकपृथक्त्वके घात होनेमें जितना समय लगे उतने समय द्वारा इन आठ कषायोंका निर्मूल क्षय करता है।

इतनी विशेषता है कि आठ कषायोंके अन्तिम स्थितिकाण्डकका पतन होनेपर उसके उदयावलिके भीतर एक निषेक कम एक आवलिप्रमाण जो निषेक शेष रह जाते हैं वे स्तिवुक संक्रम द्वारा सजातीय उदय प्रकृतिरूप होकर निर्जीर्ण हो जाते हैं। तदनन्तर स्थितिकाण्डक पृथक्त्वप्रमाण कालके द्वारा निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला और स्त्यानगृद्धिके साथ नरकगति और तिर्यञ्चगतिप्रायोग्य नामकर्मकी प्रकृतियोंका पूर्वोक्त विधिसे क्षय करता है। नरकगतिद्विक, तिर्यञ्चगतिद्विक, एकेन्द्रियादि चार जाति, आतप, उद्योत, स्थावर, सूक्ष्म और साधारण ये नामकर्मकी १३ प्रकृतियाँ हैं।

तदनन्तर स्थितिकाण्डकपृथक्त्वप्रमाण कालके द्वारा क्रमसे मनःपर्ययज्ञानावरण और दानान्तरायका, पश्चात् उतने ही कालके द्वारा अवधिज्ञानावरण, अवधिदर्शनावरण और लाभान्तरायका, पश्चात् उतने ही कालके द्वारा श्रुतज्ञानावरण, अचक्षुदर्शनावरण और भोगान्तरायका, पश्चात् उतने ही कालके द्वारा चक्षुदर्शनावरणका, पश्चात् उतने ही कालके द्वारा आभिनिबोधिक ज्ञानावरण और परिभोगान्तरायका, पश्चात् उतने ही कालके द्वारा वीर्यान्तरायका देशघातीकरण करता है।

तदनन्तर संख्यात हजार स्थितिकाण्डकप्रमाण काल जानेपर अन्य स्थितिकाण्डक, अन्य अनुभागकाण्डक और अन्य स्थितिबन्धके प्रारम्भ होनेके प्रथम समयसे एक स्थितिकाण्डकके घातमें जितना समय लगता है उतने कालके द्वारा चार संज्वलन कषाय और नौ नोकषायवेदनीय—इन १३ प्रकृतियोंका अन्तरकरण विधिके द्वारा अन्तर करता है। यतः यह जीव पुरुषवेद और क्रोधसंज्वलनके उदयके साथ क्षपकश्रेणीपर चढ़ा है अतः इन दोनों कर्मोंकी प्रथम स्थिति अन्तर्मुहूर्त प्रमाण छोड़कर तथा अनुदयरूप शेष ११ कर्मोंकी प्रथम स्थिति एक आवलिप्रमाण छोड़कर अन्तर करता है। यहाँ ऐसा समझना चाहिये कि—

(१) अन्तरके लिये जिन प्रकृतियोंको उत्कीरित किया जाता है उनका अन्तर करनेमें जितना समय लगता है उतनी फालियाँ बनाकर उनके प्रदेशपुंजको उत्कीरितकी जानेवाली स्थितियोंमें नियमसे नहीं देता है।

(२) वेदी जानेवाली जिन प्रकृतियोंकी प्रथम स्थिति है उनकी उस प्रथम स्थितिके ऊपरकी अपनी और अन्य प्रकृतियोंकी अन्तरको प्राप्त होनेवाली स्थितियोंके उत्कीरित किये जानेवाले प्रदेशपुंजको अपकर्षणके द्वारा तथा यथासम्भव समस्थिति संक्रमके द्वारा संक्रान्त करता है।

(३) जो प्रकृतियाँ उस समय बन्धको प्राप्त हो रही हैं उनकी आबाधाको उल्लंघनकर बन्ध स्थितिके प्रथम निषेक से लेकर जो कि द्वितीय स्थितिमें स्थित है, उनकी बन्धको प्राप्त होने-वाली स्थितियोंमें अन्तर स्थितियोंके उत्कीरित किये जानेवाले प्रदेशपुंजको उत्कर्षण करके संक्रान्त करता है। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिये कि अन्तरस्थितिके आयामकी अपेक्षा उस समय बन्धको प्राप्त होनेवाली प्रकृतियोंकी आबाधा संख्यातगुणी आयामसे युक्त होती है।

यहाँ जिस समय अन्तरकी अन्तिम फालिका पतन होता है उस समय अन्तर प्रथम समय-कृत कहलाता है और तदनन्तर समयमें द्विसमयकृत कहलाता है। आगे चूर्णिसूत्रों और उसकी जयधवला टीकामें 'द्विसमयकृत' पद आया है उसका सर्वत्र यह अर्थ समझ लेना चाहिये। अनुवाद लिखते समय उपयोगकी अस्थिरता वश हमसे इस पदके एक ही अर्थ करनेमें सावधानी नहीं बरती गई है सो पाठक इसे ध्यानमें रखकर उसको समझ करके ही स्वाध्याय करें। क्योंकि 'अन्तर द्विसमयकृत' पदका अर्थ अन्तर द्विसमयकृतरूप करना भी असंगत नहीं है।

इस प्रकार अन्तरकरण क्रियाके सम्पन्न होनेके अनन्तर समयमें यह जीव नपुंसकवेदका आयुक्तकरण संक्रामक होता है अर्थात् यहाँसे यह जीव नपुंसकवेदकी क्षपणाके लिये उद्यत होकर प्रवृत्त हो जाता है। तदनन्तर संख्यात हजार स्थितिकाण्डकोंके जानेपर नपुंसकवेदके अन्तिम स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालिका पुरुषवेदमें संक्रम हो जाता है।

तदनन्तर स्त्रीवेदकी क्षपणाका प्रारम्भ करते ही अन्य स्थितिकाण्डक, अन्य अनुभागकाण्डक और अन्य स्थितिबन्ध प्रारम्भ हो जाता है। विधि वही है जो नपुंसकवेदकी अपेक्षा कह आये हैं।

तदनन्तर सात नोकषायोंका संक्रामक होता है। अन्तरकरण क्रियाके सम्पन्न होनेके अन-न्तर समयसे ही आनुपूर्वी संक्रम प्रारम्भ हो जाता है, उक्त नियमके अनुसार छह नोकषायोंका तो क्रोधसंज्वलनमें संक्रम होता ही है। पुरुषवेदका भी शेष मान संज्वलन आदि कषायोंको छोड़-कर क्रोधसंज्वलनमें ही संक्रम होता है। आगे भी इसी प्रकार संक्रमकी आनुपूर्वी जान लेनी चाहिये। मात्र लोभ संज्वलनका अन्य किसी प्रकृतिमें संक्रम न होकर उसका स्वमुखसे ही क्षय होता है।

तदनन्तर जब पुरुषवेदकी प्रथम स्थितिमें दो आवलिप्रमाण काल शेष रह जाता है तब आगाल और प्रत्यागालकी व्युच्छित्ति हो जाती है तथा वहाँसे लेकर प्रथम स्थितिमेंसे ही उदीरणा होने लगती है। प्रथम स्थितिमें स्थित प्रदेशपुंजको उत्कर्षण द्वारा द्वितीय स्थितिमें निक्षिप्त करना इसका नाम आगाल है। तथा द्वितीय स्थितिमें स्थित प्रदेशपुंजका अपकर्षण करके प्रथम स्थितिमें निक्षिप्त करना इसका नाम प्रत्यागाल है।

इन प्रकृतियोंकी प्रथम स्थितिमें जब एक समय अधिक एक आवलि काल शेष रहता है तब इनकी जघन्य स्थिति उदीरणा होती है। उसके बाद जब यह जीव अन्तिम समयवर्ती सवेदी होता है तभी छह नोकषायोंके अन्तिम काण्डककी अन्तिम फालि सर्व संक्रम द्वारा क्रोधसंज्वलनमें संक्रान्त हो जाती है। किन्तु उस समय पुरुषवेदका एक समय कम दो आवलिप्रमाण नवक समय-प्रबद्ध द्वितीय स्थितिमें शेष रहता है और उसकी स्थिति भी शेष रहती है। यहाँ जो यह नवक-प्रबन्ध शेष रहा है उसका अगले समयसे उतने ही काल द्वारा क्रोधसंज्वलनमें संक्रम होकर क्षपणा होती है ऐसा यहाँ समझना चाहिये।

आगे अपगतवेदी होनेके बाद क्रोधसंज्वलनकी क्षपणाका प्रारम्भ करता हुआ यह जीव अश्वकर्णकरण नामक करणविशेषको प्रारम्भ करता है। फिर भी इसे स्थगित कर सबसे पहले प्रकृतमें पठित गाथा सूत्रोंकी मीमांसा करते हैं।

(१) क्रमांक (७१) १२४ संज्ञक प्रथम भूलगाथा द्वारा तीन बातोंकी जानकारी जिज्ञासा की गई है। (१) प्रथम जिज्ञासा द्वारा नपुंसकवेदकी क्षपणा करनेवालेके पूर्वबद्ध कर्मोंकी स्थिति कितनी होती है यह पृच्छा की गई है। (२) द्वितीय जिज्ञासा द्वारा पूर्वबद्ध कर्मोंका अनुभाग कितना होता है यह पृच्छा की गई है। तथा (३) तीसरी जिज्ञासा द्वारा अन्तरकरण करनेके पूर्व किन कर्मोंकी क्षपणा हो गई है और किन कर्मोंकी होती है यह पृच्छाकी गई है।

यह प्रकृतमें प्रथम मूल सूत्रगाथा है। इसकी पाँच भाष्य गाथाएँ हैं। भाष्य गाथा और प्ररूपणा गाथा इन दोनों शब्दोंका अर्थ एक है। अन्तर करनेके अनन्तर समयसे इस जीवकी अन्तरद्विसमयकृत (अंतरकरणसमत्तीदो विदियसमयम्हि पृ० २२०) संज्ञा है। इसी प्रकार नोकषायोंकी प्ररूपणा करनेवाला जीव संक्रामकप्रस्थापक कहलाता है। यहाँ (७२) १२५ संज्ञक पहली भाष्यगाथाद्वारा स्थिति सत्कर्मका स्पष्टीकरण करते हुए बतलाया गया है कि नोकषायोंकी प्ररूपणाका प्रारम्भ करनेवाले जीवके मोहनीय कर्मकी प्रथम स्थिति और द्वितीय स्थिति ये दो स्थितियाँ होती हैं और उनके मध्यमें कुछ कम अन्तर्मुहूर्त प्रमाण अन्तर होता है।

(७३) १२६ संख्याक दूसरी भाष्यगाथा द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि अन्तरकरण क्रियाके सम्पन्न होनेके एक समय कम एक आवलिकालके जानेपर स्वोदयरूप जिन मोहनीय प्रकृतियोंकी यह जीव क्षपणा कर रहा है वे प्रथम और द्वितीय दोनों स्थितियोंमें पाये जाते हैं। किन्तु मोहनीयके जिन कर्मोंकी परोदयसे क्षपणा कर रहा है उनकी उस समयसे लेकर मात्र द्वितीय स्थिति ही पाई जाती है। उदाहरणार्थ जो जीव पुरुषवेदके साथ क्रोध संज्वलनके उदयसे क्षपकश्रेणिपर चढ़ा है तो उसके अन्तरकरण क्रियाके सम्पन्न होनेके समयसे लेकर एक समय कम एक आवलि काल जानेपर इन दोनों कर्मोंकी प्रथम और द्वितीय दोनों स्थितियाँ पाई जाती हैं। कारण कि इनकी प्रथम स्थिति अन्तर्मुहूर्त प्रमाण होती है और शेष ११ प्रकृतियोंकी उस समयसे मात्र द्वितीय स्थिति ही पाई जाती है। कारण कि इनकी प्रथम स्थिति एक आवलि प्रमाण होनेसे इस समय तक वह गल चुकी होती है। इसी प्रकार विवक्षित एक वेद और विवक्षित एक संज्वलन कषायको मुख्य कर समझ लेना चाहिये।

(७४) १२७ संख्याक तीसरी भाष्यगाथा द्वारा सत्तामें स्थित कर्मोंकी स्थिति और अनुभाग-विषयक विशेषताका कथन करते हुए यह बतलाया गया है कि इस जीवके जो कर्म सत्तामें स्थित हैं उनका स्थितिसत्त्व न तो जघन्य ही होता है और न उत्कृष्ट ही होता है। किन्तु अजघन्य-अनुत्कृष्ट होता है। इसी प्रकार साता वेदनीय, प्रशस्त नामकर्म प्रकृतियाँ और उच्चगोत्र इनका अनुभागसत्त्व आदेश उत्कृष्ट होता है। विशेष स्पष्टीकरण मूलमें देखिये।

(७५) १२८ संख्याक चौथी भाष्यगाथा द्वारा उन प्रकृतियोंके विषयोंमें कहा गया है जिनकी यह जीव पहले ही क्षपणा कर आया है। उनका नाम निर्देश मूलमें किया ही है। इस भाष्य-गाथामें जो संछोहणा शब्द आया है सो उसका अर्थ सर्व संक्रमके प्राप्त होने तक परप्रकृति संक्रम है।

(७६) १२९ संख्याक पाँचवीं भाष्यगाथा द्वारा पुरुषवेदके प्राचीन सत्कर्मके साथ छह नोकषायोंकी क्षपणा अर्थात् परप्रकृतिरूप संक्रमके होनेपर नामकर्म, गोत्रकर्म और वेदनीय कर्म इन तीन अघाति कर्मोंका स्थितिसत्कर्म असंख्यात वर्षप्रमाण होता है तथा ज्ञानावरणादि चार घातिकर्मोंका स्थितिसत्कर्म संख्यात वर्षप्रमाण होता है यह स्पष्ट किया गया है।

(२) (७७) ११० संख्याक मूल गाथामें ये तीन अर्थ निबद्ध हैं—प्रथम अर्थ है कि संक्रामक प्रस्थापक यह जीव अन्तर करनेके अनन्तर समयमें प्रकृति आदिके भेदसे किन कर्मोंको बाँधता है।

यह प्रथम अर्थ है। यह जीव प्रकृति आदिके भेदसे किन कर्मोंको वेदता है यह दूसरा अर्थ है। तथा यह जीव प्रकृति आदिके भेदसे किन कर्मोंका संक्रम करता है और किनका नहीं करता है यह तीसरा अर्थ है। इनमेंसे प्रथम अर्थको स्पष्ट करनेके लिए तीन भाष्यगाथाएँ आई हैं।

§ ९. जो यह पहले कही गई करणोपशामना है वह देशकरणोपशामना और सर्वकरणोपशामनाके भेदसे दो प्रकारकी है। उनमेंसे अप्रशस्त उपशामना आदि करणोंके द्वारा एकदेश कर्मपरमाणुओंका उदयादि परिणामके परमुखीभावसे उपशान्त भावको प्राप्त होना देशकरणोपशामना है।

शंका—इसका देशकरणोपशामना नाम क्यों है?

समाधान—नहीं, क्योंकि वहाँ किन्हीं करणोंके परिमित कर्मप्रदेशोंमें ही उपशान्तपना देखा जाता है, इसलिये इसकी देशकरणोपशामना संज्ञा बन जाती है।

§ १०. अन्य व्याख्यानाचार्योंका अभिप्राय है कि इस प्रकारकी देशकरणोपशामना यहाँ विवक्षित नहीं है, क्योंकि इसका अकरणोपशामनामें अन्तर्भाव स्वीकार किया गया है। अतः देशकरणोपशामनाका अन्य प्रकारसे अर्थ कहना चाहिये। यथा—

§ ११. दर्शनमोहनीयका उपशम होने पर उदयादि करणोंमेंसे कोई करण उपशान्त हो जाते हैं और कोई करण अनुपशान्त रहते हैं इसलिये यह देशकरणोपशामना कहलाती है। इसका

काणि वि करणाणि अणुवसंताणि, तेणेसा देसकरणोवसामणा त्ति भण्णदे। एदस्स भावत्थो—दंसणमोहणीयस्स अप्पसत्थउवसामणा णिधत्तीकरणं णिकाचणाकरणं बंधणकरणं उक्कड्डणाकरणं उदीरणाकरणं उदयकरणमिदि एदाणि सत्त करणाणि उवसंताणि, ओकड्डण-परपयडिसंकमणसण्णिदाणि दोण्णि करणाणि अणुवसंताणि। तदो केसिं पि उवसमेण केसिं पि अणुवसमेण च इमा देसकरणोवसामणा णाम भवदि त्ति।

§ १२. अधवा उवसमसेढिं चडिदस्स अणियट्टिकरणपढमसमए अप्पसत्थ-उपसामणाकरण-णिधत्तीकरण-णिकाचणाकरणाणि त्ति एदाणि तिण्णि वि अप्पप्पणो सरूवेण विणट्ठाणि। एदेसिं च विणासो णाम संसारावत्थाए उदय-संकमणोकड्डु-क्कड्डणसरूवेण जाणि उवसंताणि तेसिमिदाणिं पुणो उक्कड्डणादिकिरियाणं करण-संभवो। एवं च संते उवसमाभावो पसज्जदि त्ति भणिदे उच्चदे—

§ १३. पुव्वं संसारावत्थाए अप्पसत्थकरणोवसामणाए उवसंताणि जादाणि पुणो तहापरिणदाणं तेसिं तिहिं करणेहिं पडिग्गहियाणं पदेसाणं तेण सरूवेण जो विणासो सो चेव देसकरणोवसामणा त्ति वुच्चदे, तिण्हं करणाणं सगरूवेण विणा-सस्स देसकरणोवसामणाभावेणेत्थ विवक्खियत्तादो। तदो अप्पसत्थोवसामणादीणं तिण्हं करणाणं विणासे ओकड्डणादिकिरियाणं संभवो अणियट्टि-सुहुमेसु देसकरणो-वसामणासण्णं लहदि त्ति एसो एत्थ भावत्थो।

§ १४. अधवा णवुंसयवेदपदेसग्गमुवसामेमाणस्स जाव सव्वोवसमं ण गच्छदि

तात्पर्य यह है कि दर्शनमोहनीयकर्मसम्बन्धी अप्रशस्त उपशामना, निधत्तीकरण, निकाचनाकरण, बन्धनकरण, उत्कर्षणकरण, उदीरणाकरण और उदयकरण इस प्रकार ये सात करण उपशान्त हो जाते हैं, तथा अपकर्षणकरण और परप्रकृतिसंक्रमकरण ये दो करण अनुपशान्त रहते हैं। इसलिये किन्हीं करणोंके उपशम होनेसे और किन्हीं करणोंके अनुपशम रहनेसे इसकी देशकरणोपशामना संज्ञा है।

§ १२. अथवा उपशमश्रेणि पर चढ़े हुए जीवके अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयमें अप्रशस्त उपशामनाकरण, निधत्तीकरण और निकाचनाकरण ये तीनों ही करण अपने-अपने स्वरूपसे विनष्ट हो जाते हैं। इनके विनाशका अर्थ है कि संसार अवस्थामें उदय, संक्रमण, उत्कर्षण और अपकर्षण-रूपसे जो कर्म उपशान्त हुए इस समय उन कर्मोंकी पुनः उत्कर्षण आदि क्रियाका किया जाना सम्भव है और ऐसा होने पर उपशमका अभाव प्राप्त होता है ऐसा कहने पर आचार्य कहते हैं—

§ १३. पहले संसार अवस्थामें अप्रशस्त करणोपशामनाके द्वारा जो कर्म उपशान्त हुए, पुनः तीन करणोंके द्वारा ग्रहण किये गये उस प्रकारसे परिणत उन कर्मप्रदेशोंका उस रूपसे जो विनाश होता है वही यहाँ देशकरणोपशामना कही जाती है, क्योंकि तीन करणोंका अपनेरूपसे विनाश यहाँ पर देशकरणोपशामनारूपसे विवक्षित है, इसलिए अप्रशस्त उपशामना आदि तीन करणोंका विनाश होने पर अपकर्षण, उत्कर्षण आदि क्रियाओंका सम्भव होना ही अनिवृत्तिकरण और सूक्ष्मसाम्परायमें देशकरणोपशामना संज्ञाको प्राप्त होता है यह यहाँ भावार्थ है।

§ १४. अथवा नपुंसक वेदके प्रदेशपुंजका उपशम करनेवालेके, जब तक वह सर्वोपशमको

ताव देसकरणोवसामणा णाम वुच्चदि। अधवा णवुंसयवेदे उवसंते सेसेसु च अणुवसंतेसु एसा देसकरणोवसामणा णाम भवदि। कुदो? करणपरिणामेहिं कम्मपदेसस्सेव तत्थोवसंतभावदंसणादो त्ति। एत्थ पुण पुव्वुत्तो चेव अत्थो पहाणभावेणावलंबेयव्वो, सव्वस्सेवाणंतरोवण्णासस्स सव्वकरणोवसामणाभेदस्स तत्थेवंतब्भावब्भुवगमादो। अण्णहा पसत्थोवसामणाभेदस्सेदस्स अप्पसत्थोवसामणासरूवदेसकरणोवसामणाए अंतब्भावविरोहादो।

नहीं प्राप्त होता, तब तक देशकरणोपशामना कही जाती है। अथवा नपुंसकवेदके उपशान्त होने पर और शेष चारित्रमोहनीय कर्मोंके अनुपशान्त होने पर यह देशकरणोपशामना होती है, क्योंकि करण परिणामोंके द्वारा विवक्षित कर्मपुंजका ही वहाँ उपशमपना देखा जाता है। जयधवलाकार कहते हैं कि यहाँ पर तो पूर्वोक्त अर्थका ही प्रधानरूपसे अवलम्बन करना चाहिये, क्योंकि अनन्तर पूर्व जो कुछ कहा गया है वह सब सर्वकरणोपशामनाके भेदरूप है, अतः उसका उसीमें अन्तर्भाव स्वीकार किया गया है। अन्यथा प्रशस्त उपशामनाके भेदरूप इसका अप्रशस्त उपशामनास्वरूप देशकरणोपशामनामें अन्तर्भाव स्वीकार करने पर विरोध आता है।

विशेषार्थ—यहाँ करणोपशामनाके देशकरणोपशामना और सर्वकरणोपशामना ऐसे दो भेद करके उनके स्वरूप पर विशेष प्रकाश डाला गया है। संसार अवस्थामें अप्रशस्त उपशामना, निधत्ति और निकाचना आदि करणोंके माध्यमसे जो परिमित कर्मपुंजका उपशामनारूप होकर उदयके अयोग्य रहना वह देशकरणोपशामना है और दर्शनमोहनीयकी अपेक्षा अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयमें अप्रशस्त उपशामना, निधत्ति और निकाचनाकी व्युच्छित्ति होनेके बाद अनिवृत्तिकरण परिणामोंके द्वारा दर्शनमोहनीयके पूरे कर्मपुंजको अन्तर्मुहूर्तकालके लिए उदयके अयोग्य करना सर्वोपशामना है। या चारित्रमोहनीयकी अपेक्षा अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयमें अप्रशस्त उपशामना, निधत्ति और निकाचनाकी व्युच्छित्ति हो कर अनिवृत्तिकरण और सूक्ष्मसाम्पराय द्वारा चारित्रमोहनीयके पूरे कर्मपुंजको अन्तर्मुहूर्तकालके लिए उदयादिके अयोग्य करना सर्वोपशामना है। यहाँ दर्शनमोहनीयका उपशम होने पर भी उसमें संक्रमणकरण और अपकर्षणकरणकी प्रवृत्ति होने पर भी पूरा कर्मपुंज विवक्षित समयके लिए उदयके अयोग्य बना रहता है, इसलिए इसे सर्वोपशामनारूप माननेमें कोई बाधा नहीं आती। यह देशकरणोपशामना और सर्वकरणोपशामना इन दोनों में भेद है। किन्तु कुछ आचार्य देशकरणोपशामनाकी अन्यथा प्ररूपणा करते हुए कहते हैं कि (१) यद्यपि अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयमें अप्रशस्त उपशामना, निधत्ति और निकाचनाकरणकी व्युच्छित्ति हो जाती है और ऐसा होने पर जो कर्मपुंज पहले उक्त रूपसे परिणत था वह अब उस रूपसे परिणत नहीं रहा यही यहाँ देशकरणोपशामना है। इस विवक्षामें उक्त अप्रशस्त तीन करणोंकी व्युच्छित्ति ही देशकरणोपशामना है। इससे अनिवृत्तिकरण और सूक्ष्मसाम्परायमें विवक्षित कर्मपुंजकी यथासम्भव अपकर्षण और उत्कर्षण आदि क्रिया सम्भव हो जाती है। (२) अथवा नपुंसकवेदका उपशम करते समय जब तक उसका पूरा उपशम नहीं होता तब तक उसकी अपेक्षा देशकरणोपशामना जानना चाहिये। (३) अथवा नपुंसकवेदका उपशम हो जाने पर आगे जब तक क्रमसे शेष चारित्रमोहनीयका पूरी तरहसे उपशम नहीं होता तब तक उपशमके जितने प्रकार बनते हैं वे सब देशकरणोपशामना है। किन्तु अन्य आचार्योंका यह कथन प्रकृतमें इसलिए ग्राह्य नहीं है, क्योंकि इससे प्रशस्त उपशामनाकी क्रमिक उपशामनाको अप्रशस्त उपशामना माननेका प्रसंग प्राप्त होता है, जो युक्त नहीं है, अतः सर्वोपशामनासे देशकरणोपशामनाको भिन्न ही जानना चाहिये।

§ १५. संपहि सव्वकरणोवसामणाए अत्थो वुच्चदे। तं जहा—सव्वेसिं करणाणमुवसामणा सव्वकरणोवसामणा। अप्पसत्थोवसामणा - णिधत्त - णिकाचणादिभेयभिण्णाणमट्ठण्हं करणाणमप्पप्पणो किरियाओ छंडेयूण पसत्थउवसामणाए जो सव्वोवसमो सा सव्वकरणोवसामणा त्ति वुत्तं होइ। जइ एवं, सव्वकरणोवसामणाए ओकड्डणादिकिरियाणमभावे तत्थ अप्पसत्थउवसामणा-णिधत्त-णिकाचणाकरणाणमत्थित्तसंभवो पसज्जदे, ओकड्डणादिकिरियाविरहस्स तब्भावोववत्तीदो। तहा च संते कधमेत्थ तेसिमुवसंतभावो त्ति? ण एस दोसो, अप्पसत्थोवसामणादिकरणपवेसपढमसमए चेव अच्चंतुच्छिण्णसंताणाणं उवरि पवुत्तिसंभवाभावेण तत्थ तेसिमुवसंतभावसिद्धीदो।

§ १६. ण च सव्वोवसामणाए ओकड्डणादिविरहो अप्पसत्थोवसामणादिकरणपवेसारिहो, संसारावत्थाए ओकड्डणादिसंभवविसये केत्तियाणं पि परमाणूणं बज्झंतरंगकारणवसेण जो तब्भावपरम्मुहीभावो सो अप्पसत्थोसामणाकरणादिपवेसारिहो, ण तदच्चंतविच्छेदविसयो त्ति अणब्भुवगमादो. तम्हा एवंविहा सव्वकरणोवसामणा त्ति णिरवज्जं।

---

§ १५. अब सर्वकरणोपशामनाका अर्थ कहते हैं। यथा—सब करणोंकी उपशामना सर्वकरणोपशामना है। अप्रशस्त उपशामना, निधत्त और निकाचना आदि भेदवाले आठ करणोंका अपनी-अपनी क्रियाको छोड़कर प्रशस्त उपशामनाके द्वारा जो सर्वोपशम होता है वह सर्वोपशामना है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

शंका—यदि ऐसा है तो सर्वकरणोपशामनाके द्वारा अपकर्षण आदि क्रियाओंका अभाव होनेपर वहाँ अप्रशस्त उपशामना, निधत्त और निकाचना करणोंका अस्तित्व प्राप्त होता है, क्योंकि अपकर्षण आदि क्रियासे रहित उसकी उस प्रकारसे प्राप्ति बन जाती है। और ऐसी अवस्थामें यहाँ पर उनका उपशान्तपना कैसे सम्भव है।

समाधान—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि अप्रशस्त उपशामना आदिकी सन्तान अनिवृत्तिकरणमें प्रवेश करनेके प्रथम समयमें ही अत्यन्त उच्छिन्न हो जाती है, इसलिए ऊपर उनकी प्रवृत्ति सम्भव न होनेसे वहाँ उनके उपशान्तपनेकी सिद्धि हो जाती है।

§ १६. यदि कहा जाय कि सर्वोपशामनामें अपकर्षण आदिका विरह हो जाता है, इसलिए वह अप्रशस्त उपशामना करण आदि संज्ञाके योग्य है सो यह कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि संसार अवस्थामें अपकर्षण आदिकी विषय प्रवृत्तिमें कितने ही कर्म परमाणुओंका बाह्य और अन्तरंग कारणोंके वशसे जो अपकर्षण आदिपनेसे विमुख होना है उसे अप्रशस्त उपशामनाकरण आदि संज्ञा देना योग्य है, किन्तु वह अत्यन्त विच्छेदका विषय नहीं होता ऐसा यहाँ स्वीकार किया गया है। इसलिए सर्वकरणोपशामना इस प्रकारकी है यह सब निर्दोष है।

विशेषार्थ—यहाँ सर्वोपशामनाके स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए जो कुछ कहा गया है उसका भाव यह है कि अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयमें अप्रशस्त उपशामना आदिकी व्युच्छित्ति हो जानेके बाद चारित्रमोहनीयकी विवक्षामें २१ प्रकृतियोंसम्बन्धी सब करणोंकी प्रशस्त उपशामना द्वारा उपशामना होती है वह सर्वकरणोपशामना है। यद्यपि अनिवृत्तिकरणके पूर्व जो कर्मपुंज अप्रशस्त उपशामना, निधत्ति और निकाचनारूप थे, यहाँ इन करणोंकी व्युच्छित्ति हो जाने पर उन कर्म-

§ १७. एवमेदेण सुत्तेण करणोवसामणाए दुविहत्तं पदुप्पाइय तत्थ ताव देसकरणोवसामणाए सण्णाभेदपदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

***देसकरणोवसामणाए दुवे णामाणि—देसकरणोवसामणा त्ति वि अप्पसत्थउवसामणा त्ति वि।**

§ १८. तं जहा—संसारपाओग्गअप्पसत्थपरिणामणिबंधणत्तादो एसा अप्पसत्थोवसामणा त्ति भण्णदे। णेदिस्से तण्णिबंधणत्तमसिद्धं, अइतिव्वसंकिलेसवसेण अप्पसत्थोवसामणा-णिधत्त-णिकाचणकरणाणं पवुत्तिदंसणादो, खवगोवसमसेढीसु विसुद्धयरपरिणामेहि विणासिज्जमाणाए एदिस्से अप्पसत्थभावसिद्धीए पडिबंधाभावादो य। तदो एवंविहा जा अप्पसत्थउवसामणा सा चेव देसकरणोवसामणा त्ति भण्णदे, तिस्से तव्वदएससिद्धीए पडिबंधाभावादो।

*** एसा कम्मपयडीसु**

§ १९. कम्मपयडीओ णाम विदियपुव्वपंचमवत्थुपडिबद्धो चउत्थो पाहुडसण्णिदो अहियारो अत्थि। तत्थेसा देसकरणोवसामणा दट्ठव्वा. सवित्थरमेदिस्से तत्थ

परमाणुओंका भी अपकर्षण और उत्कर्षण आदि क्रिया प्रारम्भ हो जाती है, किन्तु दसवें गुणस्थानके अन्त तक सभी करण प्रशस्त उपशामना द्वारा उपशान्तभावको प्राप्त हो जाते हैं, इसलिए इसकी सर्वकरणोपशामना यह संज्ञा सार्थक है। दर्शनमोहनीयकी अपेक्षा उसे प्रशस्त करण परिणामों द्वारा उदयके अयोग्य करना मुख्य है।

§ १७. इस प्रकार इस सूत्र द्वारा करणोपशामनाके दो भेदोंका कथन करके वहाँ सर्व प्रथम देशकरणोपशामनाकी संज्ञाके भेदोंका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** देशकरणोपशामनाके दो नाम हैं—देशकरणोपशामना और अप्रशस्त उपशामना।**

§ १८. यथा—संसारके योग्य अप्रशस्त परिणामनिमित्तक होनेसे यह अप्रशस्त उपशामना कही जाती है। यह संसारप्रायोग्य अप्रशस्त परिणामनिमित्तक होती है यह असिद्ध नहीं है, क्योंकि अतितीव्र संक्लेशके कारण अप्रशस्त उपशामना, निधत्त और निकाचनाकरणोंकी प्रवृत्ति देखी जाती है। तथा क्षपकश्रेणि और उपशमश्रेणिमें विशुद्ध परिणामोंके निमित्तसे यह विनाशको प्राप्त हो जाती है, इसलिए इसका अप्रशस्तपनेकी सिद्धिमें प्रतिबन्धका अभाव है। इसलिए इस प्रकारकी जो अप्रशस्त उपशामना है वही देशकरणोपशामना कही जाती है, क्योंकि उसके उक्त संज्ञाकी सिद्धिमें प्रतिबन्धका अभाव है।

विशेषार्थ—संसार अवस्थामें जो उपशामनाकरण होता है, एक तो वह अप्रशस्त परिणामोंको निमित्त कर होता है, दूसरे कुछ कर्मपरमाणुओंमें ही उसका व्यापार होता है, इस लिए इसके अप्रशस्त उपशामना या देशकरणोपशामना ये दोनों नाम सार्थक हैं।

*** यह कर्मप्रकृतिप्राभृतमें अवलोकनीय है।**

§ १९. दूसरे पूर्वकी पाँचवीं वस्तुका जो चौथा प्राभृत नामक अधिकार है उसकी कर्मप्रकृति

सव्वेणपरूविदत्तादो। कथमेत्थ एगस्स कम्मपयडिपाहुडस्स कम्मपयडीसु त्ति बहुवयण णिद्देसो त्ति णासंकणिज्जं, एगस्स वि तस्स कदि-वेदयणादिअवंतरअहियारभेदावेक्खाए बहुवयणणिद्देसाविरोहादो।

§ २०. संपहि सव्वकरणोवसामणाए सण्णाभेदपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

* जा सा सव्वकरणोवसामणा तिस्से वि दुवे णामाणि सव्वकरणोवसामणा त्ति वि पसत्थकरणोवसामणा त्ति वि।

§ २१. एत्थ सव्वकरणोवसामणा त्ति पढमा सण्णा पुव्वमेव वक्खाणिदा। पसत्थकरणोवसामणा त्ति वि एसा सण्णा सप्पसिद्धत्था चेव, पसत्थयरकरणपरिणामनिबंधणाए तिस्से तव्ववएससिद्धीए पडिबंधाभावादो। संपहि एवमुवसामणाए अणेयभेयसंभवे तत्थ केण पयदमिच्चासंकाए णिरारेगीकरणट्ठमिदमाह—

* एदाए एत्थ पयदं।

§ २२. एदाए अणंतरणिद्दिट्ठाए सव्वकरणोवसामणाए एत्थ कसायोवसामणापरूवणावसरे पयदमहिकयं दट्ठव्वं, अकरणोवसामणाए देसकरणोवसामणाए च एत्थ पओजणाभावादो त्ति एसो एदस्स सुत्तस्स भावत्थो। एवमुवसामणा कदिविधा त्ति

शंका है। यह देशकरणोपशामना जाननी चाहिये, क्योंकि वहाँ इसका विस्तारके साथ प्रबन्धरूपसे प्ररूपण किया गया है।

शंका—कर्मप्रकृतिप्राभृत एक है उसका चूर्णिसूत्रमें 'कम्मपयडीसु' इस प्रकार बहुवचनरूपसे निर्देश कैसे किया गया है?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि यद्यपि कर्मप्रकृतिप्राभृत एक है तो भी उसका कृति, वेदना आदि अवान्तर अधिकारोंके भेदोंकी विवक्षामें बहुवचननिर्देश करनेमें कोई विरोध नहीं आता।

§ २०. अब सर्वकरणोपशामनाके संज्ञाभेदोंका कथन करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

* जो वह सर्वकरणोपशामना है उसके दो नाम हैं—सर्वकरणोपशामना और प्रशस्तकरणोपशामना।

§ २१. यहाँ सर्वकरणोपशामना इस संज्ञाका पहले ही व्याख्यान कर आये हैं। तथा प्रशस्तकरणोपशामना यह संज्ञा भी प्रसिद्ध अर्थवाली ही है, क्योंकि यह प्रशस्त करणपरिणामोंके निमित्तसे होती है, इसलिये उसकी उक्त संज्ञाकी सिद्धिमें प्रतिबन्धका अभाव है। अब इस प्रकार उपशामनाके अनेक भेद सम्भव होनेपर उनमेंसे प्रकरणप्राप्त कौन है ऐसी आशंकाका निराकरण करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* यही यहाँ प्रकृत है।

§ २२. पूर्वमें जो सर्वोपशामनाका कथन कर आये हैं, यहाँ कषायोंकी उपशामनाकी प्ररूपणाके अवसर पर वही प्रकृत है अर्थात् अधिकृत है ऐसा यहाँ समझना चाहिये, क्योंकि अकरणोपशामना और देशकरणोपशामनाका यहाँ प्रयोजन नहीं है यह इस सूत्रका भावार्थ है। इस प्रकार 'उपशामना कितने प्रकारकी है' इस गाथाके प्रथम अवयवकी अर्थप्ररूपणा समाप्त हुई।

एदस्स गाहापढमावयवस्स अत्थपरूवणा समत्ता। संपहि पढमगाहाविदियावयवस्स अत्थविहासणट्ठमुत्तरो सुत्तपबंधो—

*** उवसामो कस्स कस्स कम्मस्सेत्ति विहासा।**

§ २३. सुगमं।

*** तं जहा।**

§ २४. सुगममेदं पि पुच्छासुत्तं।

*** मोहणीयवज्जाणं कम्माणं णत्थि उवसामो।**

§ २५. कुदो? सहावदो चेव। णाणावरणादिकम्माणमुवसामणपरिणामस्स संभवाणुवलंभादो। अकरणोवसामणा देसकरणोवसामणा च तत्थ वि अत्थि त्ति णासंकणिज्जं, पसत्थकरणोवसामणाए एत्थ पयदत्तादो। तम्हा सेसकम्मपरिहारेण मोहणीयस्सेव पसत्थोवसामणाए उवसामगो होदि त्ति घेत्तव्वं। तत्थ वि दंसण-मोहणीयपरिहारेण चरित्तमोहणीयस्सेव उवसामगो होदि, तेणेत्थ पयदत्तादो त्ति जाणावणट्ठमुत्तरसुत्तणिद्देसो—

*** दंसणमोहणीयस्स वि णत्थि उवसामो।**

§ २६. कुदो? तस्स पुव्वमेव उवसंतत्तादो खीणत्तादो वा, तेणेत्थ[illegible]

अब प्रथम गाथाके दूसरे अवयवकी अर्थप्ररूपणाका व्याख्यान करनेके लिए आगेका सूत्रप्रबन्ध है—

*** उपशम किस किस कर्मका होता है इस पदकी विभाषा करते हैं।**

§ २३. यह सूत्र सुगम है।

*** वह जैसे।**

§ २४. यह पृच्छासूत्र सुगम है।

*** मोहनीयकर्मको छोड़कर शेष कर्मोंका उपशम नहीं होता।**

§ २५. क्योंकि स्वभावसे ही शेष कर्मोंका उपशम नहीं होता, क्योंकि ज्ञानावरणादि कर्मोंमें उपशमरूप परिणामकी सम्भावना नहीं पाई जाती।

शंका—उन कर्मोंकी अकरणोपशामना और देशकरणोपशामना तो होती है?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि प्रशस्त करणोपशामना यहाँ अधिकृत है, इसलिये शेष कर्मोंका निराकरण करके मोहनीयकर्मका ही प्रशस्तोपशमना द्वारा उपशम होता है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये। उसमें भी प्रकृतमें अनधिकृत दर्शनमोहनीयके निषेध द्वारा चारित्रमोहनीयका ही उपशम होता है, क्योंकि वह यहाँ अधिकृत है ऐसा ज्ञान करानेके लिए आगेके सूत्रका निर्देश करते हैं—

*** यहाँ दर्शनमोहनीयका भी उपशम नहीं होता।**

§ २६. क्योंकि वह पहले ही उपशान्त अथवा क्षीण हो गई है, इसलिये यहाँ उस[illegible]

भावादो च। तदो संते वि दंसणमोहणीयस्स उवसमसंभवे सो एत्थ ण विवक्खिओ त्ति एसो एदस्स भावत्थो।

*** अणंताणुबंधीणं पि णत्थि उवसामो।**

§ २७. कुदो ? तेसिं पुव्वमेव विसंजोयणं कादूण पच्छा उवसमसेढिसमारोहणसंभवादो। तदो विसंयोजणपयडीणमणंताणुबंधीणमुवसामणाए णत्थि संभवो त्ति सिद्धं।

*** बारसकसाय-णवणोकसायवेदणीयाणमुवसामो।**

§ २८. कुदो ? उवसमसेढीए एदेसिं कम्माणं सव्वोवसामणाए परिप्फुडमुवलंभादो। एवमुवसामो कस्स कस्स कम्मस्सेत्ति गाहासुत्तविदियावयवस्स अत्थविहासा समत्ता। संपहि गाहापच्छद्धस्स अत्थविहासणं कुणमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

*** कं कम्मं उवसंतं अणुवसंतं च कं कम्मेत्ति विहासा।**

§ २९. सुगमं।

*** तं जहा।**

§ ३०. सुत्तमेदं पि पुच्छावक्कं।

अधिकार नहीं है। अतः दर्शनमोहनीयका उपशम सम्भव होनेपर भी वह यहाँ विवक्षित नहीं है यह इस सूत्रका भावार्थ है।

०* अनन्तानुबन्धियोंका भी उपशम नहीं होता।

§ २७. क्योंकि उनकी पहले ही विसंयोजना करके उपशमश्रेणिपर आरोहण करना सम्भव है। इसलिए विसंयोजनारूप अनन्तानुबन्धी प्रकृतियोंकी उपशामना सम्भव नहीं है यह बात स्वयंसिद्ध है।

०* बारह कषाय और नौ नोकषायवेदनीयका उपशम होता है।

§ २८. क्योंकि उपशमश्रेणिमें इन कर्मोंका सर्वोपशम स्फुटरूपसे उपलब्ध होता है। इस प्रकार 'किस-किस कर्मका उपशम होता है' गाथासूत्रके इस दूसरे अवयवके अर्थका विशेष विवरण समाप्त हुआ। अब गाथाके उत्तरार्धके अर्थका विशेष व्याख्यान करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** 'कौन कर्म उपशान्त होते हैं और कौन कर्म अनुपशान्त रहते हैं' इसकी विभाषा की जाती है।**

§ २९. यह सूत्र सुगम है।

*** वह जैसे।**

§ ३०. यह पृच्छासूत्र भी सुगम है।

*** पुरिसवेदेण उवट्ठिदस्स पढमं ताव णवुंसयवेदो उवसमेदि, सेसाणि कम्माणि अणुवसमाणि।**

३१. किमट्ठमेसा उवसंताणुवसंतकम्मपरूवणा आढवेदि त्ति णासंकणिज्जं, सव्वेसिं कसाय-णोकसायाणमक्कमोवसामणापडिसेहमुहेण कमोवसमपदंसणट्ठमेदिस्से परूवणाए आढत्तादो। तं कधं? पुरिसवेदोदएण उवट्ठिदो जो उवसामगो तस्स पुव्वमेव ताव णवुंसयवेदो उवसमेदि, ताधे पुण सेसाणि कम्माणि अणुवसंताणि। कुदो? तदुवसमणिबंधणविसोहीणमज्ज वि समुप्पत्तीए असंभवादो। ण चाणंतगुण-विसोहीहिं उवसामिज्जमाणाणं कम्माणमणंतगुणहीणहेट्ठिमविसोहिविसए उवसम-सब्भावो, विप्पडिसेहादो।

*** तदो इत्थिवेदो उवसमदि।**

§ ३२. णवुंसयवेदे उवसंते तदो पच्छा अंतोमुहुत्तं गंतूण इत्थिवेदो उवसमदि, तदुवसमणिबंधणाणं विसोहीणं तत्थ संपुण्णसंदंसणादो। एवमुवरिमसुत्ते वि कारण-णिद्देसो अणुगंतव्वो।

*** तदो सत्तणोकसाया उवसामेदि।**

*** पुरुषवेदसे उपशमश्रेणिपर चढ़े हुए जीवके सबसे पहले नपुंसकवेदका उपशम होता है, उस समय शेष कर्म अनुपशान्त रहते हैं।**

§ ३१. शंका—यहाँ उपशान्त और अनुपशान्त होनेवाले कर्मोंकी प्ररूपणा किसलिए स्वीकार की गई है?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि सब कषायों और नोकषायोंकी अक्रम से उपशामनाके निषेध द्वारा क्रमसे उपशमको दिखलानेके लिए यह प्ररूपणा स्वीकार की गई है।

शंका—वह कैसे?

समाधान—क्योंकि पुरुषवेदके उदयसे श्रेणिपर चढ़कर जो उपशम करनेवाला जीव है उसके सबसे पहले नपुंसकवेदका ही उपशम होता है। परन्तु उस समय शेष कर्म अनुपशान्त रहते हैं, क्योंकि उनके उपशमनकी कारणभूत विशुद्धियाँ अभी भी उत्पन्न नहीं हुई हैं। और जो कर्म अनन्तगुणी विशुद्धिसे उपशमभावको प्राप्त होते हैं उनका अनन्तगुणहीन अधस्तन विशुद्धिके स्थानमें उपशमका सद्भाव नहीं हो सकता, क्योंकि इसका निषेध है।

*** उसके बाद स्त्रीवेदका उपशम होता है।**

§ ३२. नपुंसकवेदके उपशान्त हो जानेपर तदनन्तर अन्तर्मुहूर्त जाकर स्त्रीवेदका उपशम होता है, क्योंकि उस समय स्त्रीवेदकी कारणभूत विशुद्धियाँ वहाँ पूरी देखी जाती हैं। इसी प्रकार आगेके सूत्रोंमें भी कारणका निर्देश जान लेना चाहिये।

*** उसके बाद सात नोकषायोंका उपशम होता है।**

§ ३३. सुगममेदं। णवरि छण्णोकसाएसु उवसंतेसु पच्छा समयूणदोआवलिमेत्तकालचरिमसमए पुरिसवेदणवकबंधो उवसमदि त्ति वत्तव्वं।

*** तदो तिविहो कोहो उवसमदि।**

*** तदो तिविहो माणो उवसमदि।**

*** तदो तिविहा माया उवसमदि।**

§ ३४. एदाणि तिण्णि वि सुत्ताणि सुबोहाणि।

*** तदो तिविहो लोहो उवसमदि किट्टिवज्जो।**

§ ३५. एदं पि सुगमं। अणियट्टिबादरसंपराइयचरिमसमए किट्टिवज्जस्स तिविहस्स लोहस्स सव्वोवसामणापरिणामो होदि त्ति पुव्वमेव परूवदत्तादो।

*** किट्टीसु लोहसंजलणमुवसमदि।**

§ ३६. गयत्थमेदं पि सुत्तं, सुहुमसांपराइयचरिमसमए सुहुमकिट्टीसरूवेण लोहसंजलणमुवसामेदि त्ति पुव्वमेव परूविदत्तादो।

*** तदो सव्वं मोहणीयं उवसंतं भवदि।**

§ ३७. कुदो? किट्टीसु उवसामिदासु णिरवसेसस्स मोहणीयस्स उवसंतभावेणावट्ठाणदंसणादो। एवमेत्तिएण पबंधेण पढमगाहाए अत्थविहासं समाणिय संपहि

---

§ ३३. यह सूत्र सुगम है। इतनी विशेषता है कि छह नोकषायोंका उपशम हो जानेपर तदनन्तर एक समय कम दो आवलिप्रमाण कालके अन्तिम समयमें पुरुषवेदके नवकबन्धका उपशम होता है ऐसा कथन करना चाहिये।

*** उसके बाद तीन क्रोधों का उपशम होता है।**

*** उसके बाद तीन मानोंका उपशम होता है।**

*** उसके बाद तीन मायाका उपशम होता है।**

§ ३४. ये तीनों ही सूत्र सुगम हैं।

*** उसके बाद कृष्टियोंको छोड़कर तीन लोभोंका उपशम होता है।**

§ ३५. यह सूत्र भी सुगम है। अनिवृत्तिबादरसाम्परायके अन्तिम समयमें कृष्टियोंको छोड़कर तीन प्रकारके लोभोंकी सर्वोपशामनारूप पर्याय हो जाती है यह पहले ही कह आये हैं।

*** तदनन्तर कृष्टिगत लोभसंज्वलनका उपशम होता है।**

§ ३६. यह सूत्र भी गतार्थ है, क्योंकि सूक्ष्मसाम्परायके अन्तिम समयमें सूक्ष्म कृष्टिरूपसे लोभसंज्वलनका उपशम होता है यह पहले ही कह आये हैं।

*** ऐसा होनेपर सम्पूर्ण मोहनीयकर्म उपशमभावको प्राप्त हो जाता है।**

§ ३७. क्योंकि कृष्टियोंके उपशमित हो जानेपर सम्पूर्ण मोहनीयकर्मका उपशमरूपसे अवस्थान देखा जाता है। इस प्रकार इतने प्रबन्ध द्वारा प्रथम गाथाके अर्थका व्याख्यान समाप्त

विदियगाहाए जहावसरपत्तमत्थविहासणं कुणमाणो उवरिमं पबंधमाह—

*** कदिभागुवसामिज्जदि संकममुदीरणा च कदिभागेत्ति विहासा ।**

§ ३८. एसा बिदियगाहा सपुव्वपच्छद्धा णवुंसयवेदादिपयडीणं समयं पडि उवसामिज्जमाणपदेसग्गस्स ट्ठिदि-अणुभागाणं च पमाणावहारणट्ठं पुणो तप्पसंगेणेव बज्झमाण-वेदिज्जमाणसंकामिज्जमाणोवसामिज्जमाणट्ठिदि-अणुभागपदेसाणमप्पाबहुअ-विहाणं च समोइण्णं । एवं परूविदसंबंधाए एदिस्से गाहाए अत्थविहासा एण्हिमहि-कीरदि त्ति एदेण सुत्तेण जाणाविदं ।

*** तं जहा ।**

§ ३९. सुगममेदं पुच्छावक्कं । तत्थ ताव 'कदिभागुवसामिज्जदि' त्ति एदस्स पढमावयवस्स अत्थविहासणट्ठमुवरिमं पबंधमाढवेइ—

*** जं कम्ममुवसामिज्जदि तमंतोमुहुत्तेण उवसामिज्जदि । जस्स जं पढमसमए उवसामिज्जदि पदेसग्गं तं थोवं । बिदियसमए उवसामिज्जदि पदेसग्गमसंखेज्जगुणं । एवं गंतूण चरिमसमए पदेसग्गस्स असंखेज्जा भागा उवसामिज्जंति ।**

करते अब अवसरप्राप्त दूसरी गाथाके अर्थका व्याख्यान करते हुए आगेके प्रबन्धका कथन करते हैं—

*** 'कितने भागको उपशमाता है और कितने भागका संक्रम और उदीरणा करता है' इसकी विभाषा की जाती है ।**

§ ३८. पूर्वार्ध और पश्चिमार्धके साथ यह दूसरी गाथा नपुंसकवेद आदि प्रकृतियोंसम्बन्धी प्रत्येक समयमें उपशमित होनेवाले प्रदेशपुंजका कथन करनेके लिए तथा स्थिति और अनुभागके प्रमाणका अवधारण करनेके लिए तथा उसी प्रसंगसे बन्धको प्राप्त होनेवाले, उदयको प्राप्त होनेवाले, संक्रमको प्राप्त होनेवाले और उपशमको प्राप्त होनेवाले स्थिति, अनुभाग और प्रदेशोंके अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिए आई है । इस प्रकार जिसके सम्बन्धकी प्ररूपणा कर दी गई है ऐसी इस गाथाका विशेष व्याख्यान इस समय अधिकृत है यह इस सूत्रसे जाना जाता है ।

*** वह जैसे ।**

§ ३९. यह पृच्छावाक्य सुगम है । वहाँ सर्व प्रथम 'कितने भागको उपशमाता है' गाथाके इस प्रथम पादके अर्थकी विशेष व्याख्या करनेके लिए आगेके प्रबन्धको आरम्भ करते हैं—

*** जिस कर्मको उपशमाया जाता है उसे अन्तर्मुहूर्तके द्वारा उपशमाता है । जिस कर्मका जो प्रदेशपुंज प्रथम समयमें उपशमाया जाता है वह प्रदेशपुंज सबसे थोड़ा है । दूसरे समयमें जो प्रदेशपुंज उपशमाया जाता है वह असंख्यातगुणा है । इस प्रकार जाकर अन्तिम समयमें प्रदेशपुंजका असंख्यात बहुभाग उपशमाया जाता है ।**

§ ४०. णवुंसयवेदादीणमण्णदरस्स णिरुद्धकम्मस्स अंतोमुहुत्तेण उवसामिज्जमाणस्स पढमसमयप्पहुडि जाव चरिमसमयो त्ति ताव समए उवसामिज्जमाणस्स पदेसग्गस्स असंखेज्जगुणाए सेढीए उवसामणा पयट्टदि त्ति भणिदं होदि। तदो दुचरिमादिहेट्ठिमसमएसु असंखेज्जदिभागो उवसामिज्जदि। चरिमसमए च असंखेज्जा भागा पदेसग्गस्स उवसामिज्जंति त्ति एसो एदस्स सुत्तस्स भावत्थो।

*** एवं सव्वकम्माणं।**

§ ४१. णवुंसयवेदादिसव्वकम्माणं एसो चेव कमो, णाण्णारिसो त्ति भणिदं होदि।

§ ४२. एवमुवसामिज्जमाणपदेसग्गस्स सेढिपरूवणं कादूण संपहि ट्ठिदीणमुवसामणा कधं पयट्टदि त्ति एदस्स णिण्णयकरणट्ठमुत्तरसुत्तं भणदि—

*** ट्ठिदीओ उदयावलियं बंधावलियं च मोत्तूण सेसाओ सव्वाओ समए समए उवसामिज्जंति।**

---

§ ४०. नपुंसकवेद आदि जो अन्यतर विवक्षित कर्मसम्बन्धी प्रदेशपुंज अन्तर्मुहूर्तके द्वारा उपशमाया जाता है उस उपशमाये जानेवाले प्रदेशपुंजकी प्रथम समयसे लेकर अन्तिम समयतक प्रत्येक समयमें असंख्यातगुणी श्रेणिरूपसे उपशामना प्रवृत्त होती है यह उक्त चूर्णिसूत्रका तात्पर्य है। इसलिए सिद्ध हुआ कि द्विचरम समयसे पूर्वके सब समयोंमें असंख्यातवाँ भागप्रमाण प्रदेशपुंज उपशमाया जाता है और अन्तिम समयमें प्रदेशपुंजका असंख्यात बहुभाग उपशमाया जाता है। यह इस चूर्णिसूत्रका भावार्थ है।

*** इसी प्रकार सब कर्मोंके विषयमें जानना चाहिये।**

§ ४१. नपुंसकवेद आदि सब कर्मोंका यही क्रम है, अन्य प्रकारका नहीं यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

विशेषार्थ—यहाँ प्रथम गाथाके उत्तरार्धकी प्ररूपणा करते हुए चारित्रमोहनीयकी २१ प्रकृतियोंकी किस क्रमसे उपशामना होती है इसे स्पष्ट करते हुए सर्व प्रथम सामान्यसे सभी २१ प्रकृतियोंकी उपशामना पर विशेष प्रकाश डालते हुए बतलाया गया है कि जिस कर्मकी उपशामना होती है उसमें अन्तर्मुहूर्त काल लगता है। उसमें भी प्रथम समयमें सबसे कम प्रदेशपुंजकी उपशामना होती है। आगे अन्तर्मुहूर्त काल तक प्रत्येक समयमें उत्तरोत्तर असंख्यातगुणे प्रदेशपुंजकी उपशामना होती जाती है। और इस प्रकार एक अन्तर्मुहूर्त कालके भीतर तत्कर्मसम्बन्धी पूरा प्रदेशपुंज उपशामित हो जाता है। जो जीव क्रोधादि कषायोंमेंसे किसी एक कषाय और पुरुषवेदकी अपेक्षा श्रेणिपर आरोहण करता है उसके सर्व प्रथम नपुंसकवेदकी उपशामना होती है। इसके बाद क्रमसे स्त्रीवेद आदिकी उपशामना होती है। क्रमका निर्देश पहले ही कर आये हैं।

§ ४२. इस प्रकार उपशमको प्राप्त होनेवाले प्रदेशपुंजकी श्रेणिप्ररूपणा करके अब उक्त कर्मोंकी स्थिति उपशामना कैसे प्रवृत्त होती है इस प्रकार इस बातका निर्णय करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** उदयावलि और बन्धावलिको छोड़कर शेष सब स्थितियाँ प्रत्येक समयमें उपशमित होती जाती हैं।**

§ ४३. सव्वेसिं कम्माणं सव्वाओ ट्ठिदीओ समए समए उवसामिज्जंति त्ति एत्थ संबंधो। किमविसेसेण ? नेत्याह—उदयावलियं बंधावलियं च मोत्तूण। उदयावलियपविट्ठाणं ताव ट्ठिदीणं णत्थि उवसामणा। कुदो ? उदयावलियपविट्ठस्स कम्मस्स कम्मोदयं मोत्तूण तत्थुवसामणादिकिरियाणं पवुत्तिविरोहादो। एदेण सोदयाणं पयडीणं पढमट्ठिदीए सव्विस्से चेव उवसामणा णत्थि त्ति एसो वि अत्थो सूचिदो दट्ठव्वो, तिस्से णियमेणुदयावलियं पविसमाणाए उदयावलियग्गहणेणेव संगहे विरोहाभावादो। जासिं पयडीणं बंधो अत्थि तासिं बंधावलियं पि मोत्तूण बंधावलियादिक्कंतसमयपबद्धाणं सव्वाओ ट्ठिदीओ समयं पडि उवसामेदि त्ति घेत्तव्वं, अणइक्कंतबंधावलियाणं ट्ठिदीणं उवसामणादिकरणाणमप्पाओग्गत्तादो।

§ ४४. संपहि अणुभागोवसामणा कधमेत्थ पयट्टदि त्ति आसंकाए णिरारेगीकरणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

* **अणुभागाणं सव्वाणि फड्डयाणि सव्वाओ वग्गणाओ उवसामिज्जंति।**

---

§ ४३. सभी कर्मोंकी सब स्थितियाँ प्रत्येक समयमें उपशमित होती जाती हैं ऐसा यहाँ चूर्णिसूत्रके पदोंका सम्बन्ध करना चाहिये।

शंका—क्या अविशेषरूपसे सभी स्थितियाँ उपशमित होती जाती हैं ?

समाधान—नहीं, आगे उसे ही स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि उदयावलि और बन्धावलिको छोड़कर शेष सभी स्थितियाँ प्रत्येक समयमें उपशमित होती जाती हैं।

उदयावलिमें प्रविष्ट हुई स्थितियोंकी तो उपशामना होती नहीं, क्योंकि उदयावलिमें प्रविष्ट हुए कर्मके उदयको छोड़कर वहाँ उपशमनादि क्रियाओंकी प्रवृत्ति होनेमें विरोध है। इस वचनसे, जो सोदय प्रकृतियाँ हैं उनकी सम्पूर्ण प्रथम स्थितिकी भी उपशामना नहीं होती, यह अर्थ भी सूचित किया गया जानना चाहिये, क्योंकि उसका नियमसे उदयावलिमें प्रवेश होता है, इसलिये उदयावलिके ग्रहण करनेसे ही उसका संग्रह हो जाता है इसमें कोई विरोध नहीं आता। तथा जिन प्रकृतियोंका बन्ध होता है उनकी बन्धावलिको छोड़कर बन्धावलि व्यतीत होनेके बाद समयप्रबद्धोंकी सम्पूर्ण स्थितियोंको प्रत्येक समयमें उपशमाता है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि जिन स्थितियोंकी बन्धावलि व्यतीत नहीं हुई है वे उपशामनाकरण आदिके अयोग्य हैं।

विशेषार्थ—अन्तर करनेवाला जीव जिस कषाय और वेदका वेदन करता है उसकी अन्तर्मुहूर्तप्रमाण प्रथम स्थिति स्थापित करता है। यतः यह प्रथम स्थिति क्रमसे उदयावलिमें प्रवेश करती जाती है, इसलिए उदयावलिके साथ एक तो इन स्थितियोंकी उपशामना नहीं होती। दूसरे प्रति समय जिन कर्मोंका नया बन्ध होता है उनके उन समयप्रबद्धोंकी भी बन्धावलि कालके भीतर उपशामना नहीं होती यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

§ ४४. अब अनुभागोपशामना यहाँ कैसे प्रवृत्त होती है ऐसी आशंकाके दूर करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* **अनुभागके सब स्पर्धक और सब वर्गणाएँ उपशमाई जाती हैं।**

§ ४५. कुदो ? सव्वासु ट्ठिदीसु सव्वेसिं अणुभागफद्दयाणं सव्ववग्गणाणं च संभवदंसणादो। एदस्स भावत्थो—सव्वाणुभागफद्दयाणं सव्ववग्गणाणं च तत्थ एक्केक्कस्स फद्दयस्स एक्केक्किस्से वग्गणाए च जइ वि एगेगपरमाणुपदेसाणुभागमुवसमदि तो वि सव्वाणि फद्दयाणि सव्ववग्गणाओ च उवसम्मेदि त्ति वुच्चदे। सरिसधणियपरमाणू पुणो वि अत्थि चेव कारणं, पढमसमयम्मि सरिसधणियवग्गणाणं असंखेज्जदिभागं चेव उवसामेदि त्ति। कुदो सव्वाणि फद्दयाणि सव्ववग्गणाओ च पढिसमयमुवसामिज्जंति त्ति भणिदं। एत्थ बंधावलियमुदयावलियं च मोत्तूणेत्ति ण वत्तव्वं, सव्वेसिं ट्ठिदिविसेसेसु सव्वासिं फद्दयवग्गणाणं संभवे तहाविहवयणविसेसस्स फलविसेसाणुवलंभादो। एवं ताव 'कदिभागमुवसामिज्जदि' त्ति एदस्स पदस्स 'ट्ठिदि-अणुभागे पदेसग्गे' इच्चेदेण चरिमावयवेण कयाहिसंबंधस्स अत्थपरूवणा कया।

§ ४६. संपहि 'संकमणमुदीरणा च कदिभागो' त्ति एदस्स सुत्तावयवस्स सुत्तसूचिदमत्थविवरणं कस्सामो। तं जहा—पदेससंकमो ताव अबज्झमाणपयडीणं समयं पडि असंखेज्जगुणो च सेढीए दट्ठव्वो। कारणं, सेढिं मोत्तूण हेट्ठा सव्वत्थ अबज्झमाणाणमप्पसत्थपयडीणं विज्झादसंकमो होदि। सेढीए पुण गुणसंकमो होदि त्ति।

---

§ ४५. क्योंकि सब स्थितियोंमें सब अनुभागसम्बन्धी स्पर्धकों और सब वर्गणाओंकी उपशमनक्रिया सम्भव प्रतीत होती है। इसका भावार्थ—सब अनुभागस्पर्धक और सब वर्गणाओंके मध्य वहाँ एक-एक स्पर्धक और एक-एक वर्गणाके यद्यपि एक-एक परमाणुप्रदेशसम्बन्धी अनुभागको उपशमाता है तो भी सभी स्पर्धकों और सभी वर्गणाओंको उपशमाता है ऐसा कहा जाता है। सदृश धनवाले परमाणुओंकी अपेक्षा फिर भी कारण है कि प्रथम समयमें सदृश धनवाली वर्गणाओंके असंख्यातवें भागको ही उपशमाता है, इसलिये सभी स्पर्धक और सभी वर्गणाएँ प्रत्येक समयमें उपशमाई जाती हैं यह कहा है। यहाँपर बन्धावलि और उदयावलिको छोड़कर ऐसा नहीं कहना चाहिये, क्योंकि सभी स्थितिविशेषोंमें सभी स्पर्धक और वर्गणाएँ सम्भव हैं, इसलिए उक्त प्रकारके वचनविशेषका कोई फल विशेष नहीं पाया जाता। इस प्रकार 'कदिभागमुवसामिज्जदि' इस पदका 'ट्ठिदि-अणुभागे पदेसग्गे' इस पदके साथ सम्बन्ध करके अर्थकी प्ररूपणा की।

विशेषार्थ—यहाँ प्रत्येक समयमें कितने अनुभागको उपशमाता है इसका विचार करते हुए बतलाया है कि जितने भी स्थितियोंके भेद हैं उन सबमें सदृश धनवाली वर्गणाएँ होती हैं, इसलिए यहाँ बन्धावलि और उदयावलिको छोड़कर ऐसा कहनेका प्रयोजन नहीं रहता। और ऐसी अवस्थामें सदृश धनवाली वर्गणाओंके असंख्यातवें भागको उपशमाता है ऐसा होनेसे अनुभागसम्बन्धी सभी स्पर्धकों और सभी वर्गणाओंको उपशमाता है यह कथन बन जाता है।

§ ४६. अब 'संकममुदीरणा च कदिभागो' गाथासूत्रके इस अवयवसम्बन्धी गाथासूत्रसे सूचित अर्थका विशेष व्याख्यान करते हैं। वह जैसे—अबध्यमान प्रकृतियोंका प्रदेशसंक्रम प्रत्येक समयमें श्रेणिरूपसे असंख्यातगुणा जानना चाहिये, क्योंकि श्रेणिको छोड़कर नीचे सर्वत्र अबध्यमान अप्रशस्त प्रकृतियोंका विध्यातसंक्रम होता है। परन्तु श्रेणिमें गुणसंक्रम होता है। बध्यमान

बज्झमाणाओ पयडीओ जाव गुणसंकमे ण पडिच्छंति ताव तासिं पदेसग्गमधापवत्त-संकमेण समयं पडि विसेसाहियं चेव संकामिज्जदि।

§ ४७. संपहि एदस्स फुडीकरणं वत्तइस्सामो। तं जहा—जं वा तं वा बज्झमाणमेगं कम्मं पुरिसवेदादिसु णिरुद्धं कायव्वं। तत्थ अण्णपयडिपदेसग्गं गुणसंकमेण गच्छमाणं पि अत्थि। पुणो तस्सेव पढमट्ठिदिसंभवे अप्पणो पदेसग्गं गुणसेढिसरूवेण ट्ठिदं समयं पडि उदये गलमाणं पि अत्थि। एत्थ जइ पडिच्छिज्जमाणदव्वादो समयं पडि गलमाणदव्वं बहुअं होज्ज तो बज्झमाणाणं पयडीणं पदेसग्गं परपयडीसु संकामिज्जमाणं विसेसहीणं चेव होदि, समयं पडि होयमाणसंतकम्मादो गच्छमाणदव्वस्स वि तहाभावसिद्धीए णिप्पडिबंधमुवलंभादो। अह गलमाणदव्वादो समयं पडि पडिच्छिज्जमाणदव्वं बहुअं होज्ज तो समयं पडि विसेसाहियकमेण संतकम्मं वड्ढमाणं गच्छदि त्ति। तदो परपयडीसु संकामिज्जमाणदव्वं पि तहा चेव पयट्टदि त्ति विसेसाहिओ चेव संकमो जायदे। एत्थ पुण समयं पडि गलमाणदव्वादो पडिच्छिज्जमाणदव्वं गुणसंकमपाहम्मेणासंखेज्जगुणं चेव होदि। तदो संकमिददव्वं पि विसेसाहियं चेव होदि त्ति णिच्छेयव्वं।

प्रकृतियाँ जबतक गुणसंक्रमको नहीं प्राप्त होती हैं तबतक उनका प्रदेशपुंज अधःप्रवृत्त संक्रमके द्वारा प्रत्येक समयमें विशेष अधिकरूपसे संक्रमित होता है।

§ ४७. अब इसका स्पष्टीकरण करके बतलाते हैं। वह जैसे—प्रकृतमें पुरुषवेदादिकर्मोंसे कोई एक कर्म विवक्षित करना चाहिये। वहाँ अन्य प्रकृतियोंका प्रदेशपुंज गुणसंक्रम द्वारा जाता हुआ भी है। पुनः उसीकी प्रथम स्थिति होनेपर गुणश्रेणीरूपसे स्थित अपना प्रदेशपुंज प्रत्येक समयमें उदयद्वारा जीर्ण होता हुआ भी है, यहाँपर यदि संक्रमित होनेवाले द्रव्यसे प्रत्येक समयमें गलित होनेवाला द्रव्य बहुत होवे तो बध्यमान प्रकृतियोंका पर प्रकृतियोंमें संक्रमित होनेवाला प्रदेशपुञ्ज विशेषहीन ही होता है, क्योंकि प्रत्येक समयमें कम होनेवाले सत्कर्ममेंसे जानेवाला द्रव्य भी उस प्रकारसे बन जाता है इसकी सिद्धिमें कोई बाधा नहीं पाई जाती। और यदि गलनेवाले द्रव्यसे प्रत्येक समयमें संक्रमित होनेवाला द्रव्य बहुत होवे तो प्रत्येक समयमें सत्कर्म विशेष अधिक क्रमसे वृद्धिको प्राप्त होता जाता है। इसलिए परप्रकृतियोंमें संक्रमित होनेवाला द्रव्य भी उसीप्रकार प्रवृत्त होता है, अतः संक्रममें विशेष अधिक ही हो जाता है। परन्तु यहाँपर प्रत्येक समयमें गलनेवाले द्रव्यसे परप्रकृतियोंमें संक्रमित होनेवाला द्रव्य गुणसंक्रमके माहात्म्यवश असंख्यातगुणा ही होता है, इसलिए संक्रमित होनेवाला द्रव्य भी विशेष अधिक ही होता है ऐसा निश्चय करना चाहिये।

विशेषार्थ—यहाँ पर किन प्रकृतियोंका कितना संक्रम और उदीरणा होती है इसका विचार करते हुए बतलाया है कि जो यहाँ पर नहीं बँधनेवाली अप्रशस्त प्रकृतियाँ हैं उनका प्रत्येक समयमें असंख्यातगुणा प्रदेशसंक्रम जानना चाहिये, क्योंकि जब तक यह जीव श्रेणिपर आरोहण नहीं करता तब तक सर्वत्र नहीं बँधनेवाली उक्त प्रकृतियोंका विध्यातसंक्रम होता है और श्रेणि आरोहण करनेपर गुणसंक्रम होने लगता है। यह तो अप्रशस्त प्रकृतियों सम्बन्धी कथन है।

§ ४८. संपहि केसिं कम्माणं केत्तियं कालमेसो विसेसाहियसंकमो होदि त्ति मग्गणं कस्सामो। तं जहा—पुरिसवेदस्स ताव इत्थिवेदं चरिमगुणसंकमेण पडिच्छियूण जाव आवलियमेत्तकालो गच्छइ ताव विसेसाहिओ चेव संकमो होदि। तत्तो परं विसेसहीणं चेव भवदि जाव सगसव्वोवसामणाचरिमसमओ त्ति। णवरि चिराणसंतकम्ममुवसामेयूण णवकबंधमुवसामेमाणस्स पढमसमए असंखेज्जगुणहाणी होदूण तदो दुसमयूणदोआवलिमेत्तणवकबंधसंकमो जोगविसेसमस्सियूण चउव्विहाए वड्ढीए हाणीए अवट्ठिदसरूवेण च पयट्टदि त्ति वत्तव्वं, णाणासमयपबद्धावलंबणेण तत्थ तहाभावोववत्तीए। कोहसंजलणस्स वि सत्तणोकसाएहिं सह दुविहकोहकसायस्स जाव संकमो ताव विसेसाहिओ चेव संकमो होदि। पुणो छण्णोकसायचरिमगुणसंकमे पडिच्छिदे पच्छा आवलियमेत्तकालं विसेसाहियसंकमो होदूण थक्कदि। एत्तो प्पहुडि जाव कोहसंजलणो सव्वोवसमं गच्छदि ताव माणस्सुवरि विसेसहीणकमेण संकमो भवदि। कारणमेत्थ सुगमं। णवरि कोहसंजलणणवकबंधसंकमो पुव्वं व चदुवड्ढि-हाणि-अवट्ठिदसरूवेण पयट्टदि त्ति घेत्तव्वं।

परन्तु जो बध्यमान प्रकृतियाँ हैं उनका जब तक गुणसंक्रम नहीं होता तब तक उनका भी प्रदेशपुञ्ज अधःप्रवृत्त संक्रमके द्वारा विशेष अधिक ही संक्रमित होता है। कारण कि जो बध्यमान पुरुष वेद आदि मेंसे विवक्षित एक प्रकृति है उसका गुणसंक्रमके द्वारा अन्य कृतिरूप प्रदेशसंक्रम भी होता है और उसकी प्रथम स्थिति सम्भव है, इस लिये उसका असंख्यातगुणी गुणश्रेणिरूपसे प्राप्त हुआ प्रदेशपुञ्ज प्रत्येक समयमें उदयमें भी दिया जाता है, यतः यहाँपर संक्रमित होनेवाले द्रव्यसे प्रत्येक समयमें गलनेवाला द्रव्य बहुत होता है, इसलिए उक्त व्यवस्था बन जाती है। शेष कथन सुगम है। प्रदेशपुञ्ज विशेष हीन ही होता है, क्योंकि प्रत्येक समयमें विशेषहीन होता जाता है।

§ ४८. अब किन कर्मोंका कितने काल तक यह विशेष अधिक संक्रम होता है इसकी मार्गणा करते हैं। वह जैसे—पुरुषवेदका तो, स्त्रीवेदको अन्तिम गुणसंक्रमके द्वारा ग्रहण करके, जब तक एक आवलि काल जाता है तब तक विशेष अधिक ही संक्रम होता है। उसके बाद अपनी सर्वोपशमनाके अन्तिम समय तक विशेष हीन ही संक्रम होता है। इतनी विशेषता है कि पुराने सत्कर्मको उपशमा कर नवकबन्धका उपशम करनेवाले जीवके प्रथम समयमें असंख्यात गुणहानि होकर उसके बाद दो समय कम दो आवलिप्रमाण नवक समयप्रबद्धका संक्रम योग विशेषकी अपेक्षा चार प्रकारकी वृद्धि, चार प्रकारकी हानि और अवस्थितरूपसे प्रवृत्त होता है ऐसा यहाँ कहना चाहिये, क्योंकि नाना समयप्रबद्धोंकी अपेक्षा वहाँ उक्त संक्रम उस प्रकारसे बन जाता है। क्रोधसंज्वलनका भी, सात नोकषायोंके साथ दो प्रकारके क्रोधकषायका जब तक संक्रम होता है तब तक विशेष अधिक ही संक्रम होता है। पुनः छह नोकषायोंके अन्तिम गुणसंक्रमके प्राप्त होनेके बाद एक आवलि कालतक विशेष अधिक संक्रम होता रहता है। पुनः यहाँसे लेकर जब तक क्रोधसंज्वलनका सर्वोपशम होता है तब तक मान कषायके ऊपर विशेष हीन क्रमसे संक्रम होता है। यहाँ कारण सुगम है। इतनी विशेषता है कि क्रोधसंज्वलनके नवकबन्धका संक्रम पहलेके समान चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थितरूपसे प्रवृत्त होता है ऐसा यहाँ ग्रहण

§ ४९. संपहि माणसंजणस्स वुच्चदे ! तं जहा—अंतरकरणे समत्ते पच्छा छण्णोकसायदुविहकोहदव्वं गुणसंकमेण कोहसंजलणस्सुवरि संकामेदि । णवरि एदं दव्वं अप्पहाणं, सव्वघादिपडिभागियत्तादो । किंतु कोहसंजलणादो अधापवत्तसंकमेण माणसंजलणस्स उवरि संकममाणदव्वं पहाणं । तेण समयं पडि माणसंतकम्मं विसेसाहियं होदूण गच्छदि । पुणो एवं माणसरूवेण वड्ढिदूण ट्ठिददव्वादो मायासरूवेण गच्छमाणदव्वं पि समयं पडि विसेसाहियं भवदि जाव कोहसंजलणचिराणसंतकम्मस्स माणसंजलणस्सुवरि संकमे थक्के पुणो आवलियमेत्तकालमुवरि गंतूण तव्विसयो थक्को त्ति । एसो प्पहुडि विसेसहीणसंकमो भवदि जाव सगसव्वोवसमचरिमसमओ त्ति । णवरि णवकबंधसंकमो पुव्वं व चउव्विहवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणेहिं दट्ठव्वो । एवं मायासंजलणस्स वि एसा मग्गणा जाणिय कायव्वा । लोहसंजलणस्स पुण अंतरकरणादो हेट्ठा चेव सेसकसाय-णोकसायगुणसंकमपडिग्गहवसेण विसेसाहियो संकमविसयो अणुगंतव्वो, पयदविसये तस्स संकमाभावादो ।

§ ५०. ट्ठिदिसंकमो अणुदइल्लाणं अवट्ठिदो चेव होदि, तत्थ विदियट्ठिदीए पयट्टमाणस्स संकमस्स वड्ढिहाणीणमणुवलंभादो । वेदिज्जमाणं पुण समयं पडि विसेसहीणो चेव संकमो जायदे, तत्थ पढमट्ठिदिए णिरंतरं गलमाणोवलंभादो । णवरि वि

करना चाहिये ।

§ ४९. अब मानसंज्वलनका कहते हैं । वह जैसे—अन्तरकरण समाप्त होनेपर पश्चात् छह नोकषाय और दो प्रकारके क्रोधके द्रव्यको गुणसंक्रमके द्वारा क्रोधसंज्वलनके ऊपर संक्रमित करता है । इतनी विशेषता है कि यह द्रव्य अप्रधान है, क्योंकि यह सर्वघाति द्रव्यका प्रतिभाग होकर प्राप्त हुआ है । किन्तु क्रोधसंज्वलनमेंसे अधःप्रवृत्तसंक्रमण द्वारा मानसंज्वलनके ऊपर संक्रमित होनेवाला द्रव्य प्रधान है, उस द्वारा मानसंज्वलनका द्रव्य प्रत्येक समयमें विशेष अधिक होता जाता है । पुनः इस प्रकार मानरूपसे वृद्धिको प्राप्त होकर स्थित हुए द्रव्यमेंसे मायारूपसे प्राप्त होनेवाला द्रव्य भी प्रत्येक समयमें तबतक विशेष अधिक होता जाता है जबतक क्रोधसंज्वलनके चिरकालीन सत्कर्मका मानसंज्वलनके ऊपर संक्रम पूरा होनेके बाद आवलिमात्र काल ऊपर जाकर उसका विषय समाप्त होता है । यहाँसे लेकर सर्वोपशमके अन्तिम समयतक विशेषहीन संक्रम होता है । इतनी विशेषता है कि नवकबन्धका संक्रम पहलेके समान चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थितरूपसे जानना चाहिये । इसी प्रकार मायासंज्वलनकी भी गवेषणा करके जान लेनी चाहिये । लोभसंज्वलनको तो अन्तरकरणसे पूर्व ही शेष कषायों और नोकषायके गुणसंक्रमसम्बन्धी प्रतिग्रहके कारण विशेष अधिक संक्रमका विषय मानना चाहिये, क्योंकि प्रकृत स्थानपर उसके संक्रमका अभाव है ।

§ ५०. अनुदयरूप प्रकृतियोंका स्थितिसंक्रम अवस्थित ही होता है, क्योंकि उनकी द्वितीय स्थितिसम्बन्धी प्रवृत्त हुए संक्रममें वृद्धि-हानि नहीं पाई जाती । तथा जो प्रकृतियाँ वेदी जाती हैं उनका प्रति समय विशेषहीन ही संक्रम होता है, क्योंकि उनकी प्रथम स्थिति निरन्तर गलती

संजलणपुरिसवेदाणं चिराणसंतकम्ममुवसामिय णवकबंधमुवसामेमाणस्स संधीए सइ-मसंखेज्जगुणहाणी होदूण तदो अवट्ठिदसंकमो होदि त्ति दट्ठव्वं ।

§ ५१. अणुभागसंकमो वि सव्वासिं मोहपयडीणमेदम्मि विसये अवट्ठिदो चेव दट्ठव्वो । तं कधं ? जहण्णफद्दयप्पहुडि अभवसिद्धि० अणंतगुण-सिद्धाणमणंतभागमेत्त-फद्दयरयणाए सरिसधणियपमाणं पि एत्तियं चेव होदि । पुणो एदासेसमसंखेज्जदिभागं समये० संकामिज्जदि तेणावट्ठिदो चेव संकमो भवदि । सोदयाणं पढमट्ठिदीए गल-माणाये अणवट्ठिदो संकमो किण्ण जायदे ? ण, पढमट्ठिदिफद्दयाणं विदियट्ठिदिअणु-भागफद्दएहिं सह सरिसधणियाणं गलणे वि तत्थाणवट्ठिदसंकमाणुवलद्धीदो । खंडए पदिदे अणंतगुणहाणी किण्ण होदि त्ति णासंकणिज्जं, अंतरकरणे कदे मोहणीयस्स ट्ठिदिअणुभागखंडयघादाणब्भुवगमादो । णवरि तिण्णिसंजलणपुरिसवेदाणं णवकबंधाणु-भागसंकमो समयं पडि अणंतगुणहीणकमेण पयट्टदि त्ति घेत्तव्वं ।

रहती है । इतनी विशेषता है कि संज्वलन कषाय और पुरुषवेदके चिरकालीन सत्कर्मको उपशमा कर नवकबन्धका उपशम करनेवाले जीवके सन्धिमें एकबार असंख्यात गुणहानि होकर तदनन्तर अवस्थित संक्रम होता है ऐसा जानना चाहिये ।

विशेषार्थ—यहाँ अनुदयरूप प्रकृतियोंकी एक आवलिप्रमाण प्रथम स्थिति होती है और उदयवाली प्रकृतियोंकी अन्तर्मुहूर्तप्रमाण प्रथम स्थिति होती है तथा चार संज्वलन और पुरुषवेद ये यथासम्भव बन्धप्रकृतियाँ भी हैं, इसलिये संक्रमकी उक्त व्यवस्था बन जाती है ।

§ ५१. सम्पूर्ण मोहप्रकृतियोंका इस स्थलपर अनुभागसंक्रम भी अवस्थित ही जानना चाहिये ।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—जघन्य स्पर्धकसे लेकर अभव्योंसे अनन्तगुणे तथा सिद्धोंके अनन्तवें भागप्रमाण स्पर्धकोंकी रचनामें सदृश धनवालोंका प्रमाण भी उतना ही होता है । पुनः इनका असंख्यातवाँ भाग प्रत्येक समयमें संक्रमित होता है, इसलिए अवस्थित ही संक्रम होता है ।

शंका—सोदय प्रकृतियोंकी प्रथम स्थितिके गलित होते समय अनवस्थित संक्रम क्यों नहीं होता है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि द्वितीय स्थितिके अनुभागसम्बन्धी स्पर्धकोंके साथ समान धनवाले प्रथम स्थितिके स्पर्धकोंके गलनेपर भी वहाँ अनवस्थित संक्रम नहीं उपलब्ध होता ।

शंका—अनुभागकाण्डकका घात करते समय अनन्त गुणहानि क्यों नहीं होती है ?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि अन्तरकरण करनेके बाद मोहनीय-कर्मका स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात नहीं पाया जाता । इतनी विशेषता है कि तीन संज्वलन और पुरुषवेदके नवकबन्धका अनुभागसंक्रम प्रत्येक समयमें अनन्त गुणहीनक्रमसे प्रवृत्त होता है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये ।

विशेषार्थ—जघन्य स्पर्धकसे लेकर जितने अनुभागस्पर्धक हैं वे अभव्योंसे अनन्तगुणे या सिद्धोंके अनन्तवें भागप्रमाण होते हैं । उनमें सदृश धनवालोंका प्रमाण भी उतना ही है और यहाँ इनके असंख्यातवें भागका प्रत्येक समयमें संक्रम होता है, इसलिये प्रकृतमें अवस्थित संक्रम बन जाता है । तथा जो सोदय प्रकृतियाँ हैं उनमें भी प्रथम स्थितिके स्पर्धक द्वितीय स्थितिके स्पर्धकोंके

§ ५२. संपहि उदीरणाए मग्गणं कसामो। तं जहा—पदेसग्गेण ताव समयं पडि असंखेज्जगुणाए सेडीए सव्वेसिं कम्माणं वेदिज्जमाणाणमुदीरणा पयट्टदे। किं कारणं? विसोहीए समयं पडि अणंतगुणकमेण वड्ढिदंसणादो। ट्ठिदिउदीरणा पुण विसेसहीणा होदूण गच्छदि जाव पढमट्ठिदीए आवलियपडिआवलियाओ अच्छिदाओ त्ति। पुणो ट्ठिदिउदीरणा असंखे०गुणहीणा भवदि। कुदो? आवलियपडिआवलियासु संतासु तत्थागालपडिआगालवोच्छेदवसेण ट्ठिदिउदीरणाए असंखेज्जगुणहीणत्तदंसणादो। पुणो पडिआवलियमेत्तकालमधट्ठिदिगलणेण विसेसहीणा भवदि।

§ ५३. अणुभागउदीरणा पुण समयं पडि अणंतगुणहीणा चेव भवदि। किं कारणं? मोहणीयमप्पसत्थपयडी होदि। अप्पसत्थपयडीणं च विसोहिवड्ढीए अणुभागमणुसमयमणंतगुणहीणं होदूणुदीरिज्जदे। तेणाणुभागुदीरणा अणंतगुणहीणा चेव होदि त्ति सिद्धं। एवं बंधोदयाणं च ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसविसयाणमेत्थ मग्गणा जाणिय कायव्वा। एसा च सुत्तस्स मग्गणा सुत्तं ति ण 'सुत्तयारेण' पवंचिदा।

§ ५४. एव ताव सत्थाणे एदेसिं मग्गणं कादूण संपहि एदेसिं चेव सुत्तणिद्दिट्ठसव्वपदाणं परत्थाणे अप्पाबहुअं कुणमाणो 'चुण्णिसुत्तयारो' इदमाह—

साथ समान घनवाले होते हैं, इसलिए उनमें भी अवस्थित संक्रम घटित हो जाता है। तथा अन्तरकरण क्रियाके बाद मोहनीय कर्ममें काण्डकघात क्रिया होती नहीं, इसलिए इस क्रियाके निमित्तसे अनुभागकी प्रति समय होनेवाली अनन्त गुणहानि भी यहाँ सम्भव नहीं है। इतना अवश्य है कि पुरुषवेद और क्रोधादि तीन संज्वलन प्रकृतियोंके नवकबन्धके अनुभागमें प्रति समय अनन्त गुणहीनक्रमसे संक्रम बन जाता है।

§ ५२. अब उदीरणाकी मार्गणा करते हैं। वह जैसे—प्रदेशाग्रकी अपेक्षा तो सभी वेदे जानेवाले कर्मोंकी उदीरणा असंख्यातगुणी श्रेणिरूपसे प्रवृत्त होती है, क्योंकि प्रत्येक समयमें विशुद्धिकी अनन्तगुणे क्रमसे वृद्धि देखी जाती है। परन्तु स्थिति उदीरणा आवलि प्रत्यावलिके अवस्थित रहने तक विशेष हीन होती जाती है। पुनः स्थिति उदीरणा असंख्यातगुणी हीन होती है, क्योंकि वहाँ आगाल-प्रत्यागालकी व्युच्छित्ति हो जानेके कारण स्थिति उदीरणा असंख्यातगुणी हीन देखी जाती है। पुनः प्रत्यावलिप्रमाण काल तक अधःस्थितिगलनाके द्वारा विशेष हीन होती है।

§ ५३. अनुभाग उदीरणा तो प्रत्येक समयमें अनन्त गुणहीन ही होती है, क्योंकि मोहनीय अप्रशस्त प्रकृति है और विशुद्धिकी वृद्धि होनेसे अप्रशस्त प्रकृतियोंका अनुभाग प्रत्येक समयमें अनन्तगुणा हीन होकर उदीरित होता है, इसलिए अनुभाग उदीरणा अनन्तगुणी हीन ही होती है यह सिद्ध हुआ। इसीप्रकार स्थिति, अनुभाग और प्रदेश विषयक बन्ध और उदयकी मार्गणा यहाँ पर जानकर करना चाहिये। यह सब मार्गणा सुगम है, इसलिये सूत्रकारने विस्तार नहीं किया।

§ ५४. इस प्रकार सर्वप्रथम स्वस्थानमें इनकी मार्गणा करके अब सूत्रमें निर्दिष्ट किये गये इन्हीं सब पदोंका परस्थानमें अल्पबहुत्वका कथन करते हुए चूर्णिसूत्रकार इस सूत्रको कहते हैं—

*** णवुंसयवेदस्स पढमसमयउवसामगस्स जाओ ठिदीओ बज्झंति तासो थोवाओ ।**

§ ५५. अंतरकरणे णिट्ठिदे णवुंसयवेदस्स पढमसमयउवसामगो णाम जायदे । तस्स तक्काले जाओ ट्ठिदीओ बज्झंति मोहणीयस्स ताओ थोवाओ । किं कारणं ? अंतरकरणाणंतरमेव मोहणीयस्स संखेज्जवस्सट्ठिदिबंधस्स पारंभदंसणादो ।

*** जाओ संकामिज्जंति ताओ असंखेज्जगुणाओ ।**

§ ५६. कुदो ? अंतोकोडाकोडीसागरोवमपमाणत्तादो । एत्थोवसामिज्जमाणाणं ट्ठिदीणं णिद्देसो किण्ण कदो त्ति णासंकणिज्जं, संकामिज्जमाणट्ठिदीसु चेव तासिमंतब्भावो होदि त्ति पुध णिद्देसाकरणादो । जो च तत्थ को वि अब्भंतरो सुहुमभेदो सो वि वक्खाणादो जाणिज्जदे, व्याख्यानतो विशेषप्रतिपत्तिरिति न्यायात् ।

*** जाओ उदीरिज्जंति ताओ तत्तियाओ चेव ।**

§ ५७. कुदो ? उदयावलियबाहिरासेसट्ठिदीणमुदीरिज्जमाणाणंतपमाणत्तदंसणादो ।

*** उदिण्णाओ विसेसाहियाओ ।**

*** नपुंसकवेदका प्रथम समयमें उपशम करनेवालेके जो स्थितियाँ बँधती हैं वे थोड़ी हैं ।**

§ ५५. अन्तरकरण क्रिया समाप्त होनेपर नपुंसकवेदका प्रथम समयवर्ती उपशामक होता है। उसके उस समय मोहनीयकी जो स्थितियाँ बँधती हैं वे स्तोक हैं, क्योंकि अन्तरकरण क्रिया करनेके अनन्तर ही मोहनीयका संख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध देखा जाता है ।

*** जो स्थितियाँ संक्रमित की जाती हैं वे असंख्यातगुणी हैं ।**

§ ५६. क्योंकि वे अन्तःकोडाकोडी सागरोपमप्रमाण हैं ।

शंका--यहाँपर उपशमायी जानेवाली स्थितियोंका निर्देश क्यों नहीं किया ?

समाधान--ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि संक्रमित की जानेवाली स्थितियोंमें ही उनका अन्तर्भाव हो जाता है, इसलिए उनका अलगसे निर्देश नहीं किया है । और जो कुछ उनमें भीतरी सूक्ष्म भेद है वह भी व्याख्यानसे जान लिया जाता है, क्योंकि व्याख्यानसे विशेषकी प्रतिपत्ति होती है ऐसा न्याय है । तात्पर्य यह है कि प्रथम स्थितिगत स्थितियोंकी उपशमना नहीं होती, संक्रम होता है ।

*** जो स्थितियाँ उदीरित की जाती हैं वे उतनी ही हैं ।**

§ ५७. क्योंकि उदयावलिके बाहरकी समस्त स्थितियाँ उदीरित की जाती हैं, इसलिए वे संक्रमित की जानेवाली स्थितियोंके बराबर देखी जाती है ।

*** उदीर्ण स्थितियाँ विशेष अधिक हैं ।**

§ ५८. किं कारणं ? उदयट्ठिदीए वि एत्थ पवेसदंसणादो ।

*** जट्ठिदिउदयोदीरणा संतकम्मं च विसेसाहिओ ।**

§ ५९. कुदो ? समयूणुदयावलियाए एत्थ पवेसदंसणादो । जट्ठिदिसंकमो वि एत्थेवंतब्भूदो वि वक्खाणेयव्वो, जट्ठिदिउदीरणाए तस्स समाणपरूवणत्तादो । संपहि मोहणीयम्मि चदुसंजलण-पुरिसवेदाणमेदमप्पाबहुअं दट्ठव्वं । णाणावरणदंसणावरण-णामागोदवेदणीयंतराइयाणं पि एवं चेव अप्पाबहुअं कायव्वं, विसेसाभावादो । णवरि वेदणीयस्स उदीरणा णत्थि । इत्थिणवुंसयवेदाणं बंधं मोत्तूण संकमउदीरणाउदयसंत-कम्मट्ठिदीदो [ओ] घेत्तूण एवं चेव वत्तव्वं, सोदयविवक्खाए तदुववत्तीदो । अट्ठकसाय-छण्णोकसायाणं णत्थि अप्पाबहुअं, बंधोदयादिपदाणं तत्थासंभवादो ।

§ ६०. एवं ट्ठिदीओ अस्सियूण पयदप्पाबहुअं समाणिय संपहि अणुभाग-विसए पयदप्पाबहुअमग्गणट्ठमुत्तरं सुत्तपबंधमाह—

*** अणुभागेण बंधो थोवो ।**

§ ६१. कुदो ? देसघादिएयट्ठाणियसरूवत्तादो । तदो सव्वत्थोवत्तमेदस्स सिद्धं कादूण संपहि एतो बहुअपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

*** उदयो उदीरणा च अणंतगुणा ।**

---

§ ५८. क्योंकि उदयावलिका भी इनमें प्रवेश देखा जाता है ।

*** यस्थिति उदय, उदीरणा और सत्कर्म विशेष अधिक हैं ।**

§ ५९. क्योंकि एक समयकम उदयावलिका इनमें प्रवेश देखा जाता है । यस्थितिसंक्रम भी इनमें अन्तर्भूत है ऐसा व्याख्यान करना चाहिए, क्योंकि यस्थिति उदीरणाके समान उसका प्ररूपण है । यहाँ मोहनीयके चार संज्वलन और पुरुषवेदका यह अल्पबहुत्व जानना चाहिये । ज्ञानावरण, दर्शनावरण, नाम, गोत्र, वेदनीय और अन्तरायका भी इसी प्रकार अल्प-बहुत्व करना चाहिये, क्योंकि उससे इसमें कोई भेद नहीं है । इतनी विशेषता है कि वेदनीय-कर्मकी प्रकृतमें उदीरणा नहीं होती । स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके बन्धको छोड़कर संक्रम, उदीरणा, उदय और सत्कर्मसम्बन्धी स्थितियोंको ग्रहणकर इसी प्रकार कथन करना चाहिये, क्योंकि उदय सहित अवस्थाकी विवक्षामें उक्त अल्पबहुत्व बन जाता है । आठ कषाय और छह नोकषायोंका अल्पबहुत्व नहीं है, क्योंकि इन प्रकृतियोंका वहाँ बन्ध और उदय आदि पद सम्भव नहीं है ।

§ ६०. इस प्रकार स्थितियोंका आश्रय लेकर प्रकृत अल्पबहुत्वको समाप्त करके अब अनुभागविषयक प्रकृत अल्पबहुत्वकी मार्गणा करनेके लिए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** अनुभागकी अपेक्षा बन्ध स्तोक है ।**

§ ६१. क्योंकि वह देशघाति एकस्थानीयस्वरूप है, इसलिए इसके सबसे स्तोकपनेकी सिद्धि करके अब इससे आगे बहुविषयक अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** उदय और उदीरणा अनन्तगुणे हैं ।**

मार्गदर्शक

§ ६२. कुदो ? देसघादिएयट्ठाणियत्ताविसेसे वि उदयोदीरणाणुभागस्स अणंतसरूवस्स तहाभावोववत्तीदो ।

❀ संकमो संतकम्मं च अणंतगुणं ।

§ ६३. कुदो ? सव्वघादिविट्ठाणियसरूवत्तादो । एवमप्पाबहुअमंतरकरणप्पहुडि-णियट्टिबादरसांपराइयम्मि परूविदं । संपहि एदेणेव संबंधेण किट्टीवेदगस्स सुहुम-साइयस्स केरिसमणुभागप्पाबहुअं होदि त्ति आसंकाए णिरारेगीकरणट्ठमुत्तरो सुत्तपबंधो—

❀ किट्टीओ वेदेंतस्स बंधो णत्थि ।

§ ६४. कुदो ? मोहणीयस्स अणियट्टिगुणट्ठाणादो उवरि बंधासंभवादो । तदो बंधं मोत्तूण सेसपदाणं चेव अप्पाबहुअं कस्सामो त्ति उत्तं होइ ।

❀ उदयोदीरणा च थोवा ।

§ ६५. कुदो ? किट्टीणमणंतगुणहाणीए हाइदूण उदयोदीरणासरूवेण परिणमण-दंसणादो ।

❀ संजमो अणंतगुणो ।

---

§ ६२. क्योंकि देशघाति एकस्थानीयपनेकी अपेक्षा विशेषता न होनेपर भी चिरकालीन संक्रमस्वरूप उदय और उदीरणाका अनुभाग उसरूप पाया जाता है ।

❀ संक्रम और सत्कर्म अनन्तगुणे हैं ।

§ ६३. क्योंकि इनका अनुभाग सर्वघाति द्विस्थानीयस्वरूप है । इस प्रकार यह अल्पबहुत्व अन्तरकरणसे लेकर अनिवृत्तिबादरसाम्परायको लक्ष्यमें रखकर कहा है । अब इसके सम्बन्धसे कृष्टिवेदक सूक्ष्मसाम्परायके किस प्रकारका अनुभागसम्बन्धी अल्पबहुत्व होता है ऐसी आशंका होनेपर निःशंक करनेके लिए आगेका सूत्रप्रबन्ध आया है—

❀ कृष्टियोंका वेदन करनेवालेके बन्ध नहीं होता ।

§ ६४. क्योंकि अनिवृत्ति गुणस्थानके बाद मोहनीयका बन्ध नहीं होता । इसलिए बन्धको छोड़कर शेष पदोंका ही अल्पबहुत्व करते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

❀ उदय और उदीरणा सबसे स्तोक हैं ।

§ ६५. क्योंकि अनन्तगुणहानिरूपसे घटाकर कृष्टियोंका उदय और उदीरणारूपसे परिणमन देखा जाता है । तात्पर्य यह है कि जिन कृष्टियोंका प्रत्येक समयमें उदय और उदीरणा होती है वे उसीरूपसे उदय और उदीरणाको नहीं प्राप्त होती किन्तु अनन्तगुणहानिरूपसे घट कर ही वे उदय और उदीरणाको प्राप्त होती हैं । इसलिए यहाँ कृष्टियोंके उदय और उदीरणाको सबसे स्तोक कहा है ।

❀ संक्रम अनन्तगुणा है ।

§ ६६. किं कारणं ? सव्वकिट्टीणं हेट्ठा उवरिं च असंखेज्जभागं मोत्तूण पुण मज्झिमकिट्टीओ वेदिज्जमाणाओ भवंति। सव्वाओ चेव संकामिज्जमाणाओ भवंति ओकड्डणासंकमस्स सव्वत्थ पडिसेहाभावादो। तेण संकमो अणंतगुणो जादो। एदस्स भावत्थो—वेदिज्जमाणकिट्टीणमग्गकिट्टीदो अणंतरोवरिमअवेदिज्जमाणजहण्णकिट्टी जदि वि एगा घेप्पदि तो वि मज्झिमकिट्टीणं सव्वाणुभागादो णिच्छयेणाणंतगुणा चेव भवदि। किं पुण तासिं उवरिमासंखेज्जदिभागे सव्वम्मि चेव घेप्पमाणे संकमो अणंतगुणो ण होज्ज, णिच्छयेणाणंतगुणो चेव भवदि त्ति।

❀ संतकम्ममणंतगुणं।

§ ६७. कुदो ? फड्डयसरूवेणावट्ठिदसव्वाणुभागस्स गहणादो। एवमणुभागमस्सियूण पयदप्पाबहुअमग्गणा समत्ता। संपहि पदेसमस्सियूण तव्विहासणट्ठमुत्तरो सुत्तपबंधो—

* एत्तो पदेसेण णवुंसयवेदस्स पदेसउदीरणा अणुक्कस्सअजहण्णा थोवा।

§ ६८. पदेसग्गेण अप्पाबहुए णिद्दाणिज्जमाणे तत्थ ताव णवुंसयवेदस्स अंतरदुसमयकदप्पहुडि जत्थ वा तत्थ वा णिरुद्धसमयम्मि पदेसुदीरणा असंखेज्जसमयपबद्ध-

---

§ ६६. क्योंकि सब कृष्टियोंमेंसे नीचेकी और ऊपरकी असंख्यातवें भागप्रमाण कृष्टियोंको छोड़कर मध्यम कृष्टियाँ ही वेदी जाती हैं। परन्तु संक्रमित सभी कृष्टियाँ होती हैं, क्योंकि अपकर्षण संक्रम सभी कृष्टियोंका होता है इसका निषेध नहीं है। इसलिए उदय-उदीरणासे संक्रम अनन्तगुणा हो जाता है। इसका भावार्थ है कि वेदी जानेवाली कृष्टियोंको अग्र (उपरिम) कृष्टिकी अपेक्षा उससे अनन्तर उपरिम नहीं वेदी जानेवाली जघन्य कृष्टि यदि एक भी ग्रहण की जाती है तो भी वह मध्यम कृष्टियोंसम्बन्धी पूरे अनुभागसे अनन्तगुणा ही होता है तो क्या उन मध्यम कृष्टियोंके उपरिम भागमें स्थित असंख्यातवें भागप्रमाण सभी कृष्टियोंके ग्रहण करनेपर संक्रम अनन्तगुणा नहीं होगा, नियमसे अनन्तगुणा ही होता है।

❀ सत्कर्म अनन्तगुणा है।

§ ६७. क्योंकि इसमें स्पर्धकरूपसे स्थित पूरे अनुभागका ग्रहण किया है। इस प्रकार अनुभागका अवलम्बन लेकर प्रकृत अल्पबहुत्वकी मार्गणा समाप्त हुई। अब प्रदेशोंका अवलम्बन लेकर उसका खुलासा करनेके लिए आगेका सूत्रप्रबन्ध आया है—

* इससे आगे प्रदेशकी अपेक्षा अल्पबहुत्व देखनेपर नपुंसकवेदकी अनुत्कृष्ट-अजघन्य प्रदेश उदीरणा स्तोक है।

§ ६८. प्रदेश पुंजकी अपेक्षा अल्पबहुत्व देखनेपर वहाँ सर्वप्रथम नपुंसकवेदकी अपेक्षा कहते हैं—अन्तर किये जानेके दो समयसे लेकर जिस किसी विवक्षित समयमें प्रदेश उदीरणा असंख्यात समयप्रबद्धप्रमाण होकर स्तोक होती है।

णा होदूण थोवा होदि। किमेसा जहण्णा आहो उक्कस्सा त्ति पुच्छिदे अणुक्कस्स-णा वि भणिदं। कुदो? खविदगुणिदकम्मंसिएसु दव्वविसेसमणपेक्खिय परि-णामाधीणभावेण पयट्टमाणाये एदिस्से तिकालगोयरासेसाणियट्टीसु णिरुद्धेगसमयम्मि मेसु जहण्णुक्कस्सभावेहिं विणा एयसरूवेण पवुत्तिदंसणादो।

* जहण्णओ उदओ असंखेज्जगुणो।

§ ६९. इमो वि तम्मि चेव समए गहिदो, किंतु उदीरणा णाम एगसमइया दि। उदओ पुण अंतोमुहुत्तसंगलिदगुणसेढिगोवुच्छसरूवो तेण असंखेज्जगुणो दो। एसो पुण खविदकम्मंसियम्मि जहण्णो घेत्तव्वो, तदण्णत्थ पयडिगोवुच्छाए जहण्णगुणसेढिगोवुच्छाणुवलंभादो।

* उक्कस्सओ उदओ विसेसाहिओ।

§ ७०. किं कारणं? गुणिदकम्मंसियम्मि तदवलंबणादो। तं जहा—खविद-कम्मंसिओ गुणिदकम्मंसिओ च अणियट्टिपरिणाममस्सियूण अप्पप्पणो दव्वं सरिस-

---

शंका—क्या यह प्रदेश उदीरणा जघन्य होती है या उत्कृष्ट?

समाधान—ऐसी पृच्छा होने पर कहते हैं यह अनुत्कृष्ट-अजघन्य होती है ऐसा सूत्रमें कहा गया है, क्योंकि क्षपित कर्मांशिक और गुणित कर्मांशिकके द्रव्य विशेषकी अपेक्षा न कर परि-णामोंके अधीन होकर प्रवृत्त होनेवाली इसकी, त्रिकालगोचर समस्त अनिवृत्तिकरणसम्बन्धी परिणामोंसे विवक्षित एक समयमें जघन्य उत्कृष्ट भावके बिना, एकरूपसे प्रवृत्ति देखी जाती है।

§ १७४. चढ़नेवाले जीवके संख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्धका प्रारम्भ जिस समय होता है उसी समय इन कर्मोंका एकस्थानीय बन्ध हो जाता है। यहाँ भी संख्यात वर्ष स्थितिबन्ध समाप्त होनेपर असंख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध प्रारम्भ होते समय यहाँसे लेकर उन्हीं सब प्रकृतियोंके द्विस्थानीय अनुभागको बाँधता है। यह सूत्रका समुच्चयार्थ है। अब यहाँसे आगे फिर भी अनन्तर कही गई अल्पबहुत्वविधिके अनुसार संख्यात हजार स्थितिबन्धोंके जानेपर जिस स्थान पर चढ़नेवाले जीवके नपुंसकवेद उपशान्त होता है उस स्थानको नहीं प्राप्त हुए इसका नपुंसकवेद अनुपशान्त होता है। तथा उसी समय उसका अपकर्षण कर उसके अन्तरको भरता हुआ

तदंतरं पूरेमाणो सेसकम्माणं गलिदसेसगुणसेढिणिक्खेवायामेण सरिसं गुणसेढिणिक्खेवमुदयावलियबाहिरे णिक्खिवदि त्ति पदुप्पाएमाणो उवरिमं सुत्तपबंधमाह—

*** तदो संखेज्जेसु ट्ठिदिबंधसहस्सेसु गदेसु णवुंसयवेदं अणुवसंतं करेदि। ताधे चेव णवुंसयवेदमोकड्डियूण आवलियबाहिरे गुणसेढिं णिक्खिवदि। इदरेसिं कम्माणं गुणसेढिणिक्खेवेण सरिसो गुणसेढिणिक्खेवो सेसे सेसे च णिक्खेवो।**

§ १७५. गतार्थमेतत् सूत्रं।

*** णवुंसयवेदे अणुवसंते जाव अंतरकरणद्धाणं ण पावदि एदिस्से अद्धाए संखेज्जेसु भागेसु गदेसु मोहणीयस्स असंखेज्जवस्सिओ ट्ठिदिबंधो जादो।**

§ १७६. जम्हि उद्देसे चडमाणो अंतरकरणं कादूण मोहणीयस्स संखेज्जवस्सियं ट्ठिदिबंधं आढवेइ तमुद्देसमंतोमुहुत्तेण ण पावदि त्ति एदम्हि अवत्थंतरे वट्टमाणस्सेदस्स पडिवादपाहम्मेणासंखेज्जवस्सिओ मोहणीयस्स ट्ठिदिबंधो जादो त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थसंगहो, चडमाणसव्वद्धाहिंतो ओदरमाणसव्वद्धाणं पुव्वमेव विसेसहीणभावेण पज्जवसाणदंसणादो। तदो एत्थुवजोगिओ एसो अत्थो वत्तव्वो। तं जहा—उवरि चढमाणसुहुमसांपराइयद्धा च हेट्ठा ओदरमाणसुहुमसांपराइयद्धा चेदि एवमेदाओ

शेष कर्मोंके गलितशेष गुणश्रेणिनिक्षेपके आयामके समान ही उदयावलिके बाहर गुणश्रेणिनिक्षेपको करता है इस बातका कथन करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** पश्चात् संख्यात हजार स्थितिबन्धोंके व्यतीत होनेपर नपुंसकवेदको अनुपशान्त करता है। उसी समय नपुंसकवेदका अपकर्षण कर आवलिबाह्य गुणश्रेणिको निक्षिप्त करता है यह गुणश्रेणिनिक्षेप शेष कर्मोंके गुणश्रेणिनिक्षेपके समान होता है तथा शेष-शेषमें निक्षेप होता है।**

§ १७५. यह सूत्र गतार्थ है।

*** नपुंसकवेदके अनुपशान्त होनेपर जबतक अन्तरकरणके कालको नहीं प्राप्त करता है इस कालके संख्यात भागोंके बीत जानेपर मोहनीयकर्मका असंख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध हो जाता है।**

§ १७६. चढ़नेवाला जीव जिस स्थानमें अन्तरकरणको करके मोहनीयकर्मका संख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध आरम्भ करता है उस स्थानको अन्तर्मुहूर्त द्वारा नहीं प्राप्त होता है इस अवस्थाके मध्य विद्यमान इसके प्रतिपातके माहात्म्यवश मोहनीय कर्मका असंख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध हो जाता है यह यहाँपर सूत्रार्थका संग्रह है, क्योंकि चढ़नेवाले सम्पूर्ण कालोंसे उतरनेवालेके सम्पूर्ण कालोंका पूर्व ही विशेष हीनरूपसे अन्त देखा जाता है। इसलिये यहाँपर यह उपयोगी अर्थ कहना चाहिये। वह जैसे—ऊपर चढ़नेवालेका सूक्ष्मसाम्परायका काल और नीचे उतरने-

दो वि एक्कदो कादूण जोइज्जमाणे का बहुआ का वा थोवा त्ति पुच्छिदे ओदरमाणसुहुमसांपराइयद्धा विसेसहीणा भवदि अंतोमुहुत्तमेत्तेण। एवं चेव चढमाणोदरमाणसंबंधिसव्वद्धाणमण्णोण्णं पेक्खियूण विसेसाहियहीणभावो जोजेयव्वो। अत्र चोद्यते—अंतरकरणं कादूण विदिक्कंतो जो कालो चडमाणसंबंधिओ ण सो पडिणियत्तिय पुणरागच्छदि, बोलीणस्स तस्स पुणरागमणविरोहादो। तदो कधमेदं वुच्चदे, 'णवुंसयवेदे अणुवसंते जाव अंतरकरणद्धाणं ण पावेदि' त्ति तहाविहसंभवस्स जुत्तिबाहियत्तादो? एत्थ परिहारो वुच्चदे—सच्चमेदं, ण सो कालो पुणरागच्छदि त्ति इच्छिज्जमाणत्तादो। किंतु अंतरकरणं कादूण उवरि चढिय उवसंतकसायो होदूण पुणो हेट्ठा ओदरमाणस्स उवसंतद्धादो उवरि होदूण ट्ठिदो एसो णवुंसयवेदस्साणुवसंतकालो उवसामगस्स णवुंसयवेदोवसामणद्धाये थोरुच्चयेण सरिसपरिमाणो त्ति कादूणेदस्स तब्भावोवचारेण अंतरकरणुद्देसं पि एत्थेव बुद्धीए संकप्पिय जेणेसा परूवणा आढत्ता तदो ण किंचि विरुज्झदे, उवसामगद्धाविवज्जासेण परिवदमाणद्धाओ विलोमक्कमेण ट्ठवेदूण एसा परूवणा आढत्ता त्ति। तम्हा णवुंसयवेदे अणुवसंते जाव अंतरकरणुद्देसं ण पावदि ताव एदमद्धाणं संखेज्जखण्डे करिय तत्थ बहुभागेसु गदेसु संखेज्जदिभागे च सेसे मोहणीयस्स संखेज्जवस्सियट्ठिदिबंधमुल्लंघियूण असंखेज्जवस्सिओ ट्ठिदिबंधो पारद्धो त्ति सुसंबंधं।

वालेका सूक्ष्मसाम्पराय काल इस प्रकार इनको मिलाकर देखनेपर कौन काल बहुत होता है और कौन काल स्तोक होता है ऐसी पृच्छा होनेपर उतरनेवालेका सूक्ष्मसाम्पराय काल अन्तर्मुहूर्तमात्र विशेष हीन होता है। इसी प्रकार चढ़नेवाले और उतरनेवाले जीवोंके सम्पूर्ण कालोंको परस्पर मिलाकर देखते हुए क्रमसे विशेष अधिक और विशेष हीन कालकी योजना करनी चाहिये।

शंका—यहाँपर शंकाकार कहता है कि अन्तरकरण करके चढ़नेवालेसे सम्बन्ध रखनेवाला जो काल व्यतीत हो गया है वह लौटकर फिर नहीं आता है, क्योंकि व्यतीत हुए उस कालका पुनः लौटकर आनेका विरोध है। इसलिये यह कैसे कहते हैं कि 'नपुंसकवेदके अनुपशान्त होनेपर जबतक अन्तरकरणके कालको नहीं प्राप्त करता है', क्योंकि उस प्रकारका सम्भव युक्तिबाह्य है?

समाधान—यहाँ उक्त शंकाका परिहार करते हैं—यह कहना सत्य है कि वह काल फिर लौटकर नहीं आता, क्योंकि यह हमें इष्ट है। किन्तु अन्तरकरण करके ऊपर चढ़कर और उपशान्तकषाय होकर पुनः नीचे उतरनेवालेके उपशान्त कालसे ऊपर होकर स्थित हुआ यह नपुंसकवेदका अनुपशान्त काल, उपशामकके नपुंसकवेदसम्बन्धी उपशामना कालसे, थोड़े फरकसे सदृश प्रमाणवाला है ऐसा करके इसके उसके सद्भावके उपचार द्वारा यहाँपर अन्तरकरण स्थानका बुद्धिसे संकल्प करके चूँकि यह प्ररूपणा स्वीकार की गई है, इसलिए यह कुछ भी विरुद्ध नहीं है। क्योंकि उपशामकके कालके विपर्यास द्वारा गिरनेवालेके कालोंको विलोम क्रमसे स्थापित कर यह प्ररूपणा आरम्भ की गई है। इसलिए नपुंसकवेदके अनुपशान्त होनेपर जबतक अन्तरकरणस्थानको नहीं प्राप्त करता है तबतक इस स्थानके संख्यात खण्ड करके उनमेंसे बहुत खण्डोंके जानेपर और संख्यातवें भागके शेष रहनेपर मोहनीयकर्मके संख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्धको उल्लंघन कर असंख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध प्रारम्भ किया इस प्रकार यह सूत्रकथन सुसम्बद्ध है।

*** ताधे चेव दुट्ठाणिया बंधोदया ।**

§ १७७. मोहणीयस्स संखेज्जवस्सियट्ठिबंधसमकालं पारंभाणमेदेसिं एगट्ठाणिय-बंधोदयाणं तप्पज्जवसाणे चेव परिसमत्तीए णाइयत्तादो । संपहि छसु आवलियासु गदासु उदीरणा त्ति जो णियमो उवसामगस्स अंतरकरणसमकालमेवाढत्तो वि सो एत्थ णत्थि, किंतु ओदरमाणस्स सव्वावत्थासु चेव बंधावलियादिक्कंतमेत्तं चेव कम्ममुदीरिज्जदि त्ति एदस्स अत्थविसेसस्स पदुप्पायणफलो उत्तरसुत्तारंभो—

*** सव्वस्स पडिवदमाणस्स छसु आवलियासु गदासु उदीरणा इदि णत्थि णियमो आवलियादिक्कंतमुदीरिज्जदि ।**

§ १७८. एत्थ सव्वग्गहणेण पडिवदमाणसुहुमसांपराइयप्पहुडि सव्वत्थेव पयदणियमो णत्थि त्ति एसो अत्थो जाणाविदो, अण्णहा सव्वविसेसणस्स साहन्लियाणुवलंभादो । अण्णे पुण आइरिया जाव मोहणीयस्स संखेज्जवस्सट्ठिदिगो बंधो ताव ओदरमाणयस्स वि छसु आवलियासु गदासु उदीरणा त्ति एसो णियमो होदूण पुणो असंखेज्जवस्सट्ठिदिबंधपारंभे एत्तो एवहुदि तारिसो णियमो णट्ठो त्ति एदस्स सुत्तस्स अत्थं वक्खाणेंति । एदम्मि पुण वक्खाणे अवलंबिज्जमाणे सव्वग्गहणमेदं ण संपज्जदि त्ति तदो पुव्वुत्तो चेव अत्थो पहाणभावेणावलंबेयव्वो । संपहि मोहणीयस्स जो आणुपुव्वीसंकमणियमो उवसामगस्स अंतरसमत्तिसमकालमेव आढत्तो

*** उसी समय द्विस्थानिक बन्ध और उदय होते हैं ।**

§ १७७. मोहनीयके संख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्धके समान कालमें प्रारम्भ होनेवाले इन एक स्थानीय बन्ध और उदयका उसके अन्त होनेके समयमें ही एकस्थानीय बन्ध और उदयकी परिसमाप्ति न्यायप्राप्त है । अब छह आवलियोंके गत होनेपर उदीरणाका जो नियम उपशामकके अन्तरकरणके समान एक कालमें आरम्भ किया था वह यहाँ नहीं रहता, किन्तु उतरनेवालेके सभी अवस्थाओंमें बन्धावलि व्यतीत होनेके बाद ही कर्मकी उदीरणा करता है इस प्रकार इस अर्थविशेषका प्रतिपादनस्वरूप आगेके सूत्रका आरम्भ करते हैं—

*** सभी गिरनेवालोंके छह आवलियोंके व्यतीत होनेपर उदीरणा होती है ऐसा नियम नहीं है, किन्तु बन्धावलिके व्यतीत होनेपर उदीरणा करने लगता है ।**

§ १७८. इस सूत्रमें 'सर्व' पदका ग्रहण करनेसे गिरनेवाले सूक्ष्मसाम्परायसे सर्वत्र ही प्रकृत नियम नहीं रहता इस प्रकार इस अर्थका ज्ञान कराया गया है, अन्यथा 'सर्व' इस विशेषणकी सफलता नहीं प्राप्त होती । परन्तु अन्य आचार्य जबतक मोहनीयकर्मका संख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध रहता है तबतक उतरनेवालेके भी छह आवलियोंके जानेपर उदीरणा होती है इस प्रकार यह नियम होकर पुनः असंख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध प्रारम्भ होनेपर यहाँसे लेकर उस प्रकारका नियम नष्ट हो जाता है इस प्रकार इस सूत्रके अर्थका व्याख्यान करते हैं । परन्तु इस व्याख्यानके अवलम्बन करनेपर यह 'सर्व' पदका ग्रहण नहीं बनता, इसलिए पूर्वोक्त अर्थका ही प्रधानभावसे अवलम्बन करना चाहिये । अब उपशामकके अन्तरकरण क्रियाके सम्पन्न होनेके

सो वि ओदरमाणयस्स सव्वावत्थाए चेव णत्थि त्ति एदस्सत्थविसेसस्स पुव्वमवहारिदसरूवस्स वि पुणो वि णिच्छयकरणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

*** अणियट्टिप्पहुडि मोहणीयस्स अणाणुपुव्विसंकमो लोभस्स वि संकमो ।**

§ १७९. ओदरमाणाणियट्टिपढमसमयप्पहुडि सव्वत्थेवादिक्कंतविसयमोहणीयस्साणुपुव्वीसंकमणियमो णत्थि, किंतु अणाणुपुव्वीसंकमो चेव एत्थ होदि त्ति, अदो चेव लोभसंजलणस्स वि संकमो त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थणिच्छओ । ओदरमाणसुहुमसांपराइयपढमसमयप्पहुडि चेव मोहणीयस्स अणाणुपुव्विसंकमो त्ति किमेवं ण उच्चदे ? ण, सुहुमसांपराइयगुणट्ठाणे मोहणीयस्स बंधाभावेण संकमपवुत्तीए तत्थ संभवाणुवलंभादो । एदं च सत्तिं पडुच्च वुत्तं । लोभसंजलणस्स वि ताधे चेव संकमसत्ती समुप्पण्णा त्ति । अण्णहा पुण जाव तिविहा माया ण ओकड्डिदा ताव अणाणुपुव्वीसंकमस्सुववत्ती ण जायदे, तत्तो पुव्वं लोभसंजलणस्स पडिग्गहाभावेण संकमपवुत्तीए संभवाणुवलंभादो । संपहि एत्थतणदिट्ठदिबंधप्पाबहुअसरूवावहारणट्ठमुवरिमं पबंधमाह—

*** जाधे असंखेज्जवस्सिओ ट्ठिदिबंधो मोहणीयस्स ताधे मोहणीयस्स**

समान कालमें होनेवाला जो मोहनीयकर्मका आनुपूर्वीसंक्रमका नियम आरम्भ हुआ था वह भी उतरनेवालेके सब अवस्थाओंमें नहीं है इस प्रकार पूर्वमें अवधारित स्वरूपवाले इस अर्थविशेषका फिर भी निश्चय करनेके लिये आगेके सूत्रका अवतार हुआ है—

*** अनिवृत्तिकरणसे लेकर मोहनीयकर्मका अनानुपूर्वी संक्रम होने लगता है। और लोभका भी संक्रम होने लगता है ।**

§ १७९. उतरनेवाले उपशामकके अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयसे लेकर जिसका विषय अतिक्रान्त हो गया है ऐसे मोहनीयका आनुपूर्वीसंक्रम सब जगह नहीं रहता, किन्तु यहाँपर अर्थात् अनिवृत्तिकरणसे लेकर अनानुपूर्वीसंक्रम ही होता है और इसीलिए लोभसंज्वलनका भी संक्रम होता है यह यहाँ इस सूत्रके अर्थका निश्चय है ।

शंका—उतरनेवाले सूक्ष्मसाम्परायिकके प्रथम समयसे लेकर ही मोहनीयकर्मका अनानुपूर्वीसंक्रम होता है ऐसा क्यों नहीं कहते ?

समाधान—नहीं, क्योंकि सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें मोहनीयकर्मका बन्ध न होनेसे वहाँ संक्रमकी प्रवृत्ति सम्भव नहीं है। और यह शक्तिकी अपेक्षा कहा है, क्योंकि लोभसंज्वलनकी तो उसी समय संक्रमकी शक्ति उत्पन्न हो जाती है। अन्यथा जबतक तीन प्रकारकी मायाका अपकर्षण नहीं होता तबतक अनानुपूर्वी संक्रमकी उपपत्ति नहीं होती है, क्योंकि उससे पूर्व लोभसंज्वलनके प्रतिग्रहका अभाव होनेसे संक्रमकी प्रवृत्ति सम्भव नहीं है। अब यहाँ होनेवाले स्थितिबन्धके अल्पबहुत्वका निश्चय करनेके लिये आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

*** जब मोहनीय कर्मका असंख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध होता है तब मोहनीय-**

ट्ठिदिबंधो थोवो, घादिकम्माणं ट्ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो, णामागोदाणं ट्ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो, वेदणीयस्स ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ।

§ १८०. सुगमं। संपहि एत्तो हेट्ठा वि एदेणेव अप्पाबहुअकमेण ट्ठिदिबंधसहस्साणि कादूणोदरमाणस्स परूवणापबंधं सुत्ताणुसारेण वत्तइस्सामो--

*** एदेण कमेण संखेज्जेसु ट्ठिदिबंधसहस्सेसु गदेसु अणुभागबंधेण वीरियंतराइयं सव्वघादी जादं। तदो ट्ठिदिबंधपुधत्तेण आभिणिबोधियणाणावरणीयं परिभोगंतराइयं च सव्वघादीणि जादाणि। तदो ट्ठिदिबंधपुधत्तेण चक्खुदंसणावरणीयं सव्वघादी जादं। तदो ट्ठिदिबंधपुधत्तेण सुदणाणावरणीयमचक्खुदंसणावरणीयं भोगंतराइयं च सव्वघादीणि जादाणि। तदो ट्ठिदिबंधपुधत्तेण ओहिणाणावरणीयं ओहिदंसणावरणीयं लाभंतराइयं च सव्वघादीणि जादाणि। तदो ट्ठिदिबंधपुधत्तेण मणपज्जवणाणावरणीयं दाणंतराइयं च सव्वघादीणि जादाणि।**

§ १८१. अणुभागबंधेण जेणेव कमेण चडमाणयस्स बारसण्हमेदेसिं कम्माणं अणुभागबंधस्स देसघादित्तं जादं तेणेव कमेण पच्छाणुपुव्वीए हेट्ठा ओदरमाणस्स

कर्मका स्थितिबन्ध सबसे थोड़ा होता है, उससे घातिकर्मोंका स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा होता है, उससे नाम और गोत्रकर्मका स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा होता है और उससे वेदनीयकर्मका स्थितिबन्ध विशेष अधिक होता है।

§ १८०. यह सूत्र सुगम है। अब यहाँसे नीचे भी इसी अल्पबहुत्वके क्रमसे हजारों स्थितिबन्धोंको करके उतरनेवालेकी प्ररूपणाके प्रबन्धको सूत्रके अनुसार बतलावेंगे।

* इस क्रमसे संख्यात हजार स्थितिबन्धोंके जानेपर अनुभागबन्धकी अपेक्षा वीर्यान्तराय सर्वघाति हो जाता है। तत्पश्चात् स्थितिबन्धपृथक्त्वके द्वारा आभिनिबोधिकज्ञानावरणीय और परिभोगान्तराय कर्म सर्वघाति हो जाते हैं। तत्पश्चात् स्थितिबन्धपृथक्त्वके द्वारा चक्षुदर्शनावरणीय कर्म सर्वघाति हो जाता है। तत्पश्चात् स्थितिबन्ध पृथक्त्वके द्वारा श्रुतज्ञानावरणीय अचक्षुदर्शनावरणीय और भोगान्तराय कर्म सर्वघाति हो जाते हैं। तत्पश्चात् स्थितिबन्ध पृथक्त्वके द्वारा अवधिज्ञानावरणीय, अवधिदर्शनावरणीय और लाभान्तराय कर्म सर्वघाति हो जाते हैं। तत्पश्चात् स्थितिबन्धपृथक्त्वके द्वारा मनःपर्ययज्ञानावरणीय और दानान्तरायकर्म सर्वघाति हो जाते हैं।

§ १८१. चढ़नेवाले जीवके अनुभागबन्धकी अपेक्षा जिस क्रमसे इन बारह कर्मोंका अनुभागबन्ध देशघातिपनेको प्राप्त हो गया था, नीचे उतरनेवाले जीवके पश्चादानुपूर्वीके अनुसार उसी

जहाणिद्दिट्ठविसए देसघादिकरणविणासेण सव्वघादित्तमेदेसिमणुभागबंधेण आदमि एसो एत्थ सुत्तत्थसंगहो। णवरि सगसगदेसघादिकरणद्धे समपत्तस्सेव पुव्वमंतोमुहुत्त मत्थि त्ति देसघादिकरणविघादो सव्वत्थ दट्ठव्वो।

*** तदो ठिदिबंधसहस्सेसु गदेसु असंखेज्जाणं समयपबद्धाणमुदीरणा पडिहम्मदि।**

§ १८२. असंखेज्जलोगभागो समयपबद्धस्स उदीरणा पवत्तदि तदो सव्वघादि बंधविसयादो पुणो वि असंखेज्जगुणवड्ढीए ठिदिबंधसहस्सेसु बहुएसु गदेसु चडमाणस्स सगपारंभविसयादो पुव्वमेव अंतोमुहुत्तमत्थि त्ति सव्वेसिं कम्माणमाउगवेदणीयवज्जाणं असंखेज्जसमयपबद्धपडिबद्धा उदीरणा पडिहदा जादा। एगसमयपबद्धस्स असंखेज्ज लोगभागपडिभागेणोदीरणाए एत्तो प्पहुडि पवुत्ती जादा त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थ समुच्चओ।

§ १८३. एवमेदं परूविय संपहि एत्थेवुद्दे से ठिदिबंधप्पाबहुअमेवं पयट्टदि त्ति जाणावणट्ठमुवरिमं पबंधमाह—

क्रमसे यथा निर्दिष्ट स्थानपर उन बारह कर्मोंके अनुभागबन्धके देशघातिकरणका विनाश हो जानेसे इनका अनुभागबन्धकी अपेक्षा सर्वघातिपना प्राप्त हो गया है यह यहाँपर इस सूत्रके अर्थका तात्पर्य है। इतनी विशेषता है कि अपने-अपने देशघातिकरणके स्थानको प्राप्त होनेके अन्तर्मुहूर्त पूर्व ही देशघातिकरणका विघात सर्वत्र जानना चाहिये।

*** तत्पश्चात् हजारों स्थितिबन्धोंके जानेपर असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणा नष्ट हो जाती है।**

§ १८२. एक समयप्रबद्धमें असंख्यात लोकके भागके अनुसार उदीरणा प्रवृत्त होती है, इसलिए जो सर्वघातिबन्धका स्थान है उससे फिर भी असंख्यात गुणवृद्धिके द्वारा बहुत हजारों स्थितिबन्धोंके जानेपर चढ़नेवाले उपशामकके जिस स्थानपर असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणा प्रारम्भ हुई थी उस स्थानसे अन्तर्मुहूर्त पहले ही आयु और वेदनीय कर्मोंको छोड़कर शेष सभी कर्मोंकी असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणा समाप्त हो जाती है। यहाँसे लेकर एक समयप्रबद्धकी असंख्यात लोकके भागके प्रतिभागके अनुसार उदीरणा प्रवृत्त हो जाती है यह सूत्रके अर्थका सार है।

विशेषार्थ—सामान्य नियम यह है कि उपशमश्रेणिमें चढ़नेवाले जीवके जिस स्थानसे असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणा प्रारम्भ हो जाती है उसके पूर्व सर्वत्र असंख्यात लोकके प्रतिभाग के अनुसार ही उदीरणा प्रवृत्त रहती है। किन्तु चढ़ते समय जहाँसे असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणा प्रवृत्त होती है, उतरनेवाले जीवके उस स्थानको प्राप्त होनेके अन्तर्मुहूर्त पूर्वसे ही असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणा समाप्त होकर पुनः पूर्ववत् उदीरणा प्रारम्भ हो जाती है।

§ १८३. इस प्रकार प्रकृत विषयका प्ररूपण करके अब इस स्थानपर स्थितिबंधका अल्प-बहुत्व इस प्रकार प्रवृत्त होता है इस बातका ज्ञान करानेके लिये आगेके प्रबंधको कहते हैं—

* जाधे असंखेज्जलोगपडिभागे समयपबद्धस्स उदीरणा ताधे मोहणीयस्स ट्ठिदिबंधो थोवो, घादिकम्माणं ट्ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो, णामागोदाणं ट्ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो, वेदणीयस्स ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ।

§ १८४. सुगमं। पुव्वत्तस्सेव अप्पाबहुअपबंधस्स एत्थ वि संभालणफलत्तादो। एदेण अप्पाबहुअविहाणेण संखेज्जाणि ट्ठिदिबंधसहस्साणि असंखेज्जगुणवड्ढीए हेट्ठा ओदरमाणस्स अंतोमुहुत्तं गंतूण तदो अण्णारिसो ट्ठिदिबंधप्पाबहुअकमो होदि त्ति जाणावणफलो उत्तरसुत्तणिद्देसो—

* एदेण कमेण ट्ठिदिबंधसहस्सेसु गदेसु तदो एक्कसराहेण मोहणीयस्स ट्ठिदिबंधो थोवो, णामागोदाणं ट्ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो, घादिकम्माणं ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ, वेदणीयस्स ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ।

§ १८५. कुदो ? एवमेत्थुद्देसे एक्कवारेणेव तिण्हं घादिकम्माणं ट्ठिदिबंधादो णामागोदट्ठिदिबंधस्स हेट्ठा विसेसहाणीए पडिवादो वेदणीयट्ठिदिबंधस्स च घादिकम्मट्ठिदिबंधादो विसेसाहियभावपरिणामो त्ति णासंकणिज्जं, परिणामविसेससमासेज्ज तप्पसिद्धीए णिब्बाहमुवलंभादो। जम्हि उद्देसे णामागोदाणं ट्ठिदिबंधादो

---

* जिस समय असंख्यात लोकके प्रतिभागके अनुसार समयप्रबद्धकी उदीरणा प्रारम्भ होती है उस समय मोहनीय कर्मका स्थितिबन्ध सबसे अल्प होता है उससे घातिकर्मोंका स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा होता है उससे नाम और गोत्रकर्मका स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा होता है और उससे वेदनीय कर्मका स्थितिबन्ध विशेष अधिक होता है।

§ १८४. यह सूत्र सुगम है, क्योंकि यहाँपर भी पूर्वके अल्पबहुत्वप्रबंधकी सम्हाल करना ही इसका फल है। इस प्रकार इस अल्पबहुत्वविधिसे असंख्यात गुणवृद्धिरूपसे संख्यात हजार स्थितिबन्ध करके नीचे उतरनेवाले जीवके अन्तर्मुहूर्त काल जाकर तत्पश्चात् अन्य प्रकारका स्थितिबन्धके अल्पबहुत्वका क्रम प्रारम्भ होता है इस प्रकारका ज्ञान करानेके लिए आगेके सूत्रका निर्देश हुआ है—

* इस क्रमसे हजारों स्थितिबन्धोंके जानेपर पश्चात् एक ही बारमें मोहनीय कर्मका स्थितिबन्ध सबसे अल्प होता है, उससे नाम और गोत्रकर्मका स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा होता है, उससे घातिकर्मोंका स्थितिबन्ध विशेष अधिक होता है और उससे वेदनीयकर्मका स्थितिबन्ध विशेष अधिक होता है।

§ १८५. शंका—इस स्थानपर एक ही बारमें तीन घातिकर्मोंके स्थितिबन्धसे नाम और गोत्रकर्मका स्थितिबन्ध नीचे अर्थात् कम होकर विशेष हीन कैसे हो गया है तथा वेदनीयकर्मका स्थितिबन्ध घातिकर्मोंके स्थितिबन्धसे विशेषाधिकभावरूप परिणामको कैसे प्राप्त हो गया है ?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि परिणामविशेषका आलम्बन लेकर इस प्रकारकी सिद्धि निर्बाधरूपसे पाई जाती है। उपशामकके जिस स्थानपर नाम और गोत्रकर्मके

तिण्हं घादिकम्माणं ट्ठिदिबंधो उवसामगस्स एक्कसराहेण असंखेज्जगुणहाणीए हे
णिवदिदो तम्मुहे समपत्तस्सेव ओदरमाणयस्स एवंविहो ट्ठिदिबंधपरिवत्तो जादो त्ति ए
एदस्स भावत्थो। जइ एवं विसेसाहियवड्ढिं मोत्तूण असंखेज्जगुणवड्ढीए एसो परिव
किण्ण जादो त्ति णासंकियव्वं, ओदरमाणयस्स सव्वो ट्ठिदिबंधपल्लट्टो विसेसाहिय
वड्ढीए चेव पयट्टदि त्ति णियमदंसणादो। ण एस णियमो णिप्पिणबंधणो, एवं
सुत्तं णिबंधणीकरिय पयट्टत्तादो। एवमेदेण कमेण पुणो वि संखेज्जसहस्समेत्ता
ट्ठिदिबंधऊसरणाणि कादूण हेट्ठा ओदरमाणस्स अंतोमुहुत्तकाले वोलीणे तदो अण्ण
रिसो ट्ठिदिबंधप्पाबहुअकमो संवुत्तो त्ति जाणावणफलो उत्तरसुत्तपबंधो—

*** एवं संखेज्जाणि ट्ठिदिबंधसहस्साणि कादूण तदो एक्कसराहे
मोहणीयस्स ट्ठिदिबंधो थोवो, णामागोदाणं ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो
णाणावरणीय-दंसणावरणीय-वेदणीय-अंतराइयाणं ठिदिबंधो तुल्लो
विसेसाहिओ।**

§ १८६. कुदो ? एवमेत्थ वेदणीयट्ठिदिबंधस्स णाणावरणादिट्ठिदिबंधादो विसेसा
हियभावेण पुव्वं पयट्टमाणस्स एक्कसराहेणेव तिण्हं घादिकम्माणं ट्ठिदिबंधेण सरिस

स्थितिबन्धसे तीन घातिकर्मोंका स्थितिबन्ध एक बारमें असंख्यात गुणहानिरूपसे नीचे (कम होकर) प्राप्त होता है उस स्थानको प्राप्त होनेके पूर्व ही उतरनेवाले जीवके इस प्रकारसे स्थितिबन्धका परिवर्तन हो जाता है यह इस सूत्रका भावार्थ है।

शंका—यदि ऐसा है तो विशेष अधिकरूपसे वृद्धिको छोड़कर असंख्यात गुणवृद्धिरूपसे वह परिवर्तन क्यों नहीं हो जाता ?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि उतरनेवाले जीवके सम्पूर्ण स्थितिबन्धका परिवर्तन विशेष अधिक वृद्धिरूपसे ही प्रवृत्त होता है यह नियमसे देखा जाता है। और यह नियम कारणरहित है नहीं, क्योंकि यही सूत्र कारण करके प्रवृत्त होता है।

इस प्रकार इस क्रमसे फिर भी संख्यात हजार स्थितिबन्धोंका उत्सर्पण करके नीचे उतरनेवाले जीवके अन्तर्मुहूर्त कालके जानेपर अन्य प्रकारका स्थितिबन्धके अल्पबहुत्वका क्रम प्राप्त होता है इस बातका ज्ञान करानेके फलस्वरूप आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

*** इस प्रकार संख्यात हजार स्थितिबन्धोंको करके पश्चात् एक बारमें मोहनीय कर्मका स्थितिबन्ध सबसे अल्प होता है, उससे नाम और गोत्रकर्मका स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा होता है और उससे ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय वेदनीय और अन्तराय कर्मोंका स्थितिबन्ध एक समान होकर विशेष अधिक होता है।**

§ १८६. शंका—पहले वेदनीय कर्मका स्थितिबन्ध ज्ञानावरणादि कर्मोंकी अपेक्षा विशेष अधिकरूपसे प्रवृत्त था वह यहाँपर इस प्रकार एक बारमें ही तीन घातिकर्मोंके स्थितिबन्धके समान परिणामवाला कैसे हो गया ?

णामे जादो त्ति णासंकणिज्जं, अंतरंगपरिणामविसेसमस्सियूण तस्स सतहाभाव-हाए विप्पडिसेहाभावादो। एत्थ वि जम्हि उद्देसे चडमाणस्स णाणावरणादीणं ठिदिबंधादो विप्पडियूण वेदणीयस्स ट्ठिदिबंधो असंखेज्जगुणब्भहिओ जादो तमुद्देस-मल्लस्स एवंविहो परिवत्तो जादो त्ति घेत्तव्वं। एवमेदेणप्पाबहुअविहिणा पुणो वि संखेज्जसहस्समेत्तट्ठिदिबंधब्भुस्सरणाणि कादूण हेट्ठा णिवदमाणस्स अंतोमुहुत्तकाले गदे तदो अण्णारिसो ट्ठिदिबंधपरिवत्तो जादो त्ति पदुप्पायणफलो उत्तरसुत्त-स्सारंभो—

* एवं संखेज्जाणि ट्ठिदिबंधसहस्साणि गदाणि, तदो अण्णो ठिदि-बंधो एक्कसराहेण णामागोदाणं ठिदिबंधो थोवो, मोहणीयस्स ट्ठिदि-बंधो विसेसाहिओ, णाणावरणीयदंसणावरणीयवेदणीयअंतराइयाणं ठिदि-बंधो तुल्लो विसेसाहिओ।

§ १८७. कुदो ? एवमेत्थ एक्कसराहेण णामागोदट्ठिदिबंधस्स मोहणीयट्ठिदि-बंधादो असंखेज्जगुणत्तपरिच्चागेण हेट्ठा विसेसहीणभावेण णिवादो त्ति णासंका कायव्वा, परिणामविसेसमासेज्ज बहुसो दत्तुत्तरत्तादो। एवमेदेणप्पाबहुअकमेण पुणो संखेज्जसहस्समेत्ताणि ट्ठिदिबंधब्भुस्सरणाणि कादूण हेट्ठा णिवदमाणस्स अंतोमुहुत्त-

---

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि अन्तरंग परिणामविशेषका आलम्बन कर उसके उस प्रकारकी सिद्धि होनेमें कोई निषेध नहीं पाया जाता।

यहाँ पर भी जिस स्थानमें चढ़नेवाले जीवके ज्ञानावरणादि कर्मोंके स्थितिबन्धसे पूर्व स्थितिबन्धको अतिक्रम करके वेदनीयकर्मका स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा अधिक हो गया था उस स्थानको नहीं प्राप्त हुए ही इस प्रकार परिवर्तन हो गया है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये। इस प्रकार इस अल्पबहुत्व विधिसे फिर भी संख्यात हजार स्थितिबन्ध जाकर नीचे गिरनेवाले जीवके अन्तर्मुहूर्त काल जानेपर तत्पश्चात् अन्य प्रकारके स्थितिबन्धका परिवर्तन हो जाता है, इस कथनके फलस्वरूप आगेके सूत्रका निर्देश करते हैं—

* इस प्रकार संख्यात हजार स्थितिबन्ध व्यतीत हो जाते हैं। तत्पश्चात् अन्य स्थितिबन्ध प्राप्त होता है। वहाँ एक बारमें नाम और गोत्रकर्मका स्थिति-बन्ध सबसे कम होता है, उससे मोहनीयकर्मका स्थितिबन्ध विशेष अधिक होता है, उससे ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, वेदनीय और अन्तराय कर्मोंका स्थितिबन्ध परस्पर समान होकर विशेष अधिक होता है।

§ १८७. शंका—यहाँपर मोहनीयके स्थितिबन्धसे, असंख्यातगुणपनेका परित्याग करके एक बारमें नाम-गोत्रकर्मके स्थितिबन्धका, विशेष हीनरूपसे निपात कैसे हो गया है ?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि परिणामविशेषका आलम्बन लेकर बहुत बार उत्तर दे आये हैं।

इस प्रकार इस अल्पबहुत्वके क्रमसे फिर भी संख्यात हजार स्थितिबन्ध जाकर नीचे

कालादिक्कमे तदो अण्णारिसो ट्ठिदिबंधपरावत्तो जादो त्ति जाणावणफलो उत्तरसु णिबंधो—

* एदेण कमेण ट्ठिदिबंधसहस्साणि बहूणि गदाणि। तदो अण्ण ठिदिबंधो। एक्कसराहेण णामागोदाणं ठिदिबंधो थोवो, चदुण्हं कम्मा ठिदिबंधो तुल्लो विसेसाहिओ, मोहणीयस्स ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ।

§ १८८. कुदो ? एवमेत्थ मोहणीयट्ठिदिबंधादो चदुण्हं कम्माणं ट्ठिदिबंध एक्कसराहेण विसेसहाणीए हेट्ठा णिवादो त्ति णासंकणिज्जं, परिणामविसेसमासेज्ज बहुसो णिरारेगीकयत्तादो। एत्तोप्पहुडि सव्वत्थेव अप्पप्पणो उक्कस्सट्ठिदिबंधपडि भागेण विसेसाहियत्तमुवगंतव्वं। तदो एवंविहट्ठिदिबंधपरावत्तणाण जहाकमं कादू हेट्ठा ओदरमाणस्स पुणो वि संखेज्जसहस्समेत्ताणि ट्ठिदिबंधसुस्सरणाणि एदेण कमेण णेदव्वाणि जाव सव्वपच्छिमो पलिदो० असंखे० भागिओ ट्ठिदिबंधो त्ति। संपहि एदम्मि अइक्कंतविसए असंखेज्जवस्सियट्ठिदिबंधपडिबद्धे ट्ठिदिबंधवुड्ढी एदेण कमेण जादा त्ति जाणावेमाणो सुत्तमुत्तरभणइ—

* जत्तो पाए असंखेज्जवस्सट्ठिदिबंधो तत्तो पाए पुण्णे पुण्णे ठिदि बंधे अण्णं ठिदिबंधमसंखेज्जगुणं बंधइ।

गिरनेवालेके अन्तर्मुहूर्त कालके जानेपर तत्पश्चात् स्थितिबन्धका अन्य प्रकारसे परावर्तन हो जाता है यह ज्ञान करानेके फलस्वरूप आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* इस क्रमसे बहुत हजारों स्थितिबन्ध गत हो जाते हैं। तत्पश्चात् अन्य स्थितिबन्ध प्राप्त होता है। वहाँ एक बारमें नाम और गोत्रकर्मका स्थितिबन्ध सबसे अल्प होता है, उससे चार कर्मोंका स्थितिबन्ध परस्पर तुल्य होकर विशेष अधिक होता है, उससे मोहनीयकर्मका स्थितिबन्ध विशेष अधिक होता है।

§ १८८. शंका—यहाँपर मोहनीयकर्मके स्थितिबन्धसे चार कर्मोंका स्थितिबन्ध एक बारमें विशेष हीन होकर नीचे निपतित कैसे हुआ है ?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि परिणामविशेषका आश्रय लेकर बहुत बार इस शंकाका निराकरण कर आये हैं।

इससे आगे सर्वत्र ही अपने-अपने उत्कृष्ट स्थितिबन्धके प्रतिभागके अनुसार सबका स्थितिबन्ध विशेष अधिक जानना चाहिये। तत्पश्चात् इस प्रकार स्थितिबन्धके परावर्तनोंको क्रमसे करके नीचे उतरनेवालेके फिर भी संख्यात हजार स्थितिबन्ध जाकर इसी क्रमसे सबसे अन्तिम पल्योपमका असंख्यातवाँ भागप्रमाण स्थितिबन्धके प्राप्त होनेतक ले जाना चाहिये। अब इस व्यतीत हुए स्थानमें असंख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्धसे सम्बन्ध रखते हुए स्थितिबन्धकी वृद्धि इस क्रमसे हुई इस बातका ज्ञान कराते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

* जिस स्थानसे लेकर असंख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध होता है वहाँसे लेकर स्थितिबन्धके पुनः पुनः पूर्ण होनेपर अन्य स्थितिबन्धको असंख्यातगुणा अधिक करके

§ १८९. जत्तोप्पहुडि णामागोदादिकम्माणं पढमदाए असंखेवस्सिओ ट्ठिदिबंधो जादो तत्तोप्पहुडि जाव णिपच्छिमो पलिदो० असंखे० भागिओ ट्ठिदिबंधो त्ति एत्थ अंतरे पुण्णे पुण्णे ट्ठिदिबंधे जो अण्णो ट्ठिदिबंधो सो असंखेज्जगुणवड्ढीए वड्ढदि त्ति वत्तव्वो, तत्थ पयारंतरासंभवादो त्ति भणिदं होदि। एवमेदेण कमेण पलिदो० असंखेज्जभागियं[1] ट्ठिदिबंधविसयं वोलीणस्स सव्वेसिं कम्माणमेक्कवारेण पलिदो० असंखे० भागिओ पढमो ट्ठिदिबंधो आढविज्जदि त्ति पदुप्पायणट्ठमिदमाह—

* एदेण कमेण सत्तण्हं पि कम्माणं[2] पलिदो० असंखे० भागियादो ट्ठिदिबंधादो एक्कसराहेण सत्तण्हं पि कम्माणं पलिदो० संखे० भागिओ ट्ठिदिबंधो जादो[3]।

§ १९०. किमेसो पलिदो० संखे० भागिओ ट्ठिदिबंधो जायमाणो सत्तण्हं पि कम्माणं अक्कमेणेव जादो आहो कमेणेत्ति पुच्छिदे, अक्कमेणेत्ति भणामो। कुदो एदं णव्वदे? एक्कसराहेणेत्ति सुत्तणिद्देसादो। कधं पुणो चढमाणस्स कमेण समुवलब्भसरूवो उक्कड्ढिदविसओ ओदरमाणस्स एक्कवारेणेव संभवदि त्ति णासंकणिज्जं, पडिवाद-

---

§ १८९. जिस स्थानसे लेकर नाम और गोत्र आदि कर्मोंका प्रथम बार असंख्यातगुणा स्थितिबन्ध आरम्भ हुआ था वहाँसे लेकर जब जाकर अन्तिम पल्योपमका असंख्यातवाँ भागप्रमाण स्थितिबन्ध प्राप्त होता है इस कालके भीतर पुनः पुनः स्थितिबन्धके पूर्ण होनेपर जो अन्य स्थितिबन्ध होता है वह असंख्यातगुणी वृद्धिसे बढ़ा हुआ होता है ऐसा यहाँ जानना चाहिये, क्योंकि यहाँ दूसरा प्रकार सम्भव नहीं है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इस प्रकार इस क्रमसे पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थितिबन्धके स्थानको उल्लंघन करनेवाले जीवके सभी कर्मोंका एक बारमें पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण प्रथम स्थितिबन्ध आरम्भ होता है इस बातका कथन करनेके लिए इस सूत्रको कहते हैं—

* इसी क्रमसे सातों ही कर्मोंका पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थिति-बन्धसे एक बारमें सातों ही कर्मोंका पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण स्थितिबन्ध हो जाता है।

§ १९०. शंका—यह पल्योपमका संख्यातवाँ भागप्रमाण स्थितिबन्ध उत्पन्न होता हुआ क्या सातों कर्मोंका अक्रमसे ही हो जाता है या क्रमसे होता है?

समाधान—ऐसा पूछनेपर अक्रमसे हो जाता है ऐसा हम कहते हैं।

शंका—यह किस प्रमाणसे जाना जाता है?

समाधान—'एक्कसराहेण' इस प्रकार सूत्रमें निर्देश होनेसे जाना जाता है।

शंका—चढ़नेवालेके क्रमसे उपलब्ध होनेवाला दूरापकृष्टिविषयक स्थितिबन्ध उतरनेवाले

---

१. ता०प्रतौ कम्मपयडीणं इति पाठः। २. ता०प्रतौ पलिदो० इत्यतः जादो इति यावत् टीकायां स्खलितः। ३. ता०प्रतौ संखेज्जभागियं इति पाठः।

माहप्पेणेत्थ तहाभावसिद्धीए विरोहाभावादो। तदो एत्थ वि पुव्वुत्तो चेव अप्पाबहुग पबंधो णिव्वामोहमणुगंतव्वो।

§ १९१. संपहि एत्तो पुव्वं सव्वत्थेवासंखेज्जवस्सियट्ठिदिबंधविसये असंखेज्ज-गुणवड्ढीए पयट्टमाणो ट्ठिदिबंधो इदो प्पहुडि सव्वेसिं कम्माणं संखेज्जगुणवड्ढीए पयट्टदि त्ति जाणावणट्ठमुत्तरसुत्तणिद्देसो—

*** एत्तो पाये पुण्णो पुण्णो ठिदिबंधे अण्णं ट्ठिदिबंधं संखेज्जगुणं बंधइ।**

§ १९२. कुदो? पलिदो० संखे०भागमेत्तट्ठिदिबंधविसये संखेज्जगुणवड्ढिं मोत्तूण पयारंतरासंभवादो। संपहि एवमेदम्मि विसये संखेज्जगुणवड्ढीए वड्ढमाणस्स ट्ठिदिबंधवुड्ढिपमाणावहारणट्ठमुवरिमसुत्तारंभो—

*** एवं संखेज्जाणं ट्ठिदिबंधसहस्साणमपुव्वा वड्ढी पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागो।**

§ १९३. एवमेदेण कमेण संखे०गुणवड्ढीए वड्ढमाणस्स सव्वेसिं कम्माणं

जीवके एक बारमें ही कैसे सम्भव है?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि गिरनेके माहात्म्यवश यहाँपर उस प्रकारसे सिद्धि होनेमें कोई विरोध नहीं आता। इसलिये यहाँपर भी पूर्वोक्त ही अल्पबहुत्व प्रबन्ध बिना व्यामोहके जानना चाहिये।

विशेषार्थ—उपशमश्रेणिपर चढ़नेवाले जीवोंके सातों कर्मोंके स्थितिबन्धमें इस जातिकी विषमता बनी रहती है जिससे वहाँ सब कर्मोंका दूरापकृष्टिविषयक स्थितिबन्ध एक ही स्थानपर नहीं प्राप्त होता। किन्तु यहाँपर गिरनेरूप परिणामोंके माहात्म्यवश वह बन जाता है यह इस सूत्रका आशय है।

§ १९१. अब इससे पूर्व सर्वत्र ही असंख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्धमें असंख्यात गुणवृद्धिरूपसे प्रवृत्त होता हुआ स्थितिबन्ध यहाँसे लेकर सभी कर्मोंका संख्यात गुणवृद्धिरूपसे प्रवृत्त होता है यह जाननेके लिये आगेके सूत्रका निर्देश करते हैं—

*** यहाँसे लेकर स्थितिबन्धके पुनः पुनः पूर्व होनेपर संख्यातगुणे अन्य प्रमाण स्थितिबन्धको बांधता है।**

§ १९२. क्योंकि पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण स्थितिबन्धके होनेपर संख्यात गुणवृद्धिको छोड़कर दूसरा प्रकार सम्भव नहीं है। अब इस प्रकार इस विषयमें संख्यात गुणवृद्धिको प्राप्त होनेवालेके स्थितिबन्धके प्रमाणका अवधारण करनेके लिए आगेके सूत्रका आरम्भ करते हैं—

*** इस प्रकार संख्यात हजार स्थितिबन्धोंकी अपूर्व वृद्धि पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण होती है।**

§ १९३. इस प्रकार इस क्रमसे संख्यात गुणवृद्धिसे वृद्धिको प्राप्त होनेवाले जीवके

पलिदो० संखे०भागियाणं संखेज्जाणं ट्ठिदिबंधसहस्साणं अपुव्वा ट्ठिदिबंधवुड्ढी पलिदो० संखे०भागपमाणा चेव दट्ठव्वा, पलिदो० संखे०भागियट्ठिदिबंधविसये पयाणंभावाणुवलंभादो त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थणिच्छओ।

* तदो मोहणीयस्स जाधे अण्णस्स ट्ठिदिबंधस्स अपुव्वा वड्ढी पलिदोवमस्स संखेज्जा भागा।

§ १९४. एदस्स सुत्तस्स अत्थो वुच्चदे—तदो सव्वपच्छिमादो पलिदो० संखे०-भागियादो ट्ठिदिबंधादो संखेज्जगुणवड्ढीए वड्ढमाणस्स जाधे जम्हि काले मोहणीयस्स ट्ठिदिबंधो संपुण्णपलिदोवममेत्तो जादो ताधे तस्स ट्ठिदिबंधस्स पुव्वट्ठिदिबंधं पेक्खियूण अपुव्वा वड्ढी पलिदो० संखेज्जा भागा त्ति दट्ठव्वा। किं कारणं? अण्णहा पलिदोव-मेत्तकालभाविट्ठिदिबंधपमाणाणुप्पत्तीदो। संपहि तक्काले णाणावरणादीणं चदुण्हं कम्माणं ट्ठिदिबंधवुड्ढी किंपमाणा त्ति जादारेगस्स सिस्सस्स तप्पमाणावहारणट्ठ-मुत्तरसुत्तमाह—

* ताधे चदुण्हं कम्माणं ट्ठिदिबंधस्स वड्ढी पलिदोवमं चदुब्भागेण सादिरेगेण ऊणयं।

§ १९५. तक्काले चदुण्हं कम्माणं णाणावरणदंसणावरणवेदणीयंतराइयाणं

कर्मोंके पल्योपमके संख्यातवें भागसे युक्त संख्यात हजार स्थितिबन्धोंकी स्थितिबन्धसम्बन्धी अपूर्व वृद्धि पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण ही जानना चाहिये, क्योंकि पल्योपमके संख्यातवें भागवाले स्थितिबन्धके विषयमें प्रकारान्तरकी सम्भावना नहीं उपलब्ध होती यह यहाँ इस सूत्रका निश्चित अभिप्राय है।

* तत्पश्चात् जब मोहनीयकर्मके अन्य स्थितिबन्धकी अपूर्व वृद्धि पल्योपमके संख्यात बहुभागप्रमाण उपलब्ध होती है।

§ १९४. अब इस सूत्रका अर्थ कहते हैं—तत्पश्चात् सबसे अन्तिम पल्योपमके संख्यातवें भागवाले स्थितिबन्धसे संख्यात गुणवृद्धिसे वृद्धिको प्राप्त हुए मोहनीय कर्मका 'जाधे' जिस कालमें स्थितिबन्ध पूरा पल्योपमप्रमाण हो जाता है 'ताधे' उस समय उस स्थितिबन्धके पूर्व स्थितिबन्धको देखते हुए अपूर्व वृद्धि पल्योपमके संख्यात बहुभागप्रमाण जाननी चाहिये, क्योंकि अन्यथा तत्काल होनेवाले पल्योपममात्र स्थितिबन्धका प्रमाण नहीं बन सकता। अब उस समय ज्ञानावरणादि चार कर्मोंके स्थितिबन्धकी वृद्धि किस प्रमाणमें होती है ऐसी शंका करनेवाले शिष्यको उसके प्रमाणका अवधारण करानेके लिये आगेके सूत्रको कहते हैं—

* उस समय चार कर्मोंके स्थितिबन्धकी वृद्धि साधिक चौथे भागसे ऊन पल्योपमप्रमाण होती है।

§ १९५. उस समय ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय और अन्तराय इन चार कर्मोंके

ट्ठिदिबंधस्स अपुव्वा वड्ढी पलिदोवमं सादिरेगेण चउब्भागेण ऊणयं दट्ठव्वं, पलिदोवमस्स तिण्णिचउब्भागा देसूणा णाणावरणादीणं तक्कालियट्ठिदिबंधवुड्ढीए पमाणमिदि वुत्तं होदि। तं जहा—पलिदोवमं चत्तारिभागे कादूण तत्थ एगं चउब्भागं सयलमवणिय सेसतिण्णिचउब्भागेसु गहिदेसु चदुण्हं कम्माणं तक्कालियट्ठिदिबंधपमाणमागच्छदि। किं कारणं? चत्तालीसपडिभागेण जदि मोहणीयस्स संपुण्णपलिदोवममेत्तं ट्ठिदिबंधपमाणं लब्भइ तो तीसपडिभागियाणं णाणावरणादिकम्माणं केत्तियं लहामो त्ति |४०।१।३०| तेरासियं कादूण जोइदे तप्पमाणागमणदंसणादो $\frac{3}{4}$। संपहि एदेसु तिण्णिचदुब्भागेसु पलिदो० संखे०भागमेत्ते पुव्वबंधे अवणिदे अवणिदसेसपमाणं किंचूणतिण्णिचउब्भागमेत्तमेत्थतणवड्ढिपमाणं होदि।

§ १९६. संपहि णामागोदाणं तक्कालभाविट्ठिदिबंधवुड्ढिपमाणावहारणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

* ताधे चेव णामागोदाणं ठिदिबंधपरिवड्ढी अद्धपलिदोवमं संखेज्जभागूणं।

§ १९७. एत्थ वि तेरासियकमेण अद्धपलिदोवममेत्तं तक्कालियट्ठिदिबंधमाणिय

स्थितिबन्धकी अपूर्व वृद्धि साधिक चौथे भागसे हीन पल्योपमप्रमाण होती है, क्योंकि ज्ञानावरणादि कर्मोंके पल्योपमके कुछ कम तीन बटे चार भाग तात्कालिक स्थितिबन्धकी वृद्धिका प्रमाण है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। वह जैसे—पल्योपमके चार भाग करके उनमेंसे पूरे एक-चतुर्थ भागको अलग करके शेष तीन-चार भागोंके ग्रहण करनेपर चार कर्मोंकि तात्कालिक स्थितिबन्धका प्रमाण आता है, क्योंकि चालीसके प्रतिभागके अनुसार यदि मोहनीयकर्मके स्थितिबन्धका प्रमाण पल्योपममात्र प्राप्त होता है तो तीस प्रतिभागवाले ज्ञानावरणादि कर्मोंके स्थितिबन्धका प्रमाण कितना प्राप्त होगा इस प्रकार |४०, १, ३०| का त्रैराशिक करके हिसाब करनेपर उसका $\frac{3}{4}$ आता हुआ देखा जाता है।

विशेषार्थ—संज्ञी मिथ्यादृष्टि पर्याप्तके चारित्रमोहनीयका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध चालीस कोड़ाकोड़ी सागरोपमप्रमाण प्राप्त होता है और ज्ञानावरणादि चार कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध तीस कोड़ाकोड़ी सागरोपमप्रमाण प्राप्त होता है उसी अनुपातमें यहाँपर चारित्रमोहनीयकर्मकी अपेक्षा ज्ञानावरणादि तीसिय चार कर्मोंका त्रैराशिक विधिसे तीन बटे चार भाग पल्योपमप्रमाण स्थितिबन्ध प्राप्त होगा यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

§ १९६. अब नाम और गोत्रकर्मके तत्कालभावी स्थितिबन्धकी वृद्धिके प्रमाणका अवधारण करनेके लिये आगेके सूत्रका अवतार हुआ है—

* उसी समय नाम और गोत्र कर्मके स्थितिबन्धकी वृद्धि संख्यातवां भाग कम अर्धपल्योपमप्रमाण होती है।

§ १९७. यहाँपर भी त्रैराशिकके क्रमसे तत्काल होनेवाले अर्धपल्योपमप्रमाण स्थितिबन्धको

...त्थ पलिदो० संखे०भागमेत्तहेट्ठिम ट्ठिदिबंधापाये सोहिदे सुद्धसेसं देसूणद्धपलिदो-...मेत्तो तक्कालियट्ठिदिबंधवुड्ढिपमाणं णामागोदाणं होदि त्ति सिस्साणमत्थबोधो ...व्वो।

* ताधे एसा परिवड्ढी ताधे मोहणीयस्स अट्ठिदिगो बंधो पलिदोवमं, ...णं कम्माणं अट्ठिदिगो बंधो पलिदोवमं चदुण्हं भागूणं, णामागोदाणं ...ट्ठिदिगो बंधो अद्धपलिदोवमं।

§ १९८. पुव्वं सुद्धवड्ढीए चेव सुद्धाये पमाणावहारणं कदं, एदेण पुण सवड्ढि-...लस्स अट्ठिदिबंधस्स तक्कालभावियस्स पमाणपरिच्छेदो कदो त्ति दट्ठव्वं। सुगम-...णं।

§ १९९. संपहि एत्तो उवरि सव्वत्थेव संखेज्जकम्माणं ट्ठिदिबंधपरिवड्ढी पलिदो० ...संखे०भागपमाणा चेव दट्ठव्वा। णत्थि पयदंतरसंभवो त्ति जाणावणट्ठमुत्तरसुत्तं ...गदं—

* एत्तो पाये ट्ठिदिबंधे पुण्णे पुण्णे पलिदोवमस्स संखेज्जविभागेण ...ह अत्तिया अणियट्टिअद्धा सेसा अपुव्वकरणद्धा सव्वा च तत्तिया।

...कार पुनः उसमेंसे पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण अधस्तन स्थितिबन्धके प्रमाणको घटानेपर नाम और गोत्रकर्मके उस कालमें होनेवाले शुद्ध शेष कुछ कम अर्ध पल्योपमप्रमाण स्थितिबन्धकी वृद्धिका प्रमाण होता है। इस प्रकार शिष्योंको अर्थका बोध कराना चाहिये।

* जिस समय यह वृद्धि हुई है उस समय मोहनीय कर्मका यत्स्थितिबन्ध पल्योपमप्रमाण होता है, चार कर्मोंका यत्स्थितिबन्ध चौथा भाग कम पल्योपमप्रमाण होता है तथा नाम और गोत्रकर्मका यत्स्थितिबन्ध अर्ध पल्योपमप्रमाण होता है।

§ १९८. पहले शुद्ध वृद्धिके प्रमाणका ही अवधारण किया था, परन्तु इस सूत्र द्वारा तत्कालभावी वृद्धि और मूल सहित यत्स्थितिबन्धके प्रमाणका परिच्छेद किया गया है ऐसा जानना चाहिये। अन्य सब कथन सुगम है।

विशेषार्थ—इसके पहले ग्यारहवें गुणस्थानसे गिरनेवाले जीवके एक स्थितिबन्धके बाद दूसरे स्थितिबन्धके प्रारम्भ होनेपर उसमें कितनी वृद्धि हुई है मात्र इसका निर्देश किया गया है। किन्तु विवक्षित सूत्रमें मूल और वृद्धि दोनोंको मिलाकर स्थितिबन्धके पूरे प्रमाणका निर्देश किया ...स्थितिबन्धका नहीं लिया है। इतना अबाधाकाल भी सम्मिलित है।

...अब इससे आगे सभी जगह स्थितिबन्धकी वृद्धि पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण ...हिये, प्रकृत वृद्धिमें अन्तर सम्भव नहीं है इसका ज्ञान करानेके लिये आगेके सूत्रको ...

...इससे आगे जितना अनिवृत्तिकरणका काल शेष है और अपूर्वकरणके पूरे

...प्रतौ अत्तिया इत्यतः तत्तिया यावत् टीकायां सम्मिलितः।

§ २००. मोहणीयस्स पलिदोवमट्ठिदिबंधे जादे तदोप्पहुडि अट्ठियट्ठिकरणद्धाए सेससंखेज्जेसु भागेसु अपुव्वकरणद्धाए च संखिस्से पयारंतरपरिहारेण पलिदो० संखे०भागमेत्तपरिवड्ढीए ट्ठिदिबंधो पयट्टदि त्ति भणिदं होइ। एवं मोहणीयस्स पलिदोवमट्ठिदिबंधविसयप्पहुडि उवरि सव्वत्थेव ट्ठिदिबंधवुड्ढिपमाणावहारणं कादूण संपहि एदम्हि चेव णिरुद्धट्ठाणे जो अवंतरविसेसो ट्ठिदिबंधविसयो तप्पदुप्पायणट्ठमुवरिमं सुत्तपबंधमाह—

* एदेण कमेण पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागपरिवड्ढीए ट्ठिदिबंधसहस्सेसु गदेसु अण्णो एइंदियट्ठिदिबंधसमगो ट्ठिदिबंधो जादो।

§ २०१. पलिदोवमट्ठिदिबंधादो उवरि अणंतरपरूविदट्ठिदिबंधपरिवड्ढीए वड्ढमाणस्स अणियट्टिउवसामगस्स संखेज्जेसु ट्ठिदिबंधसहस्सेसु समइक्कंतेसु सागरोवमचउसत्तभागमेत्तएइंदियट्ठिदिबंधेण सरिसो मोहणी० यस्स ट्ठिदिबंधो जादो। सेसाणं च कम्माणमप्पप्पणो पडिभागेणेइंदियसमगो ट्ठिदिबंधो एत्थ जादो त्ति सुत्तत्थसंगहो। एवमेदेण कमेण पुणो वि वड्ढमाणस्स जहाकममप्पणो विसए बीइंदियादि-

---

कालके समाप्त होनेतक स्थितिबन्धके पुनः पुनः पूर्ण होनेपर पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण स्थितिबन्धकी वृद्धि होती जाती है।

§ २००. मोहनीय कर्मका पल्योपमप्रमाण स्थितिबन्ध हो जानेपर वहाँसे लेकर अनिवृत्तिकरणका जो शेष काल संख्यात बहुभागप्रमाण शेष रहता है उसमें और पूरे अपूर्वकरणके कालमें प्रकारान्तरके निषेध द्वारा पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण वृद्धिको लिये हुए स्थितिबन्ध प्रवृत्त होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इस प्रकार मोहनीय कर्म पल्योपमप्रमाण स्थितिबन्धके स्थानसे लेकर आगे सर्वत्र ही स्थितिबन्धकी वृद्धिके प्रमाणका अवधारण करके अब इसी विवक्षित स्थानमें जो स्थितिबन्ध विषयक अवान्तर विशेष होता है उसका कथन करनेके लिये सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* इस क्रमसे पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण वृद्धिके द्वारा हजारों स्थितिबन्धोंके जानेपर अन्य स्थितिबन्ध एकेन्द्रिय जीवोंके स्थितिबन्धके समान हो जाता है।

§ २०१. पल्योपमप्रमाण स्थितिबन्धोंसे ऊपर अनन्तर प्ररूपित स्थितिबन्धसम्बन्धी वृद्धिके द्वारा वृद्धिको प्राप्त होनेवाले अनिवृत्ति उपशामक जीवके संख्यात हजार स्थितिबन्धोंके निकल जानेपर सागरोपमके चार सात भागप्रमाण एकेन्द्रिय जीवोंसम्बन्धी स्थितिबन्धके सदृश मोहनीय कर्मका स्थितिबन्ध हो जाता है। तथा शेष कर्मोंका अपने-अपने प्रतिभागके अनुसार एकेन्द्रिय जीवोंके समान स्थितिबन्ध हो जाता है यह सूत्रका समुच्चयार्थ है। इस प्रकार इस क्रमसे फिर भी स्थितिबन्धकी वृद्धि द्वारा वृद्धिको प्राप्त होनेवाले जीवके क्रमसे अपने-अपने स्थानमें द्वीन्द्रिय

संखसरिसो ट्ठिदिबंधो जादो त्ति पदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तोक्कण्णासो—

* एवं बीइंदिय-तीइंदिय-चउरिंदिय-असण्णिट्ठिदिबंधसमगो ट्ठिदि-

§ २०२. गयत्थमेदं सुत्तं। एवमेदेण कमेण अणियट्टिअद्धाए सेसबहुभागेसु संखसहस्समेत्तट्ठिदिबंधगब्भेसु वोलीणेसु तदो अणियट्टिगुणट्ठाणस्स चरिमसमयमेसो गुणट्ठाणाहिमुहो होदूण समट्ठिदो त्ति जाणावणट्ठमुत्तरसुत्तणिद्देसो—

* तदो ठिदिबंधसहस्सेसु गदेसु चरिमसमयमणियट्टी जादो।

§ २०३. सुगमं। संपहि एत्थतणट्ठिदिबंधपमाणावहारणट्ठमिदमाह—

* चरिमसमयअणियट्टिस्स ठिदिबंधो सागरोवमसदसहस्सपुधत्त-कोडीए[1]।

§ २०४. चढमाणाणियट्टिपढमसमयट्ठिदिबंधपडिभागेणेत्थ सागरोवमसदसहस्स-पुधत्तमेत्तपयदट्ठिदिबंधसिद्धीए विप्पडिसेहाभावादो।

आदि जीवोंके समान स्थितिबन्ध हो जाता है इस बातका कथन करनेके लिये आगेके सूत्रका अभ्यास करते हैं—

* इस प्रकार क्रमसे द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और असंज्ञी जीवोंके स्थितिबन्धके समान स्थितिबन्ध हो जाता है।

§ २०२. इस सूत्रका अर्थ स्पष्ट है। इस प्रकार इस क्रमसे जिसमें संख्यात हजार स्थिति-बन्ध अन्तर्निहित हैं ऐसे अनिवृत्तिकरणके शेष बहुभागोंके व्यतीत होनेपर तदनन्तर अधस्तन गुणस्थानके अभिमुख हुआ यह जीव अनिवृत्तिकरणके अन्तिम समयमें स्थित होता है इस बातका ज्ञान करानेके लिये आगेके सूत्रका निर्देश करते हैं—

* तत्पश्चात् हजारों स्थितिबन्धोंके बीत जानेपर यह जीव अन्तिम समयवर्ती अनिवृत्तिकरण हो जाता है।

§ २०३. यह सूत्र सुगम है। अब यहाँ सम्बन्धी स्थितिबन्धके प्रमाणका अवधारण करनेके लिए आगेके सूत्रको कहते हैं—

* अन्तिम समयवर्ती अनिवृत्तिकरण संयतके एक कोटी सागरोपमके भीतर एक लाखपृथक्त्व सागरोपमप्रमाण स्थितिबन्ध होता है।

§ २०४. चढ़नेवाले अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयसम्बन्धी स्थितिबन्धके प्रतिभागके अनुसार यहाँपर अर्थात् उतरनेवाले अनिवृत्तिकरणके अन्तिम समयमें एकलाख पृथक्त्व सागरोपमप्रमाण स्थितिबन्धकी सिद्धि होनेमें निषेधका अभाव है।

---

१. ता०प्रतौ—मंती कोडाकोडीए इति पाठः।

*** से काले अपुव्वकरणं पविट्ठो ।**

§ २०५. सुगमं ।

*** ताधे चेव अप्पसत्थउवसामणाकरणं णिधत्तीकरणं णिकाचणाकरणं च उग्घाडिदाणि ।**

§ २०६. कुदो ? एदेसिं करणाणमणियट्टिकरणपाहम्मेण पुव्वमुवसंतभावेण परिणदाणमेण्हिमपुव्वकरणपवेसाणंतरमेव पुणरुप्पत्तीए पडिबंधाभावादो[1] ।

*** ताधे चेव मोहणीयस्स णवविहबंधगो जादो ।**

§ २०७. कुदो ? हस्सरदिभयदुगुंछाणमेत्थ परिणामविसेसमस्सियूण बंधसत्तीए पुणरुप्पत्तदंसणादो ।

*** ताधे चेव हस्सरदिअरदिसोगाणमेक्कदरस्स संघादस्स य उदीरगो सिया भयदुगुंछाणमुदीरगो ।**

§ २०८. छण्हमेदेसिं णोकसायाणमुदयपरिणामो समयाविरोहेणेत्थ पुणो वि पवुत्तो त्ति वुत्तं होइ । सुगममण्णं ।

*** तदो अपुव्वकरद्धाए संखेज्जदिभागे गदे तदो परभवियणामाणं बंधगो जादो ।**

*** तदनन्तर समयमें यह जीव अपूर्वकरणमें प्रविष्ट होता है ।**

§ २०५. यह सूत्र सुगम है ।

*** उसी समय अप्रशस्त उपशामनाकरण, निधत्तीकरण और निकाचनाकरण पुनः प्रारम्भ हो जाते हैं ।**

§ २०६. क्योंकि अनिवृत्तिकरणके माहात्म्यवश पहले उपशान्त भावसे परिणत हुए इन करणोंकी इस समय अपूर्वकरणमें प्रवेश करनेके समय ही पुनः उत्पत्ति होनेमें प्रतिबन्धका अभाव है ।

*** उसी समय नौ प्रकारके मोहनीय कर्मका बन्धक हो जाता है ।**

§ २०७. क्योंकि परिणाम विशेषका आश्रय करके हास्य, रति, भय और जुगुप्साकी यहाँपर, बन्धशक्तिकी पुनः उत्पत्ति देखी जाती है ।

*** उसी समय हास्य-रति तथा अरति-शोक इनमेंसे किसी एक युगलका उदीरक होता है तथा भय और जुगुप्सा इनमेंसे किसी एकका या दोनोंका कदाचित् उदीरक होता है ।**

§ २०८. इन छह नोकषायोंका उदयपरिणाम समयके अविरोधपूर्वक यहाँ पुनः प्रवृत्त हुआ यह उक्त कथनका तात्पर्य है । अन्य कथन सुगम है ।

*** तत्पश्चात् अपूर्वकरणके संख्यातवें भागके व्यतीत होनेपर वहाँसे परभव-सम्बन्धी नामकर्मकी प्रकृतियोंका बन्धक होता है ।**

---

१. ता०प्रतौ पडिबंधभावादो इति पाठः ।

§ २०९. ओदरमाणापुव्वकरणद्धाए [illegible] परभवियणामाणं देवगदिपंचिंदियजादिआदीणं परिणामविसेसमस्सियूण बंधपारंभो जादो त्ति भणिदं होइ।

* तदो ट्ठिदिबंधसहस्सेहिं गदेहिं अपुव्वकरणद्धाए संखेज्जेसु भागेसु गदेसु णिद्दापयलाओ बंधइ।

§ २१०. ओदरमाणापुव्वकरणपढमसत्तमभागचरिमसमए परभवियणामाणं बंधे जादे तत्तो उवरिं पुणो वि पंचसत्तमभागे गमिय छट्ठसत्तमभागचरिमसमए दोण्हमेदासिं पयडीणं बंधपारंभो जादो त्ति सुत्तत्थसंगहो।

* तदो संखेज्जेसु ट्ठिदिबंधसहस्सेसु गदेसु चरिमसमयअपुव्वकरणं पत्तो।

§ २११. णिद्दापयलाणं बंधपारंभे जादे तत्तो उवरि पुणो वि संखेज्जसहस्सेसु ट्ठिदिबंधगब्भे चरिमसत्तमभागे समइक्कंते चरिमसमयापुव्वकरणभावमेसो संपत्तो त्ति सुत्तत्थो। ताधे पुण ट्ठिदिबंधपमाणमंतोकोडाकोडीए सागरोवमकोडिसदसहस्सपुधत्तं, ट्ठिदिबंधप्पाबहुअं च पुव्वं व दट्ठव्वं। संव्वस्सेव ओदरमाणयस्स णत्थि ट्ठिदिघादो अणुभागघादो वा। गुणसेडी पुण गलिदसेसायामेण पडिसमयमसंखेज्जगुणहाणीए अइक्कंतविसये सव्वत्थ पयट्टदि त्ति घेत्तव्वं।

---

§ २०९. उतरनेवाले अपूर्वकरणके कालमें सातवाँ भागमात्र उतरे हुए जीवके परभवसम्बन्धी देवगति, पञ्चेन्द्रियजाति आदि नामकर्मकी प्रकृतियोंके परिणामविशेषका आलम्बन करके बन्धका प्रारम्भ हो जाता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

* तत्पश्चात् हजारों स्थितिबन्धोंके व्यतीत होनेके साथ अपूर्णकरणके कालके संख्यात बहुभागप्रमाण कालके बीतनेपर निद्रा और प्रचलाका बन्ध प्रारम्भ करता है।

§ २१०. उतरनेवाले अपूर्वकरणके प्रथम सातवें भागके अन्तिम समयमें परभवसम्बन्धी नामकर्मकी प्रकृतियोंके बन्ध होने लगनेपर पश्चात् फिर भी पाँच बटे सात भागको बिताकर छठवें भागके अन्तिम समयमें इन दोनों प्रकृतियोंका बन्ध प्रारम्भ हो जाता है यह इस सूत्रका समुच्चयार्थ है।

* तत्पश्चात् हजारों स्थितिबन्धोंके बीतनेपर अपूर्वकरणके अन्तिम समयको प्राप्त होता है।

§ २११. निद्रा, प्रचलाका बन्ध प्रारम्भ हो जानेपर वहाँसे आगे फिर भी संख्यात हजार स्थितिबन्धगर्भित अन्तिम सातवें भागके बीत जानेपर यह जीव अपूर्वकरणके अन्तिम समयको प्राप्त होता है यह इस सूत्रका अर्थ है। उस समय स्थितिबन्धका प्रमाण अन्तःकोड़ाकोड़ी सागरोपमके भीतर कोटिलक्षपृथक्त्व सागरोपमप्रमाण होता है। तथा स्थितिबन्धका अल्पबहुत्व पहलेके समान जानना चाहिये। सभी उतरनेवाले जीवोंके स्थितिघात और अनुभागघात नहीं होता है। परन्तु व्यतीत हुए स्थानमें गलितशेष आयामरूपसे गुणश्रेणि प्रत्येक समयमें असंख्यात-

*** से काले पढमसमयअधापवत्तो जादो ।**

§ २१२. तदणंतरसमए अणंतगुणहीणविसोहिपविट्ठत्तेण अप्पमत्तगुणट्ठाणमोइण्णो, पढमसमयअधापवत्तसंजदो जादो त्ति भणिदं होइ। एवमधापवत्तकरणविसयमोइण्णस्स गुणसेढिणिक्खेवो केरिसो त्ति जादारेयस्स सिस्सस्स तण्णिण्णयजणणट्ठमुत्तरसुत्तं भणदि—

*** तदो पढमसमयअधापवत्तस्स अण्णो गुणसेढिणिक्खेवो पोराणगादो णिक्खेवादो संखेज्जगुणो ।**

§ २१३. चरिमसमयापुव्वकरणेण ओवट्टिदपदेसग्गादो असंखेज्जगुणहीणं पदेसग्गमोकड्डियूण अधापवत्तसंजदगुणसेढिमेसो करेमाणो जो पढमसमयसुहुमसांपराइयेण णाणावरणादिकम्माणमपुव्वाणियट्टिअद्धाहिंतो विसेसाहियायामेण णिक्खित्तो गुणसेढिणिक्खेवो पोराणिओ। तत्तो संखेज्जगुणायामेण गुणसेढिविण्णासमेसो करेदि त्ति वुत्तं होइ। कुदो एवं चे ? मंदयरविसोहीहिं सव्वत्थ गुणसेढिआयामस्स विसप्पणब्भुवगमादो। संपहि अवट्ठिदायामो एसो एदस्स गुणसेढिविण्णासो त्ति पदुप्पाएमाणो

गुणी हानिरूपसे सर्वत्र प्रवृत्त रहती है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये।

*** तदनन्तर समयमें प्रथम समयवर्ती अधःप्रवृत्तकरण संयत हो जाता है।**

§ २१२. तदनन्तर समयमें अनन्तगुणी हीन विशुद्धिके होनेसे अप्रमत्त गुणस्थानमें उतरकर प्रथम समयवर्ती अधःप्रवृत्त संयत हो जाता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इस प्रकार अधःप्रवृत्तकरण गुणस्थानमें अवतीर्ण हुए इस जीवके गुणश्रेणिनिक्षेप किस प्रकारका होता है इस प्रकारकी जिसे शंका उत्पन्न हुई ऐसे शिष्यके प्रति उसका निर्णय करनेके लिये आगेके सूत्रका अवतार हुआ है—

*** तब अधःप्रवृत्त संयतके प्रथम समयमें पुराने गुणश्रेणिनिक्षेपसे संख्यातगुणा बड़ा अन्य गुणश्रेणिनिक्षेप होता है।**

§ २१३. अपूर्वकरण परिणामोंके द्वारा उसके अन्तिम समयमें अपकर्षित किये गये प्रदेशपुंजसे असंख्यातगुणे हीन प्रदेशपुंजका अपकर्षण करके अधःप्रवृत्तसंयत गुणश्रेणिको करता हुआ यह जीव, प्रथमसमयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक जीवने ज्ञानावरणादि कर्मोंका अपूर्ण-अनिवृत्ति कालसे विशेष अधिक आयामवाले जो पुराने गुणश्रेणिनिक्षेपकी रचना की थी, उससे संख्यातगुणे आयामवाले गुणश्रेणिकी रचना यह करता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

शंका—ऐसा किस कारणसे करता है ?

समाधान—क्योंकि मन्दतर विशुद्धिके कारण सर्वत्र गुणश्रेणिआयाम उत्तरोत्तर बड़ा स्वीकार किया गया है।

अब इस जीवके यह गुणश्रेणिनिक्षेप अवस्थित आयामवाला होता है इस बातका कथन

ताव पुव्विल्लस्स गुणसेढिणिक्खेवस्स गलिदसेसायामेणाणवट्ठिदभावावहारणट्ठमुपरिम-सुत्तमाह—

*** जाव चरिमसमयअपुव्वकरणादो त्ति सेसे सेसे णिक्खेवो ।**

§ २१४. ओदरमाणसुहुमसांपराइयपढमसमयमादिं कादूण जाव चरिमसमय-अपुव्वकरणो त्ति ताव एदम्मि अंतरे जो गुणसेढिणिक्खेवो णाणावरणादिकम्माणं पवुत्तो सो गलिदसेसायामो चेव । सेसे सेसे तत्थ णिक्खेवणियमदंसणादो त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थसमुच्चओ । णवरि मोहणीयस्स सुहुमसांपराइयपयडिं केत्तियं पि कालमवट्ठिदाणवट्ठिदसरूवेण गुणसेढिणिक्खेवो होदूण तदो गलिदसेसायामेण णाणा-वरणादिकम्मेहिं सरिसायामो जादो त्ति वत्तव्वं, तिसु उदएसु वड्ढिदूण तत्थावट्ठिद-गुणसेढिणिक्खेवस्स पवुत्तिदंसणादो । तं कथं ? सुहुमसांपराइयद्धाए सव्वत्थावट्ठिद-गुणसेढिणिक्खेवो होदूण पुणो कइयगदं लोभमोकड्डेमाणस्स एगवारं वड्ढिदूण पुणो अवट्ठिदो जादो जाव लोभवेदगदद्धाचरिमसमओ त्ति । पुणो मायामोकड्डिदे माणस्स विदियवारं वड्ढिदूणावट्ठिदो जादो जाव सगवेदकालचरिमसमओ त्ति । तदो माणमोकड्डमाणस्स तदियवारं वड्ढिदूण पुणो तत्तियमेत्तो चेव जाव सगवेद-

---

करते हुए सर्वप्रथम पहलेके गुणश्रेणिनिक्षेपके गलितशेष आयामरूपसे अवस्थितपनेका अवधारण करनेके लिये आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** अपूर्वकरणके अन्तिम समयतक उत्तरोत्तर शेष-शेषमें निक्षेप होता है ।**

§ २१४. उतरनेवाले सूक्ष्मसाम्परायिक जीवके प्रथम समयसे लेकर अपूर्वकरणके अन्तिम समयतक तो इस कालके भीतर ज्ञानावरणादि कर्मोंका जो गुणश्रेणिनिक्षेप प्रवृत्त होता है वह गलितशेष आयामवाला ही होता है, क्योंकि प्रत्येक समयमें जितनी-जितनी गुणश्रेणिरचना शेष रहती जाती है उसीमें निक्षेपका नियम देखा जाता है यह यहाँ इस सूत्रका समुच्चयरूप अर्थ है। इतनी विशेषता है कि मोहनीयकर्मका सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानसे लेकर कितने ही कालतक अवस्थित-अनवस्थित रूपसे गुणश्रेणिनिक्षेप होकर तत्पश्चात् गलितशेष आयामके द्वारा ज्ञाना-वरणादिक कर्मोंके सदृश आयामवाला हो जाता है ऐसा कहना चाहिये, क्योंकि तीनों ही गुणस्थानोंमें बढ़कर वहाँ अवस्थित गुणश्रेणिनिक्षेपकी प्रवृत्ति देखी जाती है।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—सूक्ष्मसाम्परायिकके कालमें सर्वत्र अवस्थित गुणश्रेणिनिक्षेप होकर पुनः स्पर्धकगत लोभका अपकर्षण करनेवालेके एक बार बढ़कर लोभवेदककालके अन्तिम समयतक पुनः अवस्थित हो जाता है। पुनः मायाका अपकर्षण करनेपर मानका दूसरी बार बढ़कर अपने वेदककालके अन्तिम समय तक अवस्थित हो जाता है। तदनन्तर मानका अपकर्षण करनेवालेके तीसरी बार बढ़कर अपने वेदककालके अन्तिम समयतक पुनः उतना ही हो जाता है। पुनः क्रोधसंज्वलनका अपकर्षण करनेपर चौथी बार बढ़कर वहाँसे लेकर उतरनेवाले अपूर्वकरणके

गद्धाचरिमसमओ त्ति। पुणो कोहसंजलणे ओकड्डिदे चउत्थवारं वड्ढियूण तत्तो प्पहुडि गलिदसेससरूवेणागदो जाव ओदमाणापुव्वकरणचरिमसमओ त्ति। संपहि एवंविहपोराणगुणसेढिणिक्खेवमुल्लंघियूण संखेज्जगुणवड्ढीए वड्ढमाणो एसो पढमसमयअधापवत्तकरणो विदियादिसमएसु अवट्ठिदायाममेव गुणसेढिणिक्खेवं रएइ त्ति पदुप्पाएमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

* जो पढमसमयअधापवत्तकरणे णिक्खेवो सो अंतोमुहुत्तिओ तत्तिओ चेव।

§ २१५. जाव अंतोमुहुत्तं ताव णियमा एसो अंतोमुहुत्तायामो होदूणावट्ठिदो चेव होदि, तत्थ वड्ढिहाणीणं कारणाणुवलंभादो त्ति भणिदं होदि। पदेसग्गेण पुण णियमा हायमाणो गच्छदि, अणंतगुणहाणीए ओहट्टमाणपरिणामम्मि पयारंतरासंभवादो। एवमंतोमुहुत्तकालमवट्ठिदं कादूणेदं परूविय संपहि तत्तो परं गुणसेढिणिक्खेवो अवट्ठिदायामो भजियव्वो त्ति जाणावेमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

* तेण परं सिया वड्ढदि सिया हायदि सिया अवट्ठायदि।

§ २१६. अधापवत्तकरणपढमसमयप्पहुडि अंतोमुहुत्तकालमवट्ठिदायामेण गुणसेढिणिक्खेवं काढूण तत्तो परं गुणसेढिणिक्खेवायामस्स वड्ढिहाणिअवट्ठाणाणमण्णदरपज्जाएण परिणमदि त्ति वुत्तं होदि। एदस्स भावत्थो—सत्थाणसंजदो होदूण

अन्तिम समयतक गलितशेष आयामरूपसे होता है।

अब इस प्रकारके पुराने गुणश्रेणिनिक्षेपको उल्लंघन कर संख्यात गुणवृद्धिसे वृद्धिको प्राप्त होता हुआ यह प्रथम समयवर्ती अपूर्वकरण जीव द्वितीयादि समयोंमें अवस्थित आयामरूप गुणश्रेणिनिक्षेपकी ही रचना करता है इस बातका कथन करते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

* अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें जो निक्षेप होता है वह अन्तर्मुहूर्तप्रमाण होकर उतना ही रहता है।

§ २१५. अन्तर्मुहूर्त कालतक यह नियमसे अन्तर्मुहूर्त आयामवाला होकर अवस्थित ही रहता है, क्योंकि वहाँ वृद्धि और हानिका कारण नहीं पाया जाता यह उक्त कथनका तात्पर्य है। परन्तु प्रदेशपुंजकी अपेक्षा नियमसे उत्तरोत्तर घटकर कम होता जाता है, क्योंकि अनन्तगुणहानिरूपसे घटनेवाले परिणामोंके होते हुए दूसरा प्रकार सम्भव नहीं है। इस प्रकार अन्तर्मुहूर्त कालकी मर्यादापूर्वक इसका कथन करके अब उससे आगे गुणश्रेणिनिक्षेप अवस्थित आयामरूप विकल्पसे होता है इस बातका ज्ञान कराते हुए आगेका सूत्र कहते हैं—

* उससे आगे गुणश्रेणिनिक्षेप आयाम कदाचित् बढ़ता है, कदाचित् घटता है और कदाचित् अवस्थित रहता है।

§ २१६. अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयसे लेकर अन्तर्मुहूर्त कालतक अवस्थित आयामरूप गुणश्रेणिनिक्षेप करके उससे आगे गुणश्रेणिनिक्षेपका आयाम वृद्धि, हानि और अवस्थानरूपसे परिणमता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इसका भावार्थ इस प्रकार है—

पमत्तापमत्तगुणट्ठाणेसु अच्छमाणो अवट्ठिदायामं चेव गुणसेढिणिक्खेवं कुणइ। संजमासंजमं पडिवज्जमाणो संखेज्जगुणवड्ढीए वड्ढिदूण गुणसेढिणिक्खेवं णिक्खिवदि। अधाणियट्ठिदूण पुणो वि समयाविरोहेण उवसमसेढिं खवगसेढिं वा चडदि तो पुव्विल्लगुणसेढिसीसयादो हेट्ठा संखेज्जगुणहाणीए हाइदूण गुणसेढिणिक्खेवमेसो करेदि त्ति। एदं च सव्वं गुणसेढिणिक्खेवस्सायामं पडुच्च भणिदं। पदेसग्गं पेक्खियण पुण वड्ढिहाणिअवट्ठाणाणं विसयविभागो जाणिय जोजेयव्वो, अंतोमुहुत्तकालमेयंतेण परिहाइदूण तत्तो परं सत्थाणसंजदभावे वट्टमाणस्स संकिलेस-विसोहिवसेण वड्ढिहाणि-अवट्ठाणाणं संभवं पडि विप्पडिसेहाभावादो।

* पढमसमयअधापवत्तकरणे गुणसंकमो वोच्छिण्णो। सव्वकम्माण-मधापवत्तसंकमो जादो। णवरि जेसिं विज्झादसंकमो अत्थि तेसिं विज्झादसंकमो चेव।

§ २१७. जेसिं बंधो अत्थि तेसिमधापवत्तसंकमो, जेसिं बंधो णत्थि णवुंसय-वेदादीणमप्पसत्थकम्माणं तेसिं विज्झादसंकमो एत्तो पाए पयट्टदि त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थसब्भावो।

* उवसामगस्स पढमसमयअपुव्वकरणप्पहुडि जाव पडिवदमाण-गस्स चरिमसमयअपुव्वकरणो त्ति, तदो एत्तो संखेज्जगुणं कालं पडि-

---

स्वस्थान संयत होकर प्रमत्तसंयत और अप्रमत्तसंयत गुणस्थानोंमें परिवर्तन करते हुए अवस्थित आयामवाले गुणश्रेणिनिक्षेपको ही करता है। संयमासंयमको प्राप्त होता हुआ संख्यात गुणवृद्धिरूप वृद्धि करके गुणश्रेणिनिक्षेपका निक्षेपण करता है। नीचे न गिरकर फिर भी आगमानुसार उपशमश्रेणि अथवा क्षपकश्रेणिपर चढ़ता है तो पहलेके गुणश्रेणिशीर्षसे नीचे संख्यात गुणहानिरूपसे घटाकर यह जीव गुणश्रेणिनिक्षेपको करता है। यह सब गुणश्रेणिनिक्षेपके आयामकी अपेक्षा कहा है। प्रदेशपुंजकी अपेक्षा तो वृद्धि, हानि और अवस्थानके विषय विभागको जानकर योजना करनी चाहिये, क्योंकि अन्तर्मुहूर्त कालतक एकान्तसे घटाकर उसके बाद स्वस्थान संयत-रूपसे विद्यमान हुए जीवके संक्लेश और विशुद्धिके कारण वृद्धि, हानि और अवस्थान होनेके प्रति कोई निषेध नहीं है।

* अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें गुणसंक्रम विच्छिन्न होकर सब कर्मोंका अधःप्रवृत्तसंक्रम होने लगता है। इतनी विशेषता है कि जिनका विध्यातसंक्रम होता है उनका विध्यातसंक्रम ही होता है।

§ २१७. जिन कर्मोंका बन्ध होता है उनका अधःप्रवृत्त संक्रम होता है और जिन नपुंसक-वेद आदि अप्रशस्त कर्मोंका बन्ध नहीं होता उनका यहांसे लेकर विध्यातसंक्रम प्रवृत्त होता है यह यहाँ इस सूत्रका अर्थ है।

* चढ़नेवाले उपशामकके प्रथम समयसे लेकर गिरनेवाले उसीके अपूर्वकरणके अन्तिम समय तक जो कालका योग होता है उससे संख्यातगुणे कालतक लौटा हुआ

णियत्तो अधापवत्तकरणेण उवसमसम्मत्तद्धमणुपालेदि ।

